स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, सोमवार
3 अगस्त, 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 5
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 342 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

श्रीलंका दौरे से पहले भारत को बड़ा झटका, बुमराह टेस्ट सीरीज से बाहर



# नशे का व्यापार दुश्मन देशों के आतंकी एजेंडे का हिस्सा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 28 हजार से ज्यादा जगहों से जुड़े मेरे एक करोड़ से ज्यादा युवा

- पीएम ने किया नशा मुक्त युवा अभियान का आगाज
- कहा हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरों को समझें और हर तरह से जागरूक रहें

साथियों का अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मन देश भारत में ड्रग्स भेजकर और युवाओं को निशाना बनाकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने अवैध ड्रग्स के कारोबार को दुश्मन के 'आतंकवादी एजेंडे' का हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने कहा, 'आज जब देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, तो इसके लिए जरूरी है देश का युवा तन-मन से स्वस्थ हो और आत्मविश्वास से भरपूर हो। इसके साथ ही ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा दूर ही रहे। यही






इस अभियान का उद्देश्य है। हम सबको ये संकल्प लेना है कि हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरों को समझें और हर तरह से जागरूक रहें।' प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'कुछ काम ऐसे होते हैं, जो व्यक्तिगत रूप से कोई प्रयास करे तो कभी-कभी निराश हो जाता है, थकान महसूस करता है, लंबी दूरी चलने में मन तैयार नहीं होता है, लेकिन जब सामूहिक अभियान बन जाता है और कंधे से कंधा मिलाकर करोड़ों लोग चल पड़ते हैं तो ऐसे सभी जो व्यक्तिगत रूप से अपने आप नहीं कर पाते हैं, उनको भी एक ऊर्जा मिल जाती है। आज उस ताकत को लेकर ये अभियान हर युवा मन को छूने वाला है।' उन्होंने कहा, 'आने वाले 100 रविवार 'नशा मुक्त भारत' की दिशा में 100 मजबूत कदम होंगे। आज हजारों स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लाखों विद्यार्थी इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े हैं। समाज का सहयोग, योग और ध्यान की ताकत, ये नशे के खिलाफ हमारे अन्तर्मन को ताकत देते हैं। और आज तो हमारे पास नशा छोड़ने के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर जैसी सुविधाएं भी हैं।' पीएम ने कहा, 'ड्रग्स के खिलाफ अभियान में आज सरकार भी मजबूती से युवाओं के साथ खड़ी है। देश में नशे के कारोबारियों और नशे पर सख्ती से कार्रवाई हो रही है, पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं, हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई हैं।

## सीडब्ल्यूजी : भारत चौथे नंबर पर

**ग्लासगो।** ग्लास्गो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने इतिहास रचते हुए पदक तालिका में चौथे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। 10वें दिन मुक्केबाजी, जूडो, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 16 मेडल जीते। अब भारत के खाते में अब 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य सहित कुल 39 पदक हो गए हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि इस बार भारत ने कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसे अपने मजबूत खेलों के बिना भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुक्केबाजी में रिकॉर्ड सात स्वर्ण, जूडो में पहली बार दो स्वर्ण और एथलेटिक्स में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों ने भारत के अभियान को यादगार बना दिया। भारत की सबसे बड़ी सफलता मुक्केबाजी में रही। महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी चौधरी (51 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और अंकुश (70 किग्रा) ने भी गोल्ड अपने नाम किया। लवलीना बोरगोहेन, जादूमणि सिंह और नरेंद्र बेरवाल ने रजत पदक जीतकर भारत का कुल मुक्केबाजी प्रदर्शन 10 पदकों तक पहुंचाया। जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता बने। यामिनी मौर्य ने रजत और उन्नति शर्मा ने कांस्य जीतकर भारत को इस खेल में रिकॉर्ड चार पदक दिलाए। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर में कांस्य जीतकर इतिहास रचा। वह एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में एथलेटिक्स के दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। इससे पहले वह 10,000 मीटर में रजत जीत चुके थे। वहीं प्रवीण चित्रावेल ने ट्रिपल जंप में रजत और सेल्वा प्रभु ने कांस्य पदक जीता।

| CWG | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 65 | 41 | 52 | 158 |
| इंग्लैंड | 26 | 41 | 34 | 101 |
| कनाडा | 18 | 20 | 21 | 59 |
| भारत | 13 | 17 | 9 | 39 |



## मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अलग-अलग अभियानों में पिछले 24 घंटों के दौरान प्रतिबंधित विद्रोही संगठनों से जुड़े नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनसे हथियार, गोला-बारूद व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। रविवार को पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि

- हथियार और छह आईईडी बरामद

मणिपुर पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में थोउबल, तामेंगलोंग, काकचिंग, चंदेल, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों से नौ उग्रवादियों को पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए उग्रवादी कई तरह की आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे, जिनमें अपहरण और जबरदस्ती चंदा वसूलना शामिल है। उग्रवादी संगठन रंगदारी के लिए अक्सर चंदा शब्द का इस्तेमाल करते हैं।सुरक्षाकर्मियों ने पकड़े गए उग्रवादियों के पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज, चंदे की रसीदें, कैश, प्रतिबंधित संगठनों की मुहरें और लेटरहेड, बाओफेंग कम्युनिकेशन हैंडसेट और कई अन्य चीजें बरामद की। पकड़े गए उग्रवादी प्रतिबंधित संगठनों में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और उसके पॉलिटिकल विंग रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ) नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग और पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक से जुड़े हैं।

### यूपी विधानमंडल सत्र कल से

## सदन के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में सोमवार से शुरू हो रहे विधानमंडल के सत्र को लेकर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी दलों के साथ

- सीएम योगी रहे मौजूद

सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चलाने के लिए सहमति बनाने का प्रयास किया गया। बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री



सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर सत्ता पक्ष की तरफ से मौजूद रहे। वहीं, विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, लोकदल के नेता राजपाल बालियान, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल से कुंवर रघुराज प्रताप सिंह मौजूद रहे। बैठक में सभी विपक्षी दलों से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को सुचारुरूप ढंग से चलाने की अपील की। वहीं, कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा के संचालन की रूपरेखा बनी। चार दिन चलने वाले विधानमंडल सत्र में कई विधायी कार्य पूरे किए जाएंगे।

## नीट यूजी 2026 काउंसलिंग का शेड्यूल जारी


**नई दिल्ली।** मेडिकल की पढ़ाई का सपना देख रहे नीट-यूजी 2026 अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी

- चार अगस्त से शुरू होगी प्रक्रिया
- आठ सितंबर से नए सत्र की शुरुआत

(एमसीसी) ने एमबीबीएस और अन्य स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसलिंग का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार ऑल इंडिया कोटा की पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी, जबकि 2026-27 का नया शैक्षणिक सत्र 8 सितंबर से आरंभ होगा। एमसीसी के अनुसार, डीम्ड और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगी। इस राउंड में सीट आवंटित होने वाले अभ्यर्थियों को 22 अगस्त तक संबंधित संस्थान में रिपोर्ट कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद दूसरे चरण की काउंसलिंग 24 अगस्त से 2 सितंबर तक, तीसरे चरण की काउंसलिंग 10 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वहीं, स्ट्रे वैकेंसी राउंड 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगा।

## पाकिस्तान बिकता नहीं, किराए पर चलता है : रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की दोहरी विदेश नीति और आतंकवाद को लेकर उसके रवैये पर अमेरिका में फिर सवाल उठे हैं। अमेरिकी पत्रिका



'द नेशनल इंटरेस्ट' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका वर्षों से यह गलती करता रहा कि वह पाकिस्तान को 'खरीद' सकता है, जबकि वास्तविकता यह है कि इस्लामाबाद किसी एक पक्ष का स्थायी सहयोगी नहीं, बल्कि अपने हितों के अनुसार किराए पर उपलब्ध रहने वाली शक्ति की तरह व्यवहार करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के लिए पाकिस्तान की यही नीति कभी-कभी रणनीतिक फायदा भी देती है, जबकि चीन को इस स्थिति से मजबूरी में समझौता करना पड़ रहा है। रिपोर्ट में ईरान-अमेरिका संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान ने दोनों देशों से रिश्ते बनाए रखते हुए युद्धविराम कराने में भूमिका निभाई, जिससे कुछ समय के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुल सका। रिपोर्ट का दावा है कि फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी यह भूमिका नहीं निभा सकते थे और यह काम केवल संतुलन साधने वाला देश ही कर सकता था। रिपोर्ट में पाकिस्तान की

- अमेरिका को बेवकूफ बना रहा पाक

इसी रणनीति का दूसरा उदाहरण जून 2025 में अजरबैजान के साथ हुए करीब 4.6 अरब डॉलर के रक्षा समझौते को बताया गया। इसके तहत पाकिस्तान 40 जेएफ-17 लड़ाकू विमान अजरबैजान को देगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह विमान चीनी डिजाइन, रूसी इंजन और पाकिस्तानी निर्माण का मिश्रण है, जिससे इस्लामाबाद चीन के साथ अपने संबंधों का आर्थिक लाभ भी उठा रहा है।

### सांसद पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा, सांसद ने कहा-

## चाकू से हमले की कोशिश की गई

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामे की खबर सामने आ रही है। सांसद पप्पू यादव के साथ कथित तौर पर धक्कामुक्की और मारपीट की गई। इसके बाद पप्पू यादव के समर्थकों ने भी कथित तौर पर उस व्यक्ति की पिटाई की, जिसने दिल्ली स्थित उनके आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हमला करने की कोशिश की थी। सांसद पप्पू यादव ने कहा, मेरे घर में किसी ने घुसकर हमला किया। क्या अब लोग हमसे मिलने भी नहीं आ सकते? चाकू लेकर मारने आया। पप्पू यादव ने दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। लेकिन वह बच गए। उन्होंने कहा कि कुछ बाबा लगातार धमकी दे रहे थे कि 'मुझे मार दो, जला दो, हम 51 लाख रुपये देंगे।' उन्होंने कहा कि उन्होंने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।



## कॉलेजियम : जस्टिस भुइयां ने पारदर्शिता पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्च अदालतों में जजों की नियुक्ति करने वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की प्रणाली पर शीर्ष अदालत के वरिष्ठ न्यायाधीश

- कहा- जज को क्यों चुना, नहीं बताना बाकी के लिए अन्याय

जस्टिस उज्जल भुइयां ने ही सवाल उठाए हैं। जस्टिस भुइयां ने कहा कि कॉलेजियम की सिफारिशों में जज के चयन का कारण नहीं बताना, अच्छा काम करने वाले जजों के साथ अन्याय है। यह प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी को भी दर्शाता है। जस्टिस भुइयां ने कानूनी थिंक टैंक विधि की रिपोर्ट के विमोचन पर चर्चा के दौरान कहा, मैंने देखा है कि पिछले तीन कॉलेजियम प्रस्तावों में सिफारिशों के पीछे के कारण नहीं बताए गए। उन्होंने पूछा, क्या कारण न बताना पारदर्शिता के सिद्धांत से पीछे हटने जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों व पदोन्नति के कारण उजागर न करने से अयोग्य उम्मीदवारों को न्यायपालिका में प्रवेश करने का मौका मिलता है। कॉलेजियम की पिछली कुछ सिफारिशें एक ही ढर्रे पर नजर आती हैं। जस्टिस भुइयां ने कहा, न्यायपालिका में जनता का विश्वास बनाए रखने और असांविधानिक सोच वाले लोगों को सिस्टम में आने से रोकने के लिए जरूरी है कि सिफारिशों पर खुली चर्चा हो। कारण न बताकर कॉलेजियम उन कई जजों के साथ अन्याय करती है जो वास्तव में उत्कृष्ट हैं। जस्टिस भुइयां ने कोर्ट कार्यवाही के सीधे प्रसारण का समर्थन किया। उन्होंने इसे बीते दशक का सबसे पारदर्शी विकास करार दिया। उन्होंने कहा कि अदालतों का जनता के लिए खुला होना जरूरी है। इससे न्याय प्रणाली में लोगों का विश्वास मजबूत होता है।

## 12 अगस्त को लगेगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष की दुनिया में दिलचस्पी रखने वालों के लिए इस साल अगस्त का महीना बेहद रोमांचक होने वाला है। आसमान में एक ऐसी खगोलीय घटना घटने जा रही है, जिसका इंतजार दुनिया भर के वैज्ञानिक और खगोल प्रेमी बेसब्री से कर रहे हैं। 12 अगस्त को सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा कुछ इस तरह आएगा कि तेज धूप वाले दिन में ही अचानक रात जैसा घना अंधेरा छा जाएगा। सबसे खास बात यह है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में प्रकृति का यह दुर्लभ और अद्भुत नजारा पूरे एक सदी यानी 100 साल बाद देखने को मिलेगा। इस पूर्ण सूर्य ग्रहण को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह स्पेन में देखा जा रहा है।

## बारामूला में ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एमपी-5 पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, मैगजीन, मोबाइल फोन और बैग बरामद हुआ है। मामले में शिरी थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षाबलों ने रविवार को जंदफरन-गोरिवान क्रॉसिंग पर नाकेबंदी की थी। इसमें 46 राष्ट्रीय राइफल्स, एसओजी बारामूला, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन और बीएसएफ की 112वीं बटालियन शामिल थी। जांच के दौरान गोरिवान की ओर से आ रहा एक संदिग्ध नाकेबंदी देखकर भागने लगा। जवानों ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

## मेरठ में पकड़ी गई अवैध पुलिस चौकी

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी पुलिस ने टीपीनगर थाना क्षेत्र के मोहकमपुर में कार्यालय की आड़ में अवैध पुलिस चौकी चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। इससे जुड़े लोग खुद को सीओ, एसएचओ और दरोगा बताकर लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं उस कार्यालय को पुलिस चौकी साबित करने के लिए वहां वॉकी टॉकी, नेम प्लेट और वर्दी भी रखी जाती थी। इस मामले में फर्जी एसएचओ और दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।एक डेयरी संचालक की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। आरोपियों के गिरोह में शामिल शशांक शर्मा ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर डेयरी संचालक को जाल में फंसाया।




## 'अब न रहे वे पीनेवाले, अब न रही वह मधुशाला!'

सोच, विचार, मानसिकता, संस्कार और संस्कृति के मामले में पीढ़ियों के बीच अंतर्द्वन्द्व, खींचतान और असहिष्णुता की ओर इशारा करते हुए हरिवंशराय बच्चन साहब ने अपनी कालजयी रचना 'मधुशाला' में लिखा है कि– 'अपने युग में सबको अनुपम ज्ञात हुई अपनी हाला / अपने युग में सबको अदभुत ज्ञात हुआ अपना प्याला / फिर भी वृद्धों से जब पूछा एक यही उत्तर पाया / अब न रहे वे पीनेवाले, अब न रही वह मधुशाला!'

शायद तभी जेन–ज़ी यानी जूमर्स कहलाने वाले आधुनिक युग के युवाओं की भाषा-शैली और शब्दावली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कल्चरल शॉक' का नाम देते हुए इसमें बदलाव और सुधार की आवश्यकता जताई है। लेकिन क्या उन्हें पता नहीं है कि उनके ही निर्वाचन क्षेत्र काशी में होली से पूर्व आयोजित होने वाले सार्वजनिक 'सांस्कृतिक' कवि सम्मेलन में देश के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ और वरिष्ठ-गरिष्ठ कविवृंद भी किन शब्दों, उपमाओं और भावों वाली कविताएं प्रस्तुत करते रहे हैं? उसमें नेताओं, नौकरशाहों, गणमान्यों और संस्थाओं-विभागों के लिए हास्य–व्यंग्य के नाम पर जिस भाषा-शैली का प्रयोग किया जाता है उसके सामने जंतर–मंतर पर जूमर्स द्वारा इस्तेमाल की गई शब्दावली तो कुछ भी नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि हिंदी पट्टी के तमाम प्रदेशों में त्योहारों और शुभ अवसरों पर परिवार–समाज में गाए जानेवाले कई लोकगीतों के बोलों और भावों के सामने भी जूमर्स की भाषा-शैली वाकई बच्चों जैसी ही लगती हैं। यहां तक कि मौजूदा दौर की फिल्मों और ओटीटी सीरीज में धड़ल्ले से जिन शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है उसकी तुलना में भी जूमर्स द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द बेहद साधारण और सामान्य ही हैं। अलबत्ता जूमर्स द्वारा प्रयुक्त 'अस्वीकार्य' शब्दावली से कहीं अधिक अश्लील और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल तो समाज में यत्र-तत्र-सर्वत्र हो रहा है। लिहाजा ऐसा लगता है कि जूमर्स की भाषा-शैली या शब्दावली से कहीं अधिक खीझ इस बात की है कि जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप भी 'फादर ऑफ इंडिया' बता चुके हैं उनकी शान में गुस्ताखी करने की किसी की हिम्मत कैसे हुई और ऐसा करने वालों में कच्ची उम्र की बच्चियां भी कैसे बढ़–चढ़कर शामिल हो गईं?

वैसे अब इस पूरे प्रकरण पर सामने आ रही रूढ़िवादियों और परंपरावादियों की प्रतिक्रियाओं ने समाज के उस पाखंड को सामने ला दिया है जिसके तहत हर हाल में तमाम संस्कार, संस्कृति, मर्यादा और शुचिता की अपेक्षाएं महिलाओं और युवाओं पर लादकर उसके अनुपालन के अनुपात में ही उनके व्यक्तित्व और चरित्र का निर्धारण किया जाता रहा है। हालांकि जूमर्स ने बाकायदा सड़क पर उतर कर पूर्ववर्ती पीढ़ियों की सांस्कृतिक अपेक्षाओं के प्रति जिस उच्छृंखलता और बेबाकी के साथ घोर उपेक्षा का भाव दर्शाया है वह किसी भी सभ्य, सुसंस्कृत और मर्यादित समाज में कतई अनुकरणीय या स्वीकार्य नहीं हो सकता है। लेकिन इसके लिए सिर्फ जूमर्स पर ही दोषारोपण करते हुए कुछ गिने–चुने चिन्हित चेहरों को कठोरतापूर्वक शालीनता और मर्यादा का पाठ पढ़ाने के बजाय आवश्यक है कि मूल्यों के स्खलन पर हर स्तर पर चिंतन एवं आत्मावलोकन हो और हर व्यक्ति, हर परिवार, हर संस्था और पूरा समाज इसके लिए आचार, विचार और व्यवहार में सुधार और आवश्यक प्रतिकार की सामूहिक जिम्मेदारी स्वीकार करे।

अलबत्ता, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई पूरे मामले पर मिट्टी डालकर आगे बढ़ने की अपील को अनसुना करते हुए जूमर्स की बातों और हरकतों को नाकाबिले बर्दाश्त करार देकर कानूनी, सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के हिमायतियों को बादशाह अकबर के नवरत्नों में शामिल अब्दुर्रहीम ख़ान-ए-ख़ाना की यह समझाइश नहीं भूलनी चाहिए कि– 'क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात। कह रहीम हरि को घट्यो, जो भृगु मारी लात॥ जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।



नजर और नजरिया - नवकांत ठाकुर

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के फाजिलनगर सब्जी मंडी से बाइक चोरी के मामले में पटहेरवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के महुअवा खुर्द निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 22 जुलाई 2026 की शाम करीब 8.15 बजे अपनी मोटरसाइकिल से फाजिलनगर सब्जी एवं मीठा मंडी मे सब्जी खरीदने गए थे। उन्होंने बाइक मंडी परिसर में खड़ी कर दी थी। जब सब्जी खरीदकर वापिस लौटे तो बाइक गायब थी। काफी तलाश के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चला, जिससे उन्हें आशंका हुई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पटहेरवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस संबंध मे पटहेरवा एस ओ प्रविंद राय का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और वाहन की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कलश वंदन यात्रा का सिसवा में हुआ स्वागत

**सिसवा बाजार, महराजगंज (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** सन्त शिरोमणि गुरु रविदास की समरसता संकल्प अभियान के तहत सिसवा नगर सहित क्षेत्र के कई मंदिरों में सन्त रविदास की कलश वंदन यात्रा पहुची जहाँ



कलश का समरसता संकल्प यात्रा के संयोजक जिला उपाध्यक्ष आजय कुमार श्रीवास्तव व सिसवा मण्डल के कार्यकर्ताओं के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। रविवार सुबह में सिसवा के बन्दी ढाला पहुची सन्त रविदास की कलश वंदन यात्रा के फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया इसके बाद रथयात्रा हरपुर पकड़ी स्थित बहुरहवा बाबा शिव मंदिर पहुची जहाँ सिसवा विधानसभा के भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा कलश को अपने सिर पर उठाकर मंदिर परिसर ले जाया गया जहाँ पूजन अर्चन कर रथयात्रा जायसवाल नगर स्थित शिव मंदिर पहुचा जहाँ उपस्थित जनसमूह ने पूजा अर्चना किया इसके बाद प्रसिद्ध प्राचीन काली मंदिर पहुचा जहाँ मंडल अध्यक्ष भाजपा रणधीर सिंह द्वारा कलश को मंदिर परिसर ले जाया गया जहाँ मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा ने कलश का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रथ नगर के देवीनगर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर पहुची जहाँ कलश का पूजा अर्चना किया गया वहीं यात्रा के सबया हनुमान मंदिर पहुचने पर ओमप्रकाश गुप्ता जी , प्रमोद चौरसिया ,सभासद अभिमन्यु चौरसिया सहित दलित समाज के लोगों ने स्वागत वंदन किया।

### संत रविदास ने दिया समानता व मानवता का संदेश

**बस्ती (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में महादेवा विधानसभा क्षेत्र के महसो मण्डल के ग्राम पंचायत सोनूपार सें मिट्टी से भरे कलश के साथ वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम के जिला संयोजक भाजपा के जिला महामंत्री और साऊंघाट के ब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार ने बताया कि वंदन यात्रा का सोनूपार, मदारीपुर, साहूपार, सूसीपार, भरोहियाजोत, टिकरिया आदि स्थानों पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। यह यात्रा महादेवा विधानसभा क्षेत्रों के सभी मण्डलों तक जायेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता अभिषेक कुमार, महसो मण्डल अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, सुनील पांडेय, चन्द्रशेखर मुन्ना, सतीश सोनकार, राजकुमार चौधरी, शशि भूषण तिवारी, प्रमोद गिरी, रवि श्रीवास्तव, अजय ठाकुर, त्रियुगी नरायन, शिवकुमार, गोपाल, संतोष, अर्जुन कन्नौजिया के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

### ग्रापए तहसील इकाई तमकुहीराज ने की बैठक

**तमकुहीराज, कुशीनगर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई तमकुहीराज कुशीनगर बैठक सगुन मैरेज हाल में रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती एवं पत्रकार हितों पर चर्चा की गयी। मंडलीय महामंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि संगठनात्मक ढांचे की मजबूती के लिए संवादहीनता त्याज्य है और संवेदन शीलता और भावनात्मक लगाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठन के मुखिया को संगठन से जुड़े सदस्यों का अनवरत ख्याल रखना चाहिए।जिलाध्यक्ष शैलेष कुमार उपाध्याय ने कहा कि संगठन के मजबूती एवं विशालता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के आधा दर्जन से अधिक प्रदेशों में ग्रापए का विस्तार हो चुका है। इसमें इजाफा हो रहा है। तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे ने कहा कि तहसील इकाई अपने पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सदैव कटिबद्ध है। उन्होंने बैठक में आये सभी पत्रकारों का आभार जताया। बैठक को जिला सदस्यता प्रमुख दुर्गा दयाल तिवारी पारसनाथ पांडेय मनोज मिश्र, कृष्ण मुरारी पांडेय, दीपक मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा, कामाख्या नारायण मिश्र, कृष्ण नंदन खरवार आदि ने संबोधित हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंजनी सिंह ने किया। इस अवसर सौरभ मिश्रा, लल्लन गुप्ता, अनिल चौरसिया, अजय शर्मा, सलाउद्दीन अंसारी, अरविन्द पांडेय, कममलेश आर्य,इमरान अंसारी, ब्यास गोड़, विपिन बिहारी पांडेय, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार आदि रहे।

# कुशीनगर में किशोर की चाकू मारकर हत्या

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**कुशीनगर, तमकुहीराज ।** कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र अंतर्गत चकनी खास गांव में 14 वर्षीय आदर्श चौहान पुत्र गणेश चौहान की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त हो गया, जिसे देखते हुए गांव में एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 5 नामजद और 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शनिवार रात कुछ युवकों ने आदर्श चौहान को पकड़कर उसके साथ मारपीट की। जान बचाने के लिए आदर्श पास के खेत की ओर भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे घेरकर उसके पेट में चाकू मार दिया। गंभीर रूप से घायल आदर्श को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान



उसने दम तोड़ दिया।

मृतक के बड़े भाई का आरोप है कि आरोपी क्षेत्र में लंबे समय से रंगदारी वसूल रहे थे। करीब एक पखवाड़े (15 दिन) पहले भी आरोपी पक्ष द्वारा उनके साथ मारपीट की गई थी। आरोप है कि जब रंगदारी देने से मना किया गया, तो आरोपियों ने रंजिश रखते हुए इस सनसनीखेज हत्या को अंजाम दे दिया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अभी रंगदारी के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और निष्पक्ष जांच जारी है।

क्षेत्राधिकारी जयंत कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में रंगदारी वसूली की बात सामने आ रही है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ संदिग्धों/आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य की तलाश में सर्विलांस टीम और पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद अपना दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा कि यदि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा।

वर्तमान में गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है और वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# निर्माणाधीन पोखरे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**सिसवां, महराजगंज।** कोठीभार थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 25 मीराबाई नगर स्थित पोखरा टोला में रविवार दोपहर निर्माणाधीन पोखरे में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस के अनुसार रविवार करीब दो बजे सूचना मिली कि पोखरा टोला स्थित निर्माणाधीन पोखरे में बच्चे डूब गए हैं। सूचना मिलते ही कोठीभार पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि चार बच्चे– राजबीर (13) पुत्र उमेश यादव, नीतीश यादव (14) पुत्र रमेश यादव, रोहन (13) पुत्र रामलखन तथा कृष्णा रौनियार (15) पुत्र कबूतर रौनियार–पोखरे में नहाने गए थे। इसी दौरान नीतीश, रोहन और कृष्णा गहरे पानी में डूब गए।

बताया गया कि तीनों को डूबता



देख राजबीर भागकर घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस, परिजनों और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों बच्चों को पोखरे से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

# निरंतर प्रगति कर रहा पटेल स्मारक संस्थान

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**बस्ती।** सरदार पटेल स्मारक संस्थान की त्रैमासिक बैठक संस्थान परिसर में हुई। बैठक में छात्रावास एवं पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने पर विस्तार से विमर्श हुआ। संस्थान के अध्यक्ष डा आरपी वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल स्मारक संस्थान निरंतर प्रगति कर रहा है और नई सुविधाएं लागू हो रही हैं। इससे छात्रों को सीधा लाभ पहुंच रहा है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित चौधरी एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री इंजी श्यामलाल चौधरी ने कहा संस्थान के प्रगति के लिए कार्यकारिणी हर संभव प्रयास कर रही है। छात्रावास और पुस्तकालय को और समृद्ध कर छात्रों के लिए उपयोगी बनाया जायेगा। महामंत्री डा सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा परिसर में सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित होने के बाद संस्थान को नई ऊर्जा मिल रही है समाज के जागरूक लोगों का सराहनीय सहयोग निरन्तर मिल रहा है जिससे संस्थान में निमार्ण कार्य लगातार जारी है। बैठक में त्रैमासिक आय व्यय का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर भानु प्रताप चौधरी, राकेश कुमार चौधरी, रामजी चौधरी, राधेश्याम वर्मा, प्रेमचंद चौधरी, अवनि कुमार चौधरी, इंजी राजेन्द्र चौधरी, एडवोकेट रामकृपाल चौधरी, राजमणि चौधरी, शीतला पटेल, विद्यासागर चौधरी, रामतेज चौधरी, ध्रुवचंद चौधरी, गौरव चौधरी, धर्मदेव पटेल, रामकल वर्मा, कमलेश चौधरी, रोहित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# जन जागृति चौपाल में उमड़ा जनाक्रोश : रामजी

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**बस्ती।** राष्ट्रीय सवर्ण शक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित जन जागृति चौपाल में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं के भविष्य तथा विभिन्न जनहित के मुद्दों पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। सभा में रामजी पांडेय ने आरोप लगाया कि यूजीसी से संबंधित जिन नए प्रावधानों का विरोध किया जा रहा है, उन्हें बिना व्यापक जनसंवाद और सहमति के लागू किया गया, जिससे छात्रों, अभिभावकों और समाज के एक बड़े वर्ग में असंतोष व्याप्त है।

मुख्य वक्ता श्रीनेत स्कूल प्रबंधक रामप्रताप सिंह ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार अनिश्चितता की ओर बढ़ रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार अनियमितता सामने आ रही है। अमितेश प्रताप सिंह, यशवंत, अमरदीप पांडेय, जय सिंह राठौर ने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिक प्रयोग का माध्यम बनाने के बजाय छात्र हितों को



प्राथमिकता दी जाए। चौपाल में स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रेम शंकर राठौर, आशीष सिंह ने कहा कि आम नागरिक को आज भी गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सीय सुविधाएं बढ़ाने तथा गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

संगठन ने ई 20 पेट्रोल नीति सहित आम जनता को प्रभावित करने वाली विभिन्न नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी बड़े निर्णय को लागू करने से पहले उसके सामाजिक, आर्थिक और व्यावहारिक प्रभावों पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

सभा में भी निर्णय लिया गया कि यदि जनहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो संगठन प्रदेश भर में जनजागरण अभियान चलाकर व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन को आगे बढ़ाएगा। बैठक में उमरा खास सेक्टर प्रभारी प्रेम शंकर राठौर, आशीष सिंह राठौर, नवीन दुबे, रवि सिंह, अभय देव शुक्ल, विनय सिंह, यशवंत सिंह रोलू, अवधेश मिश्रा, प्रमोद सिंह, संजय शुक्ल, रवीन्द्र पांडेय, उदय प्रताप सिंह, त्रिवेणी पांडेय, सिद्धार्थ त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# नगर विकास मंत्री से मिले विधायकगण

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**महराजगंज।** जनपद के शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया एवं पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों विधायकों ने नगर निकायों के विकास तथा विद्युत व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में महराजगंज नगर पालिका परिषद के साथ-साथ चौक, घुघली, पनियरा और परतावल नगर पंचायतों में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास से संबंधित प्रस्ताव मंत्री के समक्ष रखे गए। साथ ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जर्जर विद्युत पोलों को बदलने तथा पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता



बढ़ाने की आवश्यकता भी बताई गई।

दोनों विधायकों ने नगर निकायों में लंबित विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिलाने और आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है तथा नगर पालिका और नगर पंचायतों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर चेयरमैन राजेश जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, नंदू दुबे तथा संजीव शुक्ला भी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने बरामद किये गायब 99 मोबाइल फोन

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**कुशीनगर।** कुशीनगर पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और जनशिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए जनता के खोए हुए 99 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल और संबंधित थाना पुलिस टीमों ने जनपद सहित अन्य जनपदों एवं राज्यों से मोबाइल फोन बरामद किए। रविवार को पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने सभी बरामद मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे। बरामद मोबाइलों में विभिन्न कंपनियों के फोन शामिल हैं।


### फंदे से लटकता मिला छात्रा का शव

**दुबौलिया, बस्ती (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के लमती गांव में रविवार को एक 16 वर्षीय बालिका का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता हुआ शव मिला। शव की पहचान आंचल पुत्री स्वर्गीय ध्रुवचंद्र के रूप में हुई है। आंचल क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की छानबीन में जुट गई। परिजनों का कहना है कि सुबह आंचल खाना खा कर कमरे में चली गई थी। काफी देर जब कमरे से नहीं निकली तो जा कर देखा तो आंचल का शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक रहा था। आंचल दो बहनों एवं एक भाई में सबसे बड़ी थी। थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# भक्तों की मन्नतें पूरी करते है बउरहवा बाबा

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**सिन्दुरिया, महराजगंज।** जनपद से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा बड़हरामीर में अति प्राचीन व प्रसिद्ध श्री श्री भूमि प्रकट उप ज्योतिर्लिंग बउरहवा बाबा का मंदिर स्थापित है, जो क्षेत्रीय लोगों के आस्था का प्रतीक है। इस मंदिर पर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए हर वर्ष महाशिवरात्रि व श्रावण मास में श्रद्धालु दूर दराज से आकर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करते है।और जो भी भक्त अपनी-अपनी मन्नते सच्चे मन से मांगते है। उनकी मन्नते भूमि प्रकट उप ज्योतिर्लिंग बउरहवा बाबा पूरी करते है। यहां के ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि बहुत पहले कुछ चोर चोरी करके यहीं पर आकर रुके और फिर चोरी का सामान आपस में बाटने लगे। उसी दौरान मन्दिर के स्थान पर स्थित एक बरगद के पेड़ से एक अजीब सी आवाज चोरों को सुनाई दी, फिर तो उन सभी चोरों के हाथ पांव डर के मारे फूल गये और चोर डरकर अपना चोरी किया हुआ सारा सामान छोड़कर फरार हो गये। अगले दिन सुबह हुई तो कुछ ग्रामीण उधर टहलने आये। तो उनकी नजर चोरी के सामानों पर पड़ी और ग्रामीण सारा माजरा समझ गये कि चोर चोरी का सामान छोड़कर डर के मारे रफू चक्कर हो गये है। इसी बीच इन ग्रामीणों की नजर बरगद के पेड़ के जड़ पर पड़ी, तो ग्रामीणों ने देखा कि बरगद के पेड़ में से एक



पंचमुखी महादेव का शिवलिंग निकला हुआ है। यह बात इस क्षेत्र में जंगल में लगे आग की तरह पूरे फैल गयी और स्थानीय लोगों द्वारा उक्त स्थान पर साफ-सफाई करके पूजा-अर्चना करने का सिलसिला प्रारम्भ कर दिया। कुछ दिन बाद ग्रामीणों के सहयोग से एक भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। आज इस मंदिर की शोभा देखते ही बनती है। स्थानीय ग्रामीण व दूर-दराज से आये हुए श्रद्धालु यहां प्रतिदिन पूजा अर्चना करते है और बाबा भोलेनाथ के समक्ष अपनी माथा टेकते है।लोगों का मानना है कि भूमि प्रकट उप ज्योतिर्लिंग बउरहवा बाबा सच्चे भक्तों की भक्ति से प्रसन्न होकर उनकी मुरादें पूरी करते है।

# युवा विकास समिति सम्मानित

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**बस्ती।** पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश में किए जा रहे सामुदायिक प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। युवा विकास समिति, बस्ती को प्रतिष्ठित नेशनल क्लाइमेट लीडरशिप अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित कंस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में कंचन फाउंडेशन उड़ीसा द्वारा आयोजित क्लाइमेट 26 एंड नेशनल क्लाइमेट लीडरशिप अवार्ड्स 2026 समारोह में प्रदान किया गया।

यह अवॉर्ड युवा विकास समिति के सचिव बृहस्पति कुमार पांडेय को भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी के महानिदेशक डा मृत्युंजय महापात्र, राज्यसभा सांसद सुलता देव, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एचआर अशुतोष रथ, विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह तथा ओडिशा सरकार के पूर्व



कैबिनेट मंत्री रंजन महापात्रा, तापस मलिक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डा अरविंद धाली के हाथों प्रदान किया गया।

समिति को यह राष्ट्रीय सम्मान पौधारोपण एवं पौध संरक्षण, धान की सीधी बुआई के माध्यम से जल संरक्षण, माइक्रो इरिगेशन को बढ़ावा देने, जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों के प्रचार प्रसार, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने के लिए किए गए। पुरस्कार प्राप्त करने के अवसर पर युवा विकास समिति के प्रतिनिधि बृहस्पति कुमार पांडेय ने कहा कि यह सम्मान केवल संस्था का नहीं बल्कि उन हजारों किसानों, स्वयंसेवकों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण समुदायों का है जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के अभियान को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है।

समारोह के अंत में नेचर केयर इनिशिएटिव नई दिल्ली के सुरेन्द्र कुमार ने अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हर गाँव से खेलेंगे, नाम रोशन करेंगे बस्ती का

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**बस्ती।** युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। जब युवाओं के हाथों में बल्ला और गेंद होता है, तो वे केवल खेल नहीं खेलते, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और जीत का जज़्बा भी सीखते हैं। इसी सोच के साथ ÷पहल क्रिकेट अभियान÷ की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य बस्ती के प्रत्येक गांव में छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।

पहल संस्था के मनीष मिश्रा ने कहा कि अब समय आ गया है कि हर गांव अपनी एक मजबूत 11 खिलाड़ियों की टीम तैयार कर रजिस्ट्रेशन कराएं। यह अभियान केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि गाँवों की प्रतिभा को जिले, प्रदेश और देश के बड़े मंच तक पहुँचाने का एक प्रयास करना है।

इस अभियान के अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों को क्रिकेट किट का वितरण किया जाएगा, ताकि आर्थिक संसाधनों की कमी किसी भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी के सपनों के बीच बाधा न बन सके। हमारा उद्देश्य है कि बस्ती का हर युवा खेल के माध्यम से अपनी पहचान बनाए और अपने गाँव, परिवार तथा जिले का नाम गर्व से ऊँचा करें। श्री मिश्रा ने कहा कि खेल की क्रांति की शुरुआत कर हर गांव से नई प्रतिभा निकलें और बस्ती पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाए। किसी भी समस्या पर आप इस नंबर 9838374000 पर मैसेंजर या व्हाट्सएप कर आप अपने ग्रुप में शेयर कर सकते हैं, ताकि लाभार्थी खिलाड़ियों तक हम पहुंच सकें।

### खाद्य विभाग ने मारा छापा

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**संत कबीर नगर।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा बायपास खलीलाबाद में स्थित चौरसिया ढाबा, देसी जायका, सिंह ढाबा, भुक्खड़ नाथ रेस्टोरेंट एंड ढाबा, न्यू फैमिली ढाबा एंड रेस्टोरेंट, बिट्टू चिकन बिरयानी, यादव भोजनालय, मद्धेशिया भोजनालय व ओम ढाबा/रेस्टोरेंट का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के साथ भोजन तैयार करने, मीट/मछली का प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल न किया जाने, रेट लिस्ट चस्पा किया जाने, प्रतिष्ठान पर खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण चस्पा किए जाने का निर्देश देते हुए फूड सेफ्टी से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु फूड कनेक्टिविटी ऐप चस्पा कराये गए। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन न करने पर संबंधित ढाबा रेस्टोरेंट के मालिकों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा।

## तीन थानों के प्रभारी बदले

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**गोरखपुर।** एसएसपी ने जनहित में पुलिस विभाग में तत्काल प्रभाव से तीन उपनिरीक्षकों (उ.नि.) के तबादले किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार झंगहा, पीपीगंज और पिपराइच थानों में नए प्रभारी तैनाती करते हुए सभी को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक उ.नि. अनुप सिंह को थाना झंगहा से स्थानांतरित कर थाना पिपराइच का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उ.नि. ज्ञानेंद्र सिंह को थाना पीपीगंज से हटाकर थाना झंगहा का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उ.नि. कमलेश प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी रमवापुर से स्थानांतरित कर थाना पीपीगंज का थानाध्यक्ष बनाया गया है।



# 9 साल के मासूम की पीट-पीटकर हत्या

### मौसा की दुकान जाते समय रास्ते में पहले से घात लगाये हमलावरों ने घेरकर बरसाए लाठी-डंडे, इलाज के दौरान मौत

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां चौथी कक्षा में पढ़ने वाले 9 वर्षीय मासूम बच्चे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार रात की है, जब बच्चा अपने मौसेरे भाई के साथ मौसा की दुकान पर जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए 8-9 लड़कों ने दोनों को घेर लिया और लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से बेरहमी से हमला कर दिया।

पिपराइच क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी राजू सिंह की बेला गांव में पान की दुकान है। उनके साथ उनके साढ़ू अरविंद का बेटा सरस सिंह (9) भी रहता था, जो अपनी मां की मृत्यु के बाद मौसी के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। सरस स्थानीय एमडी पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 का छात्र था।

शनिवार रात करीब 8:15 बजे सरस अपने मौसेरे भाई शिवकुमार (15) के साथ खाना खाने के बाद मौसा की दुकान की ओर जा रहा था। घर से लगभग 500 मीटर दूर पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे 8-9 युवकों ने दोनों को घेर लिया और अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने ईंट-पत्थरों का भी इस्तेमाल किया, जिससे सरस के सिर में गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। इस हमले में शिवकुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

शोर-शराबा सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को लेकर थाने की ओर जाने लगे, तभी आरोपियों ने एक बार फिर हमला कर दिया और परिजनों पर भी पथराव किया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

रविवार सुबह इलाज के दौरान सरस सिंह ने दम तोड़ दिया, जबकि शिवकुमार की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

घटना के बाद मृतक के परिजनों में भारी आक्रोश है। मौसा राजू सिंह ने आरोप लगाया कि पहले से चल रहे विवाद की जानकारी पुलिस को थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि पुलिस ने पहले ही सख्ती दिखाई होती तो बच्चे की जान बच सकती थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पिपराइच थाना प्रभारी विवेक त्रिवेदी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह झंगहा थाना प्रभारी अनुप सिंह को पिपराइच का नया प्रभारी बनाया गया है।

क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि माधवपुर ग्राम में हुई मारपीट की घटना में घायल बच्चे की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 2.3 किलो गांजा बरामद तस्कर गिरफ्तार, जेल

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 2 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी भोलू निषाद पुत्र स्व. बृजभान निषाद निवासी अमरूद मंडी चकरा अव्वल, थाना राजघाट है। बरामदगी के आधार पर थाना रामगढ़ताल में मुकदमा संख्या 393/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान आरोपी को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2.3 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# चेन स्नैचिंग मामले में एक आरोपी धराया

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक और छीनी गई सोने की चेन को बेचकर प्राप्त 10 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में गगहा थाना पुलिस ने मुकदमा संख्या 372/2026 में वांछित अभियुक्त सतेन्द्र पुत्र राजू प्रसाद निवासी ग्राम कोहड़ा बुजुर्ग, थाना गोला को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने इस्तेमाल की गई दो पहिया वाहन और चेन बेचकर हासिल की गई रकम बरामद की। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

गौरतलब है कि 31 जुलाई 2026 को वादी की माता सुबह टहलने निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए थे। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा फरार अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# नवनिर्वाचित छात्र परिषद ने ली शपथ

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**बड़हलगंज।** सेंट जोसेफ स्कूल बड़हलगंज में शनिवार को शपथ-ग्रहण समारोह-2026 का आयोजन उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में किया गया। समारोह में विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को उनके दायित्व एवं कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसआई कृष्ण कुमार गुप्ता, क्राइम ब्रांच ने मतदान के माध्यम से चयनित स्कूल कैप्टन अनुभव पांडेय एवं वाइस कैप्टन कृति सिंह सहित विभिन्न हाउस के पदाधिकारियों को बैज लगाकर पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई।

समारोह में रेड हाउस सीनियर कक्षा के कैप्टन कार्तिक सिंह व सेक्रेटरी वैदिका गुप्ता, रेड हाउस जूनियर कैप्टन प्रतीक यादव व सेक्रेटरी मायरा शाहिद, येलो हाउस कैप्टन हर्षित प्रताप सिंह व सेक्रेटरी आयुषी वर्मा, येलो हाउस जूनियर कक्षा कैप्टन सुधीर यादव व सेक्रेटरी अदिति मर्देशिया, ब्लू हाउस सीनियर कक्षा कैप्टन मोहम्मद अमान अंसारी व सेक्रेटरी अनुकृति दुबे, तथा ब्लू हाउस जूनियर कक्षा कैप्टन आयुष त्रिपाठी को पद की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयी जीवन में नेतृत्व की जिम्मेदारी बच्चों के व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव रखती है। बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन, जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की भावना से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने छात्र पदाधिकारियों से अपने साथियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने और विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला निरीक्षक अनुराधा यादव, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य अतिथि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य फादर रिंसो जोसेफ ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

## महिला का स्तन काटा

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला शनिवार की रात्रि में नल पर पानी भर रही थी। उसी दौरान महिला का भसुर शराब की नशे में अकेला पाकर छेड़छाड़ करते हुए स्तन काट लिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव के महिला के पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते है। महिला अपने बच्चों के साथ घर पर रहती है। महिला का आरोपी है कि मेरा भसुर जब भी शराब के नशे में आता वह बुरी नजर से देखता रहता और कई बार उसने हाथ भी पकड़ रखा है। शनिवार की रात्रि में पौने दस बजे के करीब वह नल पर पानी भर रही थी। उसी दौरान भसुर आया और अकेला देखकर छेड़छाड़ करते हुए स्तन काट लिया। बीच बचाव करने आए पति और बच्चों को भी मारा पीटा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है।

# गोपालपुर-हटवा मार्ग बदहाल, राहगीर त्रस्त

### अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, मार्ग की मरम्मत कर आवागमन सुगम बनाने की उठाई मांग...

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**गोला।** गोपालपुर से हटवा जाने वाला संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन कठिन हो गया है। स्थानीय लोगों को प्रतिदिन जोखिम में सफर करना पड़ रहा है। बरसात के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। जिसको लेकर एसडीएम गोला को पत्रक देकर मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की गयी है।

अधिवक्ता रामलखन राय एवं भारतेंदु दुबे ने उपजिलाधिकारी गोला को ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि गोपालपुर-हटवा मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क धंस गई है और गिट्टियां उखड़ जाने से मार्ग पूरी तरह गड्ढों में बदल चुका है। इससे दोपहिया,



चारपहिया तथा अन्य वाहनों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस सड़क की मरम्मत के लिए पहले भी तहसील दिवस सहित कई अवसरों पर संबंधित विभाग को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन न तो लोक निर्माण विभाग और न ही प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मार्ग पर लगभग 200 मीटर आरसीसी सड़क तो बनाई गई, लेकिन उसके दोनों ओर पटरी का निर्माण नहीं होने से सड़क संकरी होकर सिंगल रूट बन गई है। इससे विशेषकर चारपहिया वाहनों के आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है।

अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी से मांग की कि जनहित को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल सड़क को गड्ढामुक्त कराने और अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## अवैध खनन करने पर आधा दर्जन डम्फर सीज

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**सहजनवां, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से हो रहे खनन को देखते हुए पुलिस भी सक्रिय हो गई है। शनिवार की रात्रि में पुलिस ने नौसढ़ तिराहे पर मिट्टी लदे आधा दर्जन डम्फर को पकड़ कर सीज कर दिया है। शनिवार की रात्रि में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार अपने हमराहियों के साथ रात्रि में गश्त पर निकले हुए थे। और नौसढ़ तिराहे पर खड़े थे तभी मिट्टी लदा डम्फर आते दिखाई दिए। जिसे पुलिस ने रोक लिया। और उनसे कागजात मांगा गया किसी चालक के पास कागजात मौजूद नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने सभी डंफरों को थाने पर लाकर सीज कर दिया। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय ने कहा कि अवैध खनन कर डम्फर पर मिट्टी लाया जा रहा था। जिसमें छह गाड़ियां शामिल थी। उनसे कागजात मांगे गए। लेकिन किसी के पास कागजात मौजूद नहीं थे।

# छात्राओं को लगा एचपीवी टीका

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**गोला।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) के कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद दूसरा सबसे सामान्य कैंसर माना जाता है। इसी के मद्देनज़र 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की विद्यालय में अध्ययनरत अथवा घर पर रहने वाली बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला, गोरखपुर की टीम द्वारा यह टीकाकरण अभियान एएनएम सेंटर, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, विद्यालयों तथा प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए बालिकाओं को अपना आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर (ओटीपी सत्यापन हेतु) तथा विद्यालय का क्रक्र अथवा छ्ढ्स्श्च नंबर सहित आवश्यक पहचान संबंधी दस्तावेज साथ लाने के लिए कहा गया है।

इसी क्रम में दिनांक 1 अगस्त 2026 को लक्ष्मी प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गोला में विद्यालय परिवार एवं सीएचसी गोला की टीम के संयुक्त सहयोग से विद्यालय की छात्राओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया। अभियान के प्रथम चरण में कुल 20 किशोरियों को टीका लगाया गया।




कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से प्रबंध निदेशक श्री अमरनाथ वर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती एकता वर्मा, रेवरेंड डी.के. सिंह, श्रीमती किरन यादव एवं श्रीमती सुमेला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सीएचसी गोला की ओर से एएनएम अमरज्योति ने सभी किशोरियों का टीकाकरण किया।

इस अवसर पर बीएचडब्ल्यू अमित जायसवाल, बीएचडब्ल्यू तुविष सिंह, बीएचडब्ल्यू (एफ) पूजा, श्री मनोज श्रीवास्तव तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमरेन्द्र नाथ ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## राइस मिल संचालक को मिली धमकी, केस दर्ज

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**सहजनवां, गोरखपुर।** हरपुर बूदहट थाना क्षेत्र के मझौरा निवासी हिस्ट्रीशीटर और उसका भाई सोशल मीडिया और फोन पर राइस मिल संचालक को बार बार जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के मझौरा निवासी अजीत गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता जो गांव के राइस मिल का संचालक है। और सरकारी धान की कुटाई करते है। 16 जनवरी को इसी राइस मिल से धान की चोरी हुई थी। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर को चोरी के धान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हिस्ट्रीशीटर के जेल जाने के बाद उसका भाई पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिसमें में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के भाई पर मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद हिस्ट्रीशटर और उसका भाई लगातार सोशल मीडिया और फोन पर हत्या करने की धमकी दे रहे है।

# सेवानिवृत्त जवान का हुआ स्वागत

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**गोला।** विकास खंड गोला के ग्राम पंचायत झरकटा निवासी सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त जवान कृष्ण कुमार दूबे उर्फ राजन के पैतृक गांव पहुंचने पर शनिवार को क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। गोपालपुर कस्बे के आखाड़ा माता स्थान से निकली शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। तिरंगे, बैंड-बाजे और देशभक्ति गीतों के बीच पूरे मार्ग पर भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिन्द के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा।



शोभायात्रा में झरकटा, भदौरा, गोपालपुर, रकौली, नौली, उनौली, सहड़ौली, कौड़िया, तिरगांव, बिजूलियाडांड और वारानगर समेत आसपास के गांवों के लोगों ने पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर जवान का अभिनंदन किया। ग्राम प्रधान सोमनाथ गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। यात्रा ग्राम के आराध्य महादेव झारखंडी, मां दुर्गा, मां काली तथा डीह राजा महाराज के दर्शन के साथ आगे बढ़ी। इस दौरान बीएसएफ में उनके साथ सेवा दे चुके सेवानिवृत्त साथी जवान भी समारोह में पहुंचे। उन्होंने कृष्ण कुमार दूबे का माल्यार्पण कर स्वागत किया और आम का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कृष्ण कुमार दूबे ने कहा कि भारत माता की सेवा करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। गांव लौटने पर मिले स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत से वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि सीमा सुरक्षा बल के प्रत्येक जवान का सम्मान है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों, परिजनों और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों के साथ अरुण कुमार शुक्ल, राम मनोहर दुबे, हरिनारायण दुबे, इंद्र बली दुबे, कृपा शंकर दुबे, मनोज तिवारी, सोमनाथ गुप्ता, शीलू दूबे, कामिनी दूबे, ऊषा दुबे,मंजू देवी, राज, खुशी दूबे आदि लोग मौजूद रहें ।

# देश का युवा विकसित भारत की है सबसे बड़ी पूंजी

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**बड़हलगंज, गोरखपुर।** स्थानीय नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, बड़हलगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशामुक्त विकसित भारत' के आह्वान का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में सैकड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के अभियान को सफल बनाने में परिवार और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश का युवा विकसित भारत की सबसे बड़ी पूंजी है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री के संबोधन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को लेकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार पांडेय ने उपस्थित सैकड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई।




इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने नशामुक्ति अभियान से जुड़ते हुए शपथ प्रमाण पत्र भी डाउनलोड किए। पूरे कार्यक्रम में युवाओं में उत्साह, ऊर्जा और नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# खेल अनुशासन, आत्मविश्वास व राष्ट्र गौरव का है सशक्त माध्यम : आलोक

(स्वतंत्र भारत ब्यूरो)

**बडहलगंज, गोरखपुर।** शितो-र्यू कराटे ट्रेनिंग सेंटर, मलांव, गोरखपुर की ओर से राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों एवं कराटे प्रशिक्षक सेंसाई चंद्र प्रकाश मौर्य के सम्मान में रविवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी आलोक गुप्ता ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षक को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्य अतिथि आलोक गुप्ता ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र गौरव की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं, यह पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है। ऐसी प्रतिभाओं और उनके प्रशिक्षकों का सम्मान समाज के अन्य युवाओं को भी खेलों के प्रति प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को खेलों से जोड़ना बेहद जरूरी है। खेल बच्चों और युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।




समारोह में बताया गया कि ईशु पासवान ने राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक हासिल कर जापान में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। वहीं वंशिका पांडेय, कंचन यादव और ईशिका पासवान ने रजत पदक जीतकर गोरखपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

कराटे प्रशिक्षक सेंसाई चंद्र प्रकाश मौर्य ने भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर जापान में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, अभिभावकों के विश्वास और नियमित अभ्यास को दिया। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन और समर्पण के साथ निरंतर अभ्यास करते रहने का आह्वान किया।

समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक, खेल प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शितो-र्यू कराटे ट्रेनिंग सेंटर ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए आगे भी निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# आईजीआरएस निस्तारण में प्रतापगढ़ पुलिस प्रदेश में अव्वल

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन व सतत पर्यवेक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग मे जनपद प्रतापगढ़ पुलिस ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रणाली व हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित,पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह जुलाई-2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में 135 मे से 135 (100 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है।यह उपलब्धि जनपद पुलिस की जनसमस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार जनपद स्तर पर सभी निर्धारित मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतापगढ़ पुलिस ने पूर्ण अंक अर्जित किए।शिकायतों के निस्तारण में समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के कारण डिफाल्टर संदर्भों की संख्या शून्य रही,जिसके लिए जनपद को इस श्रेणी मे पूर्ण अंक प्राप्त हुए।जनपद के 25 थानो के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया,जिसमें 19 थानों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी का प्रदर्शन किया।संग्रामगढ़,सांगीपुर,महेशगंज, लीलापुर,लालगंज,उदयपुर,कुंडा,कोतवाली देहात,फतनपुर,बाघराय,पट्टी, अन्तू,नवाबगंज,मांधाता,रानीगंज, मानिकपुर,हथिगवां,महिला थाना व आसपुर देवसरा शामिल है।एसपी ने आईजीआरएस सेल,थाना प्रभारियों,विवेचकों व अधिकारियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया कि भविष्य में भी प्रत्येक जनशिकायत का त्वरित,निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए,जिससे आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।



## एमएलसी ने सौंपी हाई मास्ट की सौगात

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** बाबागंज विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक बाबागंज व बाबागंज बाजारवासियों ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह (गोपाल जी) को एक निवेदन पत्र देकर बाजार मे हाई मास्ट स्थापित करने का निवेदन किया था। एमएलसी ने अपने निधि से 12.30 मीटर का हाई मास्ट स्थापित करवा दिया है,अब बाबागंज बाजार दूधिया रोशनी मे जगमगाएगा। बाजारवासियों ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक मुखिया कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह,विधायक विनोद सरोज को धन्यवाद ज्ञापित किया है।इस मौके पर अमित मिश्रा आजाद,विनोद शुक्ला,शशांक शुक्ला यीशु आशुतोष पांडेय तनुज सुभाष मोदनवाल दशरथ केसरवानी मूलचंद्र जायसवाल शिव कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत : प्रतिभा



**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** जनपद के हरि पैलेस में आयोजित सम्राट युवा संवाद एवं कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प दिलाया।उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा शक्ति है,और जब युवा सकारात्मक सोच, संस्कार एवं सेवा भाव के साथ आगे बढ़ते है, तब समाज और राष्ट्र दोनों नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते है।अपने संबोधन में प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, महिलाओं तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने युवाओं से शिक्षा,सामाजिक समरसता,महिला सम्मान,राष्ट्रभक्ति एवं जनसेवा को अपने जीवन का मूल उद्देश्य बनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल अपने भविष्य का निर्माता नहीं,बल्कि विकसित भारत के सपनों को साकार करने वाला सबसे मजबूत स्तंभ है।कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सुपुत्र योगेश मौर्य,सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य,सुनील मौर्य,आलोक मौर्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कवियों की ओजपूर्ण प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और पूरे आयोजन के दौरान युवाओं मे उत्साह एवं ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## खबर एक नजर

### आईजीआरएस रैंकिंग में देवीपाटन मंडल प्रदेश में प्रथम

**स्वतंत्र भारत, बहराइच,** आईजीआरएस पोर्टल की जुलाई 2026 की रैंकिंग में देवीपाटन मंडल ने 110 में से 104 अंक प्राप्त कर 94.55 प्रतिशत के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा व बलरामपुर में शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाती है। शिकायतकर्ताओं से सीधे फीडबैक लेकर निस्तारण की गुणवत्ता भी जांची जाती है। मंडल मार्च, अप्रैल, जून व जुलाई में प्रथम तथा मई में द्वितीय स्थान पर रहा।

### नशामुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान आयोजित

**स्वतंत्र भारत, बहराइच,।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में मेरा युवा भारत, बहराइच ने श्री मानस इंटर कॉलेज, बिशुनपुर राहू में नशामुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण युवाओं को दिखाया गया। युवाओं ने नशे से दूर रहने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की शपथ ली। जिला युवा अधिकारी नवनीत कुमार ने युवाओं को माई भारत पोर्टल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### रामलीला मैदान में पौधरोपण अभियान शुरू

**स्वतंत्र भारत, बहराइच,।** नानपारा के रामलीला मैदान परिसर में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का पौधरोपण कर क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने का अभियान शुरू किया गया। शिवालय बाग सभागार में पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर परिचर्चा हुई। तहसीलदार शैलेश अवस्थी, सीओ चित्रांशु गौतम सहित अधिकारियों, समाजसेवियों व पर्यावरणविदों ने अधिक से अधिक पौधरोपण और उनके संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### 03 अगस्त को आयोग सदस्य करेंगे समीक्षा व जनसुनवाई

**स्वतंत्र भारत, बहराइच,।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे 03 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से जुड़ी योजनाओं और उत्पीड़न संबंधी मामलों की जनसुनवाई की जाएगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 04 अगस्त तक आवेदन

**स्वतंत्र भारत, बहराइच, ।** जिले के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 2026 सत्र के एनसीवीटी एवं एससीवीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 अगस्त है। इच्छुक अभ्यर्थी स्ष्ट्ङ्कञ्झक्ककी वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए आईटीआई हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है।

### मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व पर मीडिया की भूमिका को लेकर 6 अगस्त को कार्यशाला

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने और मानव-वन्यजीवों के बेहतर सहअस्तित्व में मीडिया की भूमिका को लेकर वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई) की ओर से 6 अगस्त को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 'मानव-वन्यजीव सहअस्तित्वः मीडिया की भूमिका' विषय पर कार्यशाला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक एनआईसी मीटिंग हॉल, कतर्नियाघाट रेंज में होगी। आयोजकों के अनुसार यह बहराइच जिले में प्रस्तावित कार्यशालाओं की श्रृंखला की पहली कार्यशाला होगी। इसमें जिले के प्रिंट एवं टीवी मीडिया से जुड़े पत्रकारों को आमंत्रित किया गया है। गुणवत्तापूर्ण संवाद के लिए 40 सीटें निर्धारित हैं और चयन 'पहले पंजीकरण, पहले अवसर' के आधार पर होगा। 40 से अधिक पंजीकरण होने पर प्रत्येक मीडिया हाउस से एक प्रतिनिधि को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक पत्रकारों को ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। डब्ल्यूटीआई टीम की ओर से ई-मेल या फोन पर पुष्टि मिलने के बाद ही कार्यशाला में प्रवेश मान्य होगा। पुष्टि से पहले स्थल पर न पहुंचने की अपील की गई है।ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म? पंजीकरण संबंधी समस्या के लिए डब्ल्यूटीआई फील्ड ऑफिसर अर्चित मिश्रा से 7380755323 एवं 7007915804 पर संपर्क किया जा सकता है। इस पहल में उत्तर प्रदेश वन विभाग सहयोगी एवं सुविधाप्रदाता की भूमिका में है।

### पड़ोसियों के मारपीट करने पर थाने में दी तहरीर

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना के बिजलीपुर बंगड़वा निवासिनी कमला देवी पत्नी श्री प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर मे आरोप लगाया है,कि रविवार की सुबह पड़ोसी किसी बात को लेकर उसकी बेटी कल्पना देवा व अर्चना देवी को बाल घसीटकर मारने पीटने लगे।हल्ला गुहार मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## रामलीला मैदान में वृहद पौधरोपण अभियान



**स्वतंत्र भारत, नानपारा बहराइच।** रामलीला मैदान परिसर में रविवार को पंचवटी प्रजाति के पौधों का वृहद पौधरोपण अभियान शुरू किया गया। महामना मालवीय मिशन एवं शिवालय बाग मंदिर प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर जनजागरूकता परिचर्चा भी हुई। तहसीलदार शैलेश अवस्थी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की अपील की। सीओ चित्रांशू गौतम ने वृक्षारोपण को महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य बताते हुए खाली भूमि पर पौधे लगाने का आह्वान किया। डिप्टी रेंजर अमित वर्मा ने बताया कि रामलीला मैदान व श्मशान भूमि के खाली स्थानों को हराभरा बनाने के लिए पौधरोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत वीरेंद्र गिरी जी महाराज ने की। इस दौरान अंकुल कुमार, सुधीर यज्ञसैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संकल्प लिया।

## कबाड़ी की दुकान से कबाड़ चोरी करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली पुलिस ने कबाड़ की दुकान से कबाड़ चोरी करने वाले आरोपी संदीप पटेल पुत्र बंशी लाल पटेल निवासी गुलाम चिश्ती का पुरवा को चोरी की 4 कमानी ट्रक की, एक धुरा,एक जीप का धुरा,जीप का साइलेंसर,थ्रेसर का धुरा आदि अन्य लोहे का कबाड़ के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई उपरांत जेल भेज दिया।

## चार बम के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के दरोगा रामनरेश यादव ने गश्त के दौरान लीलापुर थाना के तिना चितरी निवासी रिंकज कोरी उर्फ मुंह नोचवा पुत्र राम पियारे को चार बम बारूद व एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई उपरांत जेल भेज दिया।

# शव रखकर चक्का जाम मामले में दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत है।पहले तो स्थानीय पुलिस सुनवाई नहीं करती है और जब लोग आक्रोशित होकर सड़कों पर उतरती है तो कठोर कार्रवाई होती है।बीते दिन कार के कुचलने से बुजुर्ग की मौत हो गई थी और महिला कार चालक को पकड़ने दौड़ी तो उसे भी कुचल दिया जिससे उसको गंभीर चोट लग गई और अस्पताल मे ईलाज चल रहा है।पीएम से शव वापस आने पर परिजन व ग्रामीणों ने जेठवारा लाल गोपालगंज हाईवे स्थित कानूपुर तिराहे के पास शव रखकर चक्का जाम कर दिया,चक्का जाम होने से आवागमन बाधित हो गया और पुलिस के समझाने बुझाने पर भी नहीं माने और पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे।जेठवारा पुलिस ने सड़क जाम कर राजकीय कार्य मे बाधा डालने,पुलिस टीम के साथ अभद्रता करने,लोक व्यवस्था भंग करने आदि मामलों मे नामजद समेत 60 से 65 अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया।प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कानूपुर से दो आरोपियों रामसिंह पुत्र स्व.तेज बहादुर सिंह,अशोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र रामजतन विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## संस्कृत विषय में टीजीटी टॉपर बनी डॉ रीता

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** ब्लॉक मांधाता के हिंदूपुर की बहू डॉ रीता सिंह पत्नी प्रो डॉ सुमित सिंह ने टीजीटी 2022 संस्कृत विषय मे सर्वाधिक 495.9 स्कोर अर्जित कर टॉपर बनी है।उनकी इस उपलब्धि से गांव ही नहीं पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है।डॉ रीता सिंह की इस सफलता से परिवार और गांव गौरवान्वित है।पीबी कॉलेज मे सहायक प्रोफेसर उनके पति डॉ सुमित सिंह ने बताया कि डॉ रीता सिंह पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कठिन परिश्रम व निरंतर प्रयास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।विद्वान प्रिंसिपल रहे ठाकुर जय मंगल सिंह की पौत्री व गांधी स्मारक इंटर कॉलेज कल्याणपुर के प्रधानाचार्य डॉ अमर बहादुर सिंह की पौत्र बधू डॉ रीता सिंह अपने प्रिय विषय संस्कृत से मास्टर ऑफ आर्ट,पीएचडी व गोल्ड मेडलिस्ट है।अपने स्कूल और कॉलेज की हमेशा टॉपर रहीं डॉ रीता सिंह ने कभी कोचिंग का सहारा नही लिया।वह कई निजी इंटर कॉलेज मे प्रिंसिपल रहीं और शुरुआत प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका की नौकरी से किया।डॉ रीता सिंह के दो पारिवारिक सदस्य पीसीएस अधिकारी है।

## रितिक के सहायक प्रोफेसर बनने पर व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय बाजार के व्यवसाई राम चरन गुप्ता के बेटे रितिक गुप्ता ने नेट यूजीसी परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक प्रोफेसर बनकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।रविवार को रितिक गुप्ता के घर पहुंचने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ बांकेलाल चौरसिया की अगुवाई मे सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र नेता ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह समेत मौजूद सभी लोगो ने रितिक को माल्यार्पण व अंगवस्त्र से सम्मानित किया।रितिक ने अपनी सफलता का श्रेय पटना बिहार के खान सर व माता-पिता को दिया है।इस मौके पर अधिवक्ता दीपक मिश्र,विकाश शुक्ला,राजेन्द्र यादव,राकेश केसरवानी,डब्बू सिंह,बबलू सिंह,ज्ञान बाबू,सुशील सिंह,कैलाश अग्रहरि,सुरेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू महासंघ किन्नर प्रकोष्ठ ने नंदगिरि को बनाया जिलाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश किन्नर प्रकोष्ठ में संगठन का विस्तार करते हुए प्रतापगढ़ के लिए नई जिम्मेदारी सौंपी है।प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति व किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन के राय-परामर्श से प्रयाग एवं काशी संभाग की क्षेत्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर माँ किरन नंदगिरी ने सनातनी किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर संजना नंदगिरी को प्रतापगढ़ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है।नंदगिरी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सौंपे दायित्व का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया

## श्रम बंधु की बैठक में श्रमिकों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला श्रम बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रमिक कल्याण योजनाओं तथा श्रम विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बाल श्रम के प्रभावी नियंत्रण के लिए तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर मॉडल अधिकारियों को नामित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बाल श्रमिकों का चिन्हांकन कर उन्हें संचालित सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनका पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाल श्रमिकों के पुनर्वास के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराए जाने तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रमयोगी योजना से जुड़े व्यापारियों एवं अन्य हितधारकों का भी सहयोग लेने पर जोर दियाजिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्रम बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने तथा उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा सहायता एवं अन्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

## नौकरी दिलाने के नाम धोखाधड़ी करने वाले बुजुर्ग को जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी करने बुजुर्ग नारायणदास पांडेय 66 पुत्र भूपति दास पांडेय निवासी गधियांवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वादी सत्यानंद ओझा पुत्र हरि प्रसाद ओझा निवासी फत्तूपुर थाना पट्टी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि नारायणदास पांडेय व सुनील पांडेय द्वारा यशोदानंद माध्यमिक विद्यालय मे लिपिक व चपरासी पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र, फर्जी शासनादेश एवं कूट रचित अभिलेख तैयार कर कई अभ्यर्थियों से लगभग 61 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। आसपुर देवसरा थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर लिया।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पट्टी रेडीगारा रोड स्थित भोपालपुर मोड़ से नारायणदास पांडेय 66 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सप्ताह भर से गायब पांच वर्षीय मासूम का पोखरी में मिला शव

**(मुबारकपुर) आजमगढ़ ।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के सिकठी गांव में रविवार को घर से लापता मासूम का पोखरी में शव मिलने से गांव में सनसनी फ़ैल गई। विगत दिवस 31 जुलाई को सुबह घर पर खेलते समय लापता हो गया था कि आज रविवार को मासूम का शव कुछ दूरी पर पोखरी में मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को बाहर निकाला और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु मोर्चरी हाउस जिला अस्पताल भेज दिया है। मुबारकपुर के सिकठी गांव निवासी मोहम्मद आरिज़ 5 वर्ष पुत्र वहाबुद्दीन 31जुलाई को खेलते समय लापता हो गया था। परिजनों ने तभी तलाश खोज बीन कर रहे थे।आज गांव में ही घर से लगभग सौ मीटर दूरी पर स्थित पोखरी में मिला।

# दो किशोरों की पोखरे में डूबने से मौत, एक को बचाने के चक्कर में दूसरा भी पानी में समाया

**स्वतंत्र भारत लालगंज (आजमगढ़)** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के कालीचाबाद गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दो किशोरों की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। कालीचाबाद निवासी अंशु मौर्य (17 वर्ष) रविवार को गांव के पोखरे में स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए किनारे पर मौजूद अल्तमस (16 वर्ष) तत्काल पोखरे में कूद पड़ा, लेकिन वह भी गहरे पानी में फंस गया। देखते ही देखते दोनों किशोर डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों को पोखरे से बाहर निकालकर सौ शैया चिकित्सालय लालगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर देवगांव कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पूरे गांव में मातम का माहौल है।



# संत रविदास के जीवन से मिलती है मानव सेवा की प्रेरणा : शशांक मणि

**स्वतंत्र भारतदेवरिया:** रविवार, भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से देशव्यापी 'संत रविदास समरसता संकल्प अभियान' एवं कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया है। सात माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य संत रविदास महाराज के समता, समरसता, सामाजिक सद्भाव और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में सामाजिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करना है।इसी क्रम में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय औरा चौरी से भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में निकली यह यात्रा धतूरा, बैतालपुर, बलुआ, सिर्जम सहित बैतालपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने संत रविदास महाराज के विचारों का प्रचार-प्रसार किया तथा सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। जगह-जगह ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।बैतालपुर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सदर सांसद शशांक मणि ने विधि-विधान के साथ कलश का पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और भाजपा उनके विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है।सांसद ने कहा कि 'संत रविदास समरसता संकल्प अभियान' के माध्यम से समाज में जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समरस एवं सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।पूजन के उपरांत सांसद ने कलश यात्रा को बलुआ के लिए रवाना किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह, अभियान के जिला संयोजक कृष्णनाथ राय, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद, डा अभयनाथ तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी, मुकुल मणि त्रिपाठी, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, नीलरतन जायसवाल, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने स्वरूपरानी चिकित्सालय पहुंचकर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## पुरानी बिल्डिंग में क्षतिग्रस्त फालसिलिंग व उखड़ी हुई खिड़कियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की, जल्द से जल्द मरम्मत कराने के दिए निर्देश

**उपमुख्यमंत्री ने 100 बेड अस्पताल के निर्माण कार्य को तत्काल प्रारम्भ कराये जाने के दिए निर्देश**

**उपमुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा में पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश**

**चिकित्सालय में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के दिए निर्देश**

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक रविवार को स्वरूपरानी चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं एवं लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एसआरएन की पुरानी बिल्डिंग के विभिन्न वार्डों, आपातकालीन सेवाओं, अन्य चिकित्सा ईकाईयों, निमार्णाधीन चिल्डेज्न हॉस्पिटल सहित अन्य निमार्णाधीन भवनों का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं एवं निर्माणकार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

उपमुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान पुरानी बिल्डिंग में क्षतिग्रस्त फालसिलिंग व उखड़ी हुई खिड़कियों को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा जल्द से जल्द मरम्मत के निर्देश दिए है। उन्होंने पुराने वायरिंग को व्यवस्थित कराये जाने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत विद्युत बॉक्स पर पैनल लगाने अथवा लकड़ी व फाइबर लगाकर बंद कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने गैलरी में लगे हुए अग्निशामक यंत्रों की एक्सपायरी डेट चेक की, जो कि इसी माह एक्सपायर हो रही है, जिसपर उपमुख्यमंत्री ने उपकरणों को बदले जाने का निर्देश दिया है।



उपमुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान रोगियों व उनके परिजनों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री ने प्राचार्य से स्वीकृत हुए 100 बेड अस्पताल के बिल्डिंग के निर्माण कार्य को तत्काल प्रारम्भ कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्राचार्य से मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों का पालन करते हुए स्वरूपरानी चिकित्सालय के उच्चीकृत किए जाने हेतु कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश दिए है।

उपमुख्यमंत्री ने प्राचार्य, मुख्य अधीक्षिका व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता, पेयजल, दवा वितरण, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन सेवाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं एवं चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में प्राचार्य से जानकारी ली और सभी सुविधाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में स्वच्छता व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता में रहे और हर मरीज को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजो के साथ संवेदनशील और मानवीय व्यवहार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी, शिकायतों का त्वरित निस्तारण और सेवाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए है।

### जिले के हर सरकारी अस्पताल में पत्रकारों का इलाज और सभी जाँचें होंगी निःशुल्क : बृजेश पाठक

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** मीडिया क्लब प्रयागराज व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वेलफेयर ने पत्रकारों के हित में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की डिप्टी सीएम से किया माँग जिसपर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मीडिया संगठनों के वरिष्ठ पत्रकारों से किया वादा। सभी मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलेगा निःशुल्क इलाज और मुफ्त जाँच। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी ने पत्रकारों के लिए अलग से इलाज करने के लिए काउण्टर बनाने की किया माँग। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने एस आर एन, कॉल्विन और बेली हॉस्पिटल सहित जिले की सभी सरकारी अस्पताल में सभी मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए अलग से इलाज की व्यवस्था करने के लिए सीएमओ को दिए निर्देश। डिप्टी सीएम ने सभी मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के सभी इलाज और सभी जाँच निःशुल्क करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल निर्देश भी दिया।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में सड़क बदहाल, दूषित पानी की समस्या : मेजा के आवासीय विद्यालय में कीचड़-जलभराव, गौशाला के पानी से छात्राएं बीमार

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** मेजा पहाड़ी पर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मूलभूत सड़क सुविधा और स्वच्छ पेयजल की समस्या से जूझ रहा है। विद्यालय तक पहुंचने का मार्ग कीचड़ और जलभराव से भरा रहता है, वहीं बारिश के मौसम में गौशाला से आने वाले दूषित पानी से छात्राओं के बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है।विद्यालय तक पक्की सड़क न होने के कारण छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है,जब पूरा रास्ता कीचड़ और जलजमाव से भर जाता है। जगह-जगह बने गड्डों में बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। शिक्षिकाओं, अभिभावकों और राशन व अन्य सामग्री लाने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े और जूते खराब हो जाते हैं। कई बार बच्चे फिसलकर चोटिल भी हो जाते हैं।विद्यालय की वार्डन सीतांजलि गुप्ता ने बताया कि विद्यालय



का भवन और शैक्षणिक वातावरण तो बेहतर है, लेकिन पहुंच मार्ग की बदहाली एक बड़ी समस्या बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि बारिश के मौसम में विद्यालय में पानी दूषित हो जाता है, जिससे बालिकाएं बीमार पड़ जाती हैं।

वार्डन गुप्ता के अनुसार, विद्यालय के बगल में एक गौशाला है। बारिश शुरू होते ही गौशाला से पानी के साथ गोबर भी बहकर विद्यालय परिसर में प्रवेश करता है। पथरीली जमीन होने के कारण यह पानी सीधे नीचे चला जाता है और बोरवेल के पानी को दूषित कर देता है। इससे छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे अक्सर बीमार पड़ जाती हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई है। इस मामले में मेजा के बीईओ कैलाश सिंह ने बताया कि मार्ग की समस्या लंबे समय से है और इसके निर्माण के लिए प्रक्रिया जारी है। पानी की समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि यदि गौशाला परिसर का पानी दूसरी तरफ से बहाया जाए, तो इस समस्या का निदान संभव है। तब तक, बरसात के मौसम में बच्चों और अभिभावकों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अस्थाई समाधान की आवश्यकता है।

## कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का फाफामऊ में जोरदार स्वागत

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** फाफामऊ के मालक हर हर चौराहे के पास रविवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का प्रयागराज आगमन पर छात्रों एवं कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किए।छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष का कांग्रेस कार्यकताओं ने गगनभेदी नारों और फूलों की भारी मालाओं के साथ ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया। पूरा क्षेत्र 'अजय राय जिंदाबाद' और 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारा से गूंज उठा ।इस कार्यक्रम की अगुवाई जिला कांग्रेस कमेटी (गंगापार) के जिलाअध्यक्ष अशफाक अहमद सैकड़ों कार्यकताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फूल माला पहना कर स्वागत किया। कार्यकताओं के इस अभूतपूर्व जोश, शादी का प्रदेश अध्यक्ष खुश हुए कार्यकताओं के भारी हुजूम और जोशीले स्वागत से उत्साहित प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हुंकार भरते हुए कहा कि यह उत्साह



इस बात का प्रतीक है कि युवा और छात्र अब बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 8 अगस्त को जननायक राहुल गांधी प्रयागराज की धरती पर आ रहे। अजय राय ने कहा कि 8 अगस्त को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं,छात्रों और बेरोजगारों की आवाज को इतनी मजबूती से उठाया जाएगा कि लखनऊ से लेकर दिल्ली तक की सत्ता हिल जाएगी। राहुल गांधी की यह यात्रा प्रयागराज के इतिहास में एक नया मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र, युवा और वरिष्ठ कांग्रेस के नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी निशा सिंह, मंजू मौर्या, जिला महासचिव सुनील पाण्डेय, शमसुल कमर, डा.अमर सिंह पटेल, वाररुम प्रभारी सददाम हुसैन सिद्दीकी, रितेश पासी, मो.फारुक, रमेश मौर्या,कार्तिकेय पाण्डेय, सूर्यभान कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज का गौरव बढ़ाया है रथ यात्रा महोत्सव : दुर्गा प्रसाद गुप्ता

**कार्यकर्ता सम्मान के साथ संपन्न हुआ रथ यात्रा महोत्सव**




**प्रयागराज ब्यूरो।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट द्वारा केसरवानी बालिका स्कूल ठाकुर दीन हाथा बहादुर गंज में कार्यकर्ता सम्मान एवं रथयात्रा महोत्सव संपन्न समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, पूर्व पार्षद विजय वैश्य कुमार नारायण सतीश चंद्र केसरवानी, दाऊ दयाल गुप्ता, जयराम गुप्ता, मंत्री गगन दास गुप्ता, अमर रस्तोगी, कन्हैया लाल गुप्ता, कृष्ण बहादुर पप्पू कलश, राजेश केसरवानी पूनम गुप्ता रीता साहू शशी कांत जायसवाल पप्पू ने दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान जगन्नाथ जी की वंदना के साथ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रथ यात्रा महोत्सव की सफलता कार्यकताओं की मेहनत और दानदाताओं की सेवा कार्य के बदौलत हुई है । उन्होंने कहा कि 27 वर्षों से निरंतर चलने वाली रथ यात्रा महोत्सव आज प्रयागराज का गौरव बन चुकी है। हमें इस गौरव को बनाए रखना है। कार्यक्रम संयोजक त्रिलोकी केसरवानी हैप्पी कसेरा, रहे। संचालन रथ यात्रा संयोजक राजेश केसरवानी ने किया।

इस अवसर संजय गुप्ता संजय वैश्य, अजय अग्रहरि, संदीप गुप्ता,अतुल खन्ना महेश सोनी,अनूप मिश्रा अरुण साहू, अनिल केसरवानी मंजू गुप्ता सरिता मिश्रा रीमा चतुवेर्दी, रिंकू वर्मा आकाश मालवीय अभिलाष केसरवानी पार्षद नीरज गुप्ता नेम यादव, लता उपाध्याय मीना देवी गीतांजलि साक्षी केसरवानी सुनीता साहू प्रीति गुप्ता आदि ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी को सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित 1002 का किया गया उपचार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है ।जनपद में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिनांक 26-07-2026 को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ के निर्देश के अनुसार आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है ' इस क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गौसपुर, सरसवां एवं कोखराज का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि आम लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य




मेले में 50 चिकित्साधिकारी व 132 पैरामेडिकल कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1002 मरीज पंजीकृत हुए एवं चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया तथा 03 मरीजों को मेडिकल कॉलेज/जिला संयुक्त चिकित्सालय,मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया। डायबिटीज के 98, हाइपरटेंशन के 24 मरीज, नेत्र जांच के 19 एवं बुखार के 89 मरीज पाये गये।साथ ही मेले में कुल 35 आभा आई0डी0 एवं 45 गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

## मंदिर में दर्शन करने आई महिला का सोने की जंजीर चोरी

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के पांडेश्वर नाथ धाम पंडिला में रविवार को मंदिर में दर्शन करने आए महिला का सोने के जंजीर चोरी हो गया। नवीन कुमार यादव निवासी टीवी कॉलोनी तेलियरगंज रविवार को अपनी मां के साथ पांडेश्वर धाम पंडिला मंदिर में दर्शन करने आए थे दर्शन करने के दौरान मंदिर के गर्भ गृह से नवीन के मां का सोने के जंजीर चोरी हो गया थोड़ी देर बाद जानकारी होने पर उनकी मां की होश उड़ गया चोरी की लिखित शिकायत थरवई थाने में किया की मंदिर के अंदर लगा सीसीटीवी कैमरा की जांच करके जंजीर को बरामद किया जाए।

## भाजपा प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**मेजारोड में 2027 चुनाव पर बूथ स्तर पर जुटने का आह्वान**

**मेजा प्रयागराज।** भाजपा प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर ने कार्यकताओं से की मुलाकात। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर ने रविवार को मेजा स्थित मेजारोड बाजार का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात की, जहां कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।सोनकर ने कार्यकताओं के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्होंने उनका कुशलक्षेम पूछा और संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।



उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, भाजपा के प्रदेश परिषद सदस्य कामेश्वर प्रसाद पटेल,जिला उपाध्यक्ष राजेश धनगर, पूर्व जिलामंत्री नाथू गुप्ता, मंडल महामंत्री राजीव मणीनाथ तिवारी, ओम प्रकाश विश्वकर्मा,आशुतोष प्रजापति और सुशील प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।आकांक्षा सोनकर ने जोर दिया कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आग्रह किया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय समस्याओं और संगठनात्मक रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## उपजिलाधिकारी कोरांव ने मंदिरो का औचक निरीक्षण करते हुए साफ सफाई के दिए निर्देश

**कोरांव स्वतंत्र भारत।** रविवार को उपजिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद ने क्षेत्र के अधिकांश मंदिरों व शिव मंदिर विश्वनाथ संस्कृति विद्यालय स्थिति, तथा बडवारी, मिश्रपुर,महुआव मंदिर का नीरी क्षण करते भक्तों की सुविधा को ध्यान में रख कर लोगों से जानकारी जुटाई तथा साथ मंदिर परिसर को साफ एवं स्वच्छ बनाने में गांव वालों से सहयोग की बात कही। और सम्बंधित सफाई कर्मचारियों को मंदिर परिसर में साफ सफाई के दिशा निर्देश जारी किए।



## नेवढ़िया पाल के जंगल में मिला 40 वर्षीय ब्यकि का शव

**कोरांव स्वतंत्र भारत।** थाना कोराव के ग्राम नेवाडिया पाल की पहाड़ी के जंगल में एक अज्ञात शव के मिलने की सूचना कोरांव पुलिस को प्राप्त हुई ।जिस पर मौके पर जाकर अज्ञात शव पुरुष उम्र करीब 40 वर्ष जो नग्न अवस्था में था तथा उसके शरीर पर किसी भी प्रकार का कोई चोट का निशान नहीं था। गांव वालों से आसपास पता करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि वह व्यक्ति जंगल में पहले भी कई बार इसी तरह नग्न अवस्था में घूमता हुआ देखा गया था, शव की पहचान नहीं हो पाई। सबको कब्जा पुलिस लेकर पोस्टमार्टम हेतु स्वरूप रानी अस्पताल भिजवा दिया गया आवश्यक विधि कार्यवाही अमल में लाई जा रही है कानून व्यवस्था सामान्य है। उपरोक्त सूचना प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव शैलेन्द्र सिंह ने दी।

## प्रयागराज कौशाम्बी रोड निर्माण में कम्पनी की लापरवाही राहगीरों की जान जोखिम में

**स्वतंत्र भारत नेवादा कौशाम्बी।** प्रयागराज रोड निर्माण का कार्य विगत वर्षो से चल रहा है दुर्भाग्य ये कि इनको पुरे कौशाम्बी के चौराहों की हलात बिगड़ने का परमिशन शायद सरकार के द्वारा मिला है जब से रोड निर्माण कार्य चालू हुआ है तब से आज तक दर्जनों राहगीरों की जान इस रोड निर्माण कम्पनी उक्छ ने लिया है इसका काम करने का तारीका जोखिम भरा है बेनी राम कटरा से लेकर फकीराबाद, पटेल चौरहा,मे बड़े बड़े गड्ढे करके ये रोड निर्माण कम्पनी मुँह फेर ले रही है हालत ये है कि कोई भी प्राइवेट इस कम्पनी की लापरवाही को जिम्मेदार प्रशासन के अधिकारी देखने को तैयार नहीं है रोड निर्माण कम्पनी के प्लान्ट मैनेजर से बात करने पर ये प्रोजेक्ट मैनेजर की जिम्मेदारी बता कर पल्ला झाड़ रहे हैं। हालात ये हैं की बेनी राम कटरा चौराहा मे सरांय अकिल से करारी रोड का गड्ढा लगभग एक साल से है। लेकिन इस गड्ढे मे ना गिट्टी डाली गई और ना ही इनका रोड निर्माण कार्य मे ये रोड का कोई ठेका है ऐसा रोड निर्माण कम्पनी का कहना है। अखिर कौन जिम्मेदारी लेगा इन गड्ढों का ये रोड निर्माण कम्पनी इतनी ताकत से पब्लिक का कार्य करने में लापरवाही बरत रही हैं ये सरकार से जनता सवाल पूंछ रही है क्या यही है सबका साथ सबका विकास है।

## जिला पंचायत सदस्य राज गौतम ने किया खड़ंजा मार्ग का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** तिल्हापुर मोड़ क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य राज गौतम के नेतृत्व में 300 मीटर लम्बी एवं 3 मीटर चौड़े खड़ंजा सड़क मार्ग का उद्घाटन किया गया। यह मार्ग तिल्हापुर मोड़ रोड से यश हॉस्पिटल तक बनाया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।उद्घाटन समारोह में



जिला पंचायत सदस्य राज गौतम ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य लगातार कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार यादव,राम लखन सिंह,का काशिब भाई,सीमा कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी लोगों ने सड़क निर्माण कार्य की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## एबीवीपी नगर इकाई मंझनपुर ने चलाया स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी ।** जनपद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मंझनपुर के कार्यकताओं द्वारा आज मंझनपुर स्थित डाइट मैदान में SFD (Students for Development) के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यकताओं ने मैदान एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता की तथा लोगों को प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण एवं पृथ्वी पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नगर मंत्री दीपक राजपूत ने समाज को सन्देश दिया कि स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

## भाजपा द्वारा निधियावा व थुलगुला में समरसता संकल्प अभियान का आयोजन

### संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के विचारों में समाहित है समरस समाज का सपना : जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में विधानसभा सिराथू के सांगठनिक मण्डल कड़ा के निधियावां और थुलगुला में संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित पार्टी कार्यकताओं ने कलश पूजन कर किया भव्य स्वागत।

कलश रथ यात्रा का पूजन कर स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने रविदास जी महाराज के जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज से जुड़ी एक कहावत है कहा जाता है कि भक्त रविदास के गांव से एक अति विद्वान भक्त गंगा स्नान के लिए जा रहे थे उन्होंने भक्त रविदास के घर के सामने से निकलते हुए कहा कि मैं गंगा स्नान के लिए जा रहा हूं, इस पर भक्त रैदास ने एक दमड़ी (पैसा)उन्हें दी और कहा,मेरी तरफ से गंगा मैया को अर्पित कर देना। उन महाशय ने गंगा स्नान करने के पश्चात पूरे विधि विधान से पूजा की तत्पश्चात उन्होंने संत रविदास की दी गई दमड़ी निकालकर गंगा माता के जल में फेंकी अचानक जल से स्वयं गंगा माता प्रकट हुई,उस दमड़ी को अपने हाथों में ग्रहण किया और एक रत्न जड़ित स्वर्ण कंगन उन्हें देकर कहा कि यह मेरे भक्त रविदास को दे देना। उन महाशय के मन में लालच आ गया कि



इतना सुंदर कंगन यदि वे राज्य की महारानी को भेंट करेंगे तो राजा जी की कृपा उन पर आजीवन बरसेगी। वे कंगन लेकर दरबार में गए और उसे गंगा मैया द्वारा स्वयं को दिया गया कंगन बता कर महारानी के लिए राजा जी को भेंट कर दिया। महारानी को वह कंगन बहुत पसंद आया परंतु महारानी ने कहा कि अकेला कंगन नहीं पहनेंगी ऐसा ही एक और कंगन गंगा मैया के यहां से मंगवा कर दीजिए।महाराज ने उन महाशय को आदेश दिया कि वह गंगा माता से वैसा ही एक और कंगन महारानी के लिए लाएं।अब वे संकट में पड़ गये उन्हें लगा कि अब सच्चाई सामने आएगी और महाराज उन्हें दंडित करेंगे। वे भाग कर संत रविदास के पास गए पूरा किस्सा उन्हें कह सुनाया और उनसे सहायता की गुहार लगाई। संत रविदास मुस्कुराए,वे जूते गांठने का काम करते थे तो पास ही लकड़ी के एक बर्तन में पानी रहता था जिसे कठौती कहते हैं। संत रविदास ने गंगा माता का स्मरण किया कठौती के पानी में हाथ डाला और तुरन्त वैसा ही एक कंगन निकालकर उन महाशय को दे दिया अर्थात भक्त रैदास की भक्ति में इतनी शक्ति थी कि गंगा मैया उनकी कठौती में ही प्रकट हो गई तभी से यह कहावत चली आ रही है कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। ऐसी तमाम बातों को बताया इस मौके पर जिला महामंत्री व मण्डल प्रभारी कड़ा राकेश पाण्डेय, जगदीश सरोज, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप कुमार पटेल, रोजगार सेवक संघ जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा, राजबीर सिंह, मूलप्रकाश तिवारी, मण्डल महामंत्री अजय शुक्ला, अनिल कुमार, बब्लू सोनकर, आकाश भट्ट, शिवप्रताप मौर्य सहित सम्मानित पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## फिर आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं नई बात नहीं हैं। इनके उन्मूलन के लिए सेना एवं अन्य सुरक्षा बल लगातार सघन अभियान चलाते रहते हैं। परिणामस्वरूप कई दिनों तक शांति भी बनी रहती है। लेकिन इसी शांति के बीच फिर हत्या की वारदात फिर पुराने दिनों जैसे हालात पैदा कर देती है। इसका ताजा उदाहरण शनिवार को कुलगाम में हुई दुखद घटना है जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर दो मजदूरों की हत्या कर दी। कुछ ही दिनों पहले अनंतनाग के लाल चौक क्षेत्र में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग कर दी जिसमें एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। इन घटनाओं से साफ है कि राज्य में आतंकवादियों की सक्रियता अभी भी बनी हुई है। उनको केवल मौके का इंतजार रहता है। ये सही है कि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा प्रबंध बेहद कड़े कर दिए गए थे जिनका असर यह रहा कि लंबे समय तक कोई वारदात होने का मौका नहीं आया। लेकिन अब यह भी साफ है कि इस अतंराल का इस्तेमाल आतंकियों ने नए सिरे से अपनी तैयारियां करने में किया। सुरक्षा इंतजामों में अपने लिए मौके तलाशे और मौका मिलते ही घटना को अंजाम दे दिया। इस मामले में अब यह बात उभर कर सामने आई है कि आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने और कई स्तरों पर सख्ती बरते जाने के बाद आतंकी अब घात लगाकर छोटे हमले करने लगे हैं। यह सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर राज्य में डर का माहौल बनाए रखने की कोशिश है। यह आतंकियों की नई रणनीति है। इसका सामना करने के लिए जरूरी है कि सुरक्षाबल नए तौर-तरीकों को अपनाएं। इसके लिए उन्हें राज्य में अपनी मौजूदगी को और विस्तार देना होगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी आतंकी हमले का मौके पर ही करारा जवाब दिया जाए। एक बात यह भी है कि आतंकी लंबा समय बीतने के बाद अपने पुराने हथकंडे अपनाते हैं। इनका विस्तृत अध्ययन कर इन्हें रोकने के लिए सख्त और सतर्क कदम उठाए जाने जरूरी हैं। इसके अलावा सीमापार स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने वाले आतंकी संगठनों के खिलाफ न केवल देश के भीतर मोर्चाबंदी आवश्यक है बल्कि स्थानीय स्तर पर कुछ बहके लोगों, खासकर युवाओं को उनकी मदद करने के रास्ते से हटाकर सही राह पर लाने की जरूरत है। ये तथ्य कई बार साबित हो चुका है कि आतंकियों के आका पाकिस्तान का केवल एक ही मकसद कश्मीर को अशांत बनाए रखना है।

## तकनीक का फायदा

ठगी, जालसाजी और फर्जीवाड़े के लिए तकनीक के इस्तेमाल की घटनाएं सामने जरूर आ रही हैं लेकिन इससे इसके फायदे कम नहीं हो जाते। भारत जैसे विशाल देश में व्यवस्था को सुचारु बनाने में इसका अपना महत्व है। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट से पता चला है कि उत्तर प्रदेश में करीब अड़तीस लाख अपात्र लोग गलत तरीके से राशन ले रहे हैं। इस गोलमाल की जानकारी विभागीय ऐप के जरिए आधार कार्ड लिंक की पड़ताल में सामने आई है। यह सफलता तकनीक की मदद से ही संभव हो पाई। नतीजा यह है कि अब प्रदेश सरकार ऐसे अपात्र राशन कार्डधारकों की छानबीन में जुटी है ताकि उनके राशन कार्ड निरस्त किए जा सकें। यह विभागीय ऐप राशन कार्डधारकों की एक क्लिक में पहचान कर ले रहा है। आधार के बैंक खाते या पैन कार्ड से लिंक होने के कारण विभिन्न सेवाओं के ऑनलाइन होने से ऐसे अपात्रों की पहचान आसान हो गई है। यही नहीं, छोटी-मोटी गलतियों को भी ऐप आसानी से पकड़ ले रहा है। तकनीक के इसी लाभ के कारण जब प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र द्वारा चिन्हित सभी करीब सत्तावन हजार अपात्र राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन कराया गया तो पोर्टल पर करीब अड़तीस लाख लाभार्थियों को अपात्र अंकित किया गया। इनमें करीब साढ़े पैंतीस लाख लाभार्थियों का डाटा ही निरस्त कर दिया गया। स्पष्ट है कि इतनी बड़ी संख्या में अपात्र लोग सरकार की कल्याण योजना का अनुचित ढंग से लाभ उठा रहे थे जबकि इससे अन्य जरूरतमंदों को फायदा मिल सकता था। ये योजना का खुला दुरुपयोग तथा शासन की नेक मंशा का गलत ढंग से फायदा उठाने का मामला था। यह खुलासा एक चेतावनी भरी घंटी की तरह है। कल्याण योजनाओं के संचालन से जुड़े अन्य विभागों को भी इससे सबक लेकर अपने कार्यक्रमों की एहतियातन जांच करानी चाहिए ताकि उनमें कोई गड़बड़ी-अनियमितता हो रही हो तो वह सामने आ सके और पात्र लोग ही लाभान्वित हों। तकनीक का प्रयोग होने से दूध का दूध पानी का पानी तो होगा ही, सरकार की छवि भी निखरेगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सनातन के अपमान का आरोप राहुल, पप्पू और अवधेश पर वाराणसी में एफआईआर**
चोरी का विरोध सनातन का सम्मान है!

**तिरंगे के सहारे बूथ साधेगी भाजपा**
लेकिन डंडों के सहारे यूथ नहीं सध पाएगा!

**बेटियों ने दिखाया दुनिया को मुक्कों का दम**
प्रधानमंत्री वीडियो संदेश से बेटियों को बधाई देने में देर नहीं करेंगे!

**ट्रंप ने फिर बड़े हमले का आदेश दिया**
भारत में नीला ड्रम और दुनिया में ट्रंप की दहशत कम नहीं हो रही!


**गोवंश ने मासूम को जमीन पर पटका, लोगों ने बचाया**
गोवंश को भी बचाना है और मासूम को भी!

**जिंदा विधवा, मृत रिकार्ड... तहसील में तकरार**
तकरार जिन्दा रहने का सुबूत है!

♦♦♦

# बंद करो राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र

दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले दिनों नीट पेपर लीक मामले के ख़िलाफ़ 36 दिनों तक चला छात्र आंदोलन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाप्त हुआ। इस आंदोलन के राष्ट्रव्यापी होने से पहले ही सरकार



-तनवीर जाफ़री

ने आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें स्वीकार करते हुये यह साबित कर दिया कि यदि छात्र व युवा संगठित हों और उनकी मांगें भी जायज़ हों तो बहुमत वाली सरकार को भी झुकाया जा सकता है और 'हमारी सरकार में इस्तीफ़े नहीं होते' जैसे सत्ता के अहंकारी मिथक को तोड़ा जा सकता है। परन्तु इस आंदोलन के दौरान और आंदोलन समाप्त होने के बाद भी मीडिया से लेकर सत्ता समर्थक नेताओं व तथाकथित सेलेब्रिटीज़ द्वारा आंदोलनकारी युवाओं के प्रति अत्यंत अभद्र व आपत्तिजनक भाषाओं का इस्तेमाल किया जाता रहा। निश्चित रूप से लगभग नेतृत्वविहीन से समझे जाने वाले इस आंदोलन में कुछ छात्र छात्राएं ऐसे भी थे जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कई ऐसी अभद्र बातें कीं जिन्हें शिक्षित छात्रों की भाषा क़तई नहीं कहा जा सकता। कुछ युवाओं द्वारा तो प्रधानमंत्री मोदी व उनकी दिवंगत माताजी के विरुद्ध आपत्तिजनक व अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। हालांकि नरेंद्र मोदी ने एक वीडिओ जारी कर उन्हें मुआफ़ भी कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कभी-कभी ग़ल्ती से दांतों के बीच जीभ आ जाती है और ख़ून निकल आता है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ते क्योंकि दांत और जीभ दोनों हमारे अपने हैं।' परन्तु यह भी सच है कि गिनती के ऐसे युवाओं की गाली गलौज वाली भाषा के आधार पर पूरे आंदोलन,उसके विचारों व उसकी आत्मा का गला भी नहीं घोंटा जा सकता। उनके बहाने समस्त आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित नहीं किया जा सकता। परन्तु ऐसा ही किया जा रहा है।

भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रानावत जिन्होंने स्वयं अपने एक साक्षात्कार में अपने ही अतीत को लेकर कुछ ऐसे रहस्योद्घाटन किये थे जिन्हें सुनकर किसी भी व्यक्ति का सिर शर्म से झुक जाये,वही कंगना, छात्र आंदोलन में शामिल युवाओं के ख़िलाफ़ पहले तो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर और बाद में संसद परिसर में मीडिया के सामने बेहद आपत्तिजनक बयान देती हैं? वे आंदोलनकारी छात्रों को 'गटर जनरेशन' और 'गटर छाप' 'गंदगी' और 'बदसूरत' कहकर संबोधित करती हैं। वे कहती हैं कि जंतर-मंतर आंदोलन के वायरल वीडियो को देखकर उन्हें 'उबकाई' आती है। वे इस पूरे प्रदर्शन को 'कचरा तथा भद्देपन का प्रदर्शन' बताती हैं। वे कहती हैं कि प्रदर्शन करने वाले युवाओं को नीट का फ़ुल फ़ॉर्म भी नहीं पता होगा। गोया कंगना युवाओं की वैध नाराज़गी को समझने के बजाय चंद बेहूदगी दिखाने वाले छात्रों को सम्बोधित करने के बजाये उन्हीं की आड़ में पूरे आंदोलन व आंदोलनकारी युवाओं का तिरस्कार कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश करती हैं।


आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित करने उन्हें धमकाने व नीचा दिखाने की ऐसी ही कोशिश टी. जी. मोहनदास नामक एक ऐसे व्यक्ति द्वारा की गयी जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा केरल का एक प्रमुख दक्षिणपंथी राजनीतिक विश्लेषक, हिंदुत्व विचारक और भारतीय जनता पार्टी का राज्य बौद्धिक सेल का पूर्व प्रमुख है। इस व्यक्ति ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के ख़िलाफ़ अपने यूट्यूब चैनल 'पत्रिका' पर एक अत्यंत आपत्तिजनक,विवादित और हिंसक बयान दिया था। इस ने अपने वीडियो में प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाते हुए कहा कि ÷अगर मैं ज़िम्मेदार (अधिकार) में होता, तो जंतर-मंतर के चार वर्ग किलोमीटर के इलाक़े में कर्फ़्यू लगा देता। मैं लोगों से तीन बार वहां से हटने के लिए कहता और इसके बाद सीधे गोली चलवा देता। कुछ लोग भाग जाते, कुछ मर जाते, कुछ बच जाते और चार घंटे के भीतर स्थिति शांत हो जाती। इसी तरह उसने प्रदर्शन में शामिल छात्राओं व महिलाओं के ख़िलाफ़ भी बेहद शर्मनाक टिप्पणी करते हुए कहा कि ÷प्रदर्शनकारियों में ऐसी महिलाएं शामिल हैं जिन्हें बलात्कार पसंद है÷ उसने वामपंथी महिलाओं को निशाना बनाकर कई अभद्र बातें कहीं। उसने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग और उन्हें पीटने का भी समर्थन किया। देश भर में भारी राजनीतिक और सामाजिक आक्रोश देखने के बाद केरल की तिरुवनंतपुरम साइबर पुलिस ने उसके ख़िलाफ़ भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 (दंगा भड़काने का इरादा) और 353(1)(b) (सार्वजनिक शांति भंग करना), आईटी एक्ट और केरल पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। उधर विवाद बढ़ने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आधिकारिक तौर पर उसके बयानों से यह कहकर दूरी बना ली कि 'यह मोहनदास के 'निजी विचार' हैं और संगठन इनकी कड़ी निंदा करता है'। विवादों से बचने के लिये भले ही संघ ऐसे व्यक्ति से दूरी क्यों न बनाये को चीनी एजेंट बताने की कोशिश की गयी। यह वही जाना पहचाना पैटर्न था जोकि विवादित कृषि क़ानूनों के विरुद्ध हुये किसान आंदोलन के समय भी सत्ता पक्ष व उसके समर्थकों की ओर से देखा गया था। परन्तु जिस तरह किसान आंदोलन को ख़ालिस्तान समर्थक आंदोलन प्रचारित करने के बावजूद सरकार को किसानों के सामने घुटने टेकते हुये तीनों विवादित कृषि क़ानूनों वापस लेने पड़े थे ठीक उसी तरह युवाओं ने भी पिछले दिनों शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का त्यागपत्र लेने के बाद ही अपना आंदोलन समाप्त किया। गोया यहाँ भी सरकार को आंदोलन के सामने घुटने टेकने पड़े। सवाल उन सत्ता समर्थक मीडिया,नेताओं व चाटुकारों से है कि क्या स्वयं को मज़बूत बताने वाली सरकार ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफ़ा लेकर एक बार फिर पाकिस्तानी,चीनी व राष्ट्रविरोधी मंसूबों पर चलने वाले छात्र आंदोलन के सामने समर्पण कर दिया ? संघ विचारक जिन्हें गोली मारने व बलात्कार का पात्र मानते हों, सांसद कंगना रानौत जिन्हें गटर, बदबूदार, उबकाई भरा, बदसूरत और न जाने क्या क्या बताती हो, क्या सरकार ने ऐसे लोगों के सामने घुटने टेक दिये? और क्या यह सरकार किसान




परन्तु इसतरह के ज़हरीले विचार कहाँ से आये कहाँ पनपे और किन संस्कारों में फले फूले इस बात से संघ अपने को नहीं बचा सकता।

इसी तरह गोदी मीडिया के कई चैनल्स सत्ता के कई प्रवक्ता व सत्ता समर्थक लोगों द्वारा आंदोलन पर वामपंथी,पकिस्तान समर्थक,चीन द्वारा फ़ंडिंग प्राप्त यहाँ तक कि भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक तक आंदोलन के समय भी खालिस्तानी इरादों के सामने इसी तरह नतमस्तक हो गयी थी ? सत्ता से जुड़े लोगों,समर्थकों और सत्ता की चाटुकारिता को ही देशभक्ति समझने वालों को राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र बांटना बंद कर देना चाहिये अन्यथा जब जब सरकार आंदोलनकारियों के सामने नतमस्तक होगी तब तब यह सवाल भी पूछे जाते रहेंगे।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ पञ्चदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

यहाँ कहते हैं-मैं भी वेदवित् हूँ। उन वेदविदों में अपनी भी गणना करते हैं। अतः श्रीकृष्ण भी यहाँ वेदवित् पुरुषोत्तम हैं, जिसे पाने का अधिकार मानवमात्र को है।

अन्त में उन्होंने बताया कि लोक में दो प्रकार के पुरुष हैं। भूतादिकों के सम्पूर्ण शरीर क्षर हैं। मन की कूटस्थ अवस्था में यही पुरुष अक्षर है; किन्तु है द्वन्द्वात्मक और इससे भी परे जो परमात्मा, परमेश्वर, अव्यक्त और अविनाशी कहा जाता है, वह वस्तुतः अन्य ही है। यह क्षर और अक्षर से परेवाली अवस्था है, यही परमस्थिति है। इससे संगत करते हुए कहते हैं कि मैं भी क्षर-अक्षर से परे वही हूँ, इसलिये लोग मुझे पुरुषोत्तम कहते हैं। इस प्रकार उत्तम पुरुष को जो जानते हैं वे ज्ञानी भक्तजन सदैव, सब ओर से मुझे ही भजते हैं। उनकी जानकारी में अन्तर नहीं है। अर्जुन ! यह अत्यन्त गोपनीय रहस्य मैंने तेरे प्रति कहा। प्राप्तिवाले महापुरुष सबके सामने नहीं कहते; किन्तु अधिकारी से दुराव भी नहीं रखते। अगर दुराव करेंगे तो वह पायेगा कैसे? इस अध्याय में आत्मा की तीन स्थितियों का चित्रण क्षर, अक्षर और अति उत्तम पुरुष के रूप में स्पष्ट किया गया, जैसा इससे पहले किसी अन्य अध्याय में नहीं है। अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'पुरुषोत्तमयोगो' नाम पञ्चदशोऽध्यायः ।।15।। इस प्रकार श्रीमद्भगवद् गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के सम्वाद में 'पुरुषोत्तम योग' नामक पन्द्रहवाँ अध्याय पूर्ण होता है। इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थ गीता' भाष्ये 'पुरुषोत्तमयोगो' नाम पञ्चदशोऽध्यायः ।।15।।

इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'पुरुषोत्तम योग' नामक पन्द्रहवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

।। हरिः ॐ तत्सत् ।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।**

इस संसार में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए (ब्राह्मणों के सामने विनम्र)तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं (गर्वित रहते हैं), उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# कोविड का लौटता साया : आपकी इम्युनिटी ही आपका असली बचाव

विभिन्न क्षेत्रों में कोविड-19 के मामले पुनः सामने आ रहे हैं। ऐसे समय में एक चिकित्सा विशेषज्ञ बता रही हैं कि हमारी रक्षा प्रणाली कैसे कार्य करती है, स्वास्थ्य से जुड़े भ्रमों का निवारण करती है, और दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए प्रभावी



डॉ. के. सुधा राव

उपाय प्रस्तुत करती है। हैदराबाद, केरल और उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के मामले दोबारा सामने आने का समाचार पढ़ते ही मेरा मन महामारी के उन विकट दिनों में लौट गया, और वे दृश्य किसी चलचित्र की भांति सामने घूमने लगे। उस समय जो एक शब्द मेरे भीतर गहराई से गूंजा, वह था, 'रोग प्रतिरोधक क्षमता' (इम्यूनिटी)। मैंने इस बात पर विचार किया कि व्यक्तिगत और सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता कैसे विकसित होती है, इस आशा के साथ कि वैसा संकट फिर कभी न आए। लगभग प्रत्येक व्यक्ति ने अपने किसी पारिवारिक सदस्य, मित्र या प्रियजन को खोया है, और वह पीड़ा आज भी बनी हुई है। आज भी अनेक लोग हृदय और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करने वाली कोविड-उत्तर (पोस्ट-कोविड) जटिलताओं से जूझ रहे हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता क्या है?

रोग प्रतिरोधक क्षमता शरीर की वह जन्मजात एवं अर्जित योग्यता है, जिसके द्वारा वह विषाणु (वायरस), जीवाणु (बैक्टीरिया) और अन्य बाह्य सूक्ष्मजीवों सहित हानिकारक रोगजनकों का विरोध करता है और स्वयं की रक्षा करता है। इसे मुख्य रूप से तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है - पहला, जन्मजात प्रतिरोधक क्षमता (इननेट इम्यूनिटी)- यह वह प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली है जिसके साथ हम जन्म लेते हैं। यह त्वचा, आंसू और पेट के अम्ल (एसिड) जैसे शारीरिक और रासायनिक अवरोधों के माध्यम से सुरक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करती है। यह बाह्य आक्रमणकारियों को रोकने के लिए तुरंत कार्य करती है, यद्यपि इसका दायरा सामान्य होता है। दूसरा अर्जित / सक्रिय प्रतिरोधक क्षमता (एडॉप्टिव / एक्टिव इम्यूनिटी)- यह वह विशेष सुरक्षा प्रणाली है जिसे हमारा शरीर समय के साथ विकसित करता है। जब शरीर किसी रोगजनक या टीके के संपर्क में आता है, तो प्रतिरक्षा प्रणाली उन जीवों को लक्षित करने के लिए विशेष प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) का निर्माण करती है, जिससे भविष्य में संपर्क होने पर तीव्र और अधिक प्रभावी प्रतिक्रिया मिलती है। सक्रिय प्रतिरोधक क्षमता दीर्घकालिक और प्रायः जीवनभर रहने वाली होती है। तीसरा, निष्क्रिय प्रतिरोधक क्षमता (पैसिव इम्यूनिटी)- यह बाहरी स्रोत से प्राप्त अल्पकालिक सुरक्षा है। उदाहरण के लिए, नवजात शिशु को गर्भनाल और स्तनपान के माध्यम से माता से एंटीबॉडी प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त, तत्काल सुरक्षा के लिए एंटीबॉडी युक्त रक्त उत्पादों (जैसे इम्युनोग्लोबुलिन) के माध्यम से भी निष्क्रिय प्रतिरोधक क्षमता दी जा सकती है। यद्यपि यह तुरंत कार्य करती है, परंतु इसकी सुरक्षा केवल कुछ सप्ताहों से महीनों तक ही रहती है।

हमारे शरीर की रक्षा प्रणाली अंगों, ऊतकों और विशेष कोशिकाओं के एक जटिल और परस्पर जुड़े नेटवर्क पर निर्भर करती है जो निरंतर मिलकर कार्य करते हैं-

लसीका ग्रंथियां और लसीका वाहिकाएं (लिम्फ नोड्स)- लसीका द्रव को छानती हैं और बाहरी आक्रमणकारियों को फंसाती हैं।

अस्थि मज्जा (बोन मैरो)- रक्त कोशिकाओं, विशेष रूप से श्वेत रक्त कोशिकाओं के उत्पादन का प्राथमिक स्थान।

थाइमस और प्लीहा (स्पलीन)- प्रतिरक्षा कोशिकाओं के परिपक्व होने और रक्त को छानने के लिए आवश्यक अंग।

टॉन्सिल, एडेनोइड्स, पेयर्ज़ पैच और अपेंडिक्स- शरीर में प्रवेश के मार्गों की रक्षा करने वाले मुख्य श्लेष्मा (म्यूकोसल) प्रहरी।

श्वेत रक्त कोशिकाएं (डब्ल्यू.बी.सी.) -पहली पंक्ति के कोशिकीय सैनिक जो रोगजनकों की पहचान करते हैं और उन्हें नष्ट करते हैं। इन अंगों का स्वास्थ्य बनाए रखना प्रतिरोधक क्षमता के स्तर को ऊंचा रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन अंगों को प्रभावित करने वाली कोई भी अंतर्निहित बीमारी या पुरानी स्थिति शरीर की रक्षा क्षमता को सीधे तौर पर कमजोर करती है।

प्रतिरक्षा प्रणाली की खराबी के 16 चेतावनी संकेत

प्रतिरक्षा प्रणाली के असंतुलन के शुरुआती संकेतों पहचानकर समय पर चिकित्सीय परामर्श और उपचार लिया जा सकता है-

1. एलर्जी संबंधी स्थितियां- दमा (अस्थमा), एक्जिमा, या त्वचा की बार-बार होने वाली अत्यधिक संवेदनशीलता। 2.ऑटोइम्यून विकार- संधिवात (रूमेटाइड अर्थराइटिस), टाइप 1 मधुमेह, सीलिएक रोग, मल्टीपल स्केलेरोसिस, या सोरायसिस। 3. रेनाउड रोग / ठंडे हाथ-पैर- सीमित परिधीय रक्त प्रवाह के कारण हाथों या पैरों का अत्यधिक ठंडा होना। 4. निरंतर पाचन संबंधी समस्याएं- दीर्घकालिक अतिसार (दस्त), कब्ज, या आंत के सूक्ष्मजीवों का असंतुलन। 5. शुष्क आंखें और पुरानी थकान- शुष्क श्लेष्मा झिल्ली के साथ अकारण अत्यधिक थकान। 6. बार-बार हल्का बुखार होना- बार-बार हल्का बुखार या अकारण सिरदर्द होना। 7. त्वचा पर चकत्ते और धूप के प्रति संवेदनशीलता- त्वचा पर अकारण दाने या धूप के प्रति असामान्य संवेदनशीलता। 8. जोड़ों में लगातार दर्द -बिना किसी चोट के मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों में सूजन। 9. त्वचा का रंग उड़ना / बालों का झड़ना- एलोपेसिया (चकत्ते में बाल झड़ना) या विटिलिगो (त्वचा पर सफेद दाग)। 10. बार-बार संक्रमण होना- बार-बार सर्दी-जुकाम होना, साइनस का संक्रमण, या घावों का धीरे-धीरे भरना। 11. तंत्रिका संवेदनाएं- हाथों और पैरों में लगातार झुनझुनी या सुन्नता महसूस होना। 12. निगलने में कठिनाई (डिस्फेजिया)- भोजन या तरल पदार्थ निगलते समय दर्द या कठिनाई होना। 13. वजन में अकारण बदलाव- आहार में बदलाव किए बिना तेजी से वजन घटना या बढ़ना। 14. पीलिया (जॉन्डिस)- यकृत (लिवर) या लाल रक्त कोशिकाओं की समस्याओं के कारण आंखों या त्वचा का पीला पड़ना। 15. उच्च सूजन दर (इन्फ्लेमेशन)- रक्त जांच में उच्च सूजन संकेतक (सी.आर.पी./ ई.एस.आर.)। 16. अंगों की कार्यक्षमता में कमी-लसीका, प्लीहा या श्लेष्मा ऊतकों की कार्यप्रणाली का कमजोर पढ़ना।

रोग प्रतिरोधक क्षमता से जुड़े 6 सामान्य भ्रम- प्रतिरोधक क्षमता के विषय में भ्रामक जानकारी गलत स्वास्थ्य विकल्पों और सुरक्षा के झूठे अहसास की ओर ले जा सकती है। चिकित्सा दृष्टिकोण से मुख्य भ्रमों की सत्यता इस प्रकार है- भ्रम 1- पूरक आहार (सप्लीमेंट्स) लेने से तुरंत रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

सत्य- पोषक पूरक आहार पोषण की कमी को पूरा करते हैं, परंतु वे कोई जादुई गोली नहीं हैं। ताजे फल, सब्जियों और साबुत अनाज से युक्त संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद कहीं अधिक प्रभावी हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

भारतीय जन-समुदाय चाणक्य के नाम को भलीभांति जानते हैं। वह बड़े कठोर राजनीतिज्ञ थे। लोकनीति के आचार्य थे। उनकी मां की इच्छा थी कि वह संसार के बहुत बड़े आदमी बनें और इसके लिए वह उन्हें नसीहत देती रहती थी।

एक दिन चाणक्य के घर कोई ज्योतिषी आय। चाणक्य कहीं बाहर गये थे। मां ने ज्योतिषी को अपने पुत्र की जन्मपत्री दिखाई और उनके भविष्य के बारे में पूछा। ज्योतिषी ने जन्मपत्री देखकर कहा, मां, तेरे पुत्र के ग्रह बड़े ही प्रबल हैं। आजतक ऐसी जन्मपत्री मेरे देखने में नहीं आई। तेरा बेटा एक दिन चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि मेरी बात का विश्वास न हो तो देख लेना, उसके सामने के दांत पर नागराज का निशान है।

ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी सुनकर मां अवाक रह गई। वह अपने बेटे को बेहद प्यार करती थी और हर घड़ी अपने पास रखना चाहती थी, चक्रवर्ती सम्राट होने पर तो वह उससे बिछुड़ जायगा! राजकाज में इतना लीन हो जायगा कि उसे मेरा ध्यान ही नहीं रहेगा! अपनी बात कहकर ज्योतिषी तो चला गया, पर मां सोच में पड़ गई। हाय, आगे क्या होगा ?

थोड़ी देर में चाणक्य लौटे तो मां को उदास पाया। बोले, मां क्या बात है ?

मां ने उन्हें सारी बात बता दी और अंत में अवरुद्ध कण्ठ से कहा, मैं जानती हूं, तू चकवर्ती सम्राट बनकर मुझे भूल जायगा। बेटा, मेरे लिए तेरे पास समय ही कहां रहेगा ?

चाणक्य विचलित हो गये। बोले, मां, ऐसा नहीं होगा। पर तुम कैसे कहती हो कि मैं चक्रवर्ती सम्राट बनूंगा। मां ने कहा, देख, तेरे सामने के दांत पर नाग का चिन्ह है।

चाणक्य ने आइने में देखा तो मां की बात सही थी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। एकान्त में जाकर पत्थर से उस दांत को निकाल दिया। फिर मां के सामने उसे रखते हुए बोले, यह ले मां, तेरे सामने मेरे लिए चक्रवर्ती सम्राट के पद का कोई मूल्य नहीं है।

## आपका पत्र मिला

### लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला

अवसरहीनता से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी', 'विकसित भारत', या 'विश्व गुरु' जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। एक मंत्री को इस्तीफा देने पर मजबूर करने की कॉकरोच आंदोलन की सफलता से जनमत के एक हिस्से में 'लोकतंत्र के जिंदा होने' का बना अहसास यही बताता है कि हालिया वर्षों में 'लोकतंत्र की स्थिति' लेकर इस दायरे में कितनी मायूसी छायी रही है। यह भावना जवाबदेही तय करने वाली संस्थाओं के पंगु होने और लोकतांत्रिक अधिकारों के सिकुड़ते जाने की धारणा से पैदा हुई है। कॉकरोच आंदोलन दरअसल, इन सबसे ही गहराती हताशा एवं बढ़ते आक्रोश की सामूहिक अभिव्यक्ति का जरिया बना। इस दौरान दिखी खासकर युवा वर्ग की उत्साही भागीदारी एवं जोश भरी प्रतिक्रियाओं ने कुछ ठोस संकेत दिए। मसलन, यह कि हवाई कथानकों के जरिए जमीनी नाकामियों को छिपाने में सत्ता पक्ष को मिली कामयाबियों का दौर अब ठहर चुका है। अवसरहीनता और अंधकारमय भविष्य से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी', 'विकसित भारत', या 'विश्व गुरु' जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह नरेंद्र मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। इस अर्थ में कहा जा सकता है कि नैरेटिव कंट्रोल की मोदी की क्षमता पहली बार चूकती नज़र आई। मध्य एवं उच्च मध्यम वर्ग से आए पढ़े-लिखे एवं नई संचार तकनीक के इस्तेमाल में माहिर नौजवानों ने जो किताबों में पढ़ा और सरकारी प्रचार-तंत्र से सुना, उसका परीक्षण वे हकीकत के बरक्स कर रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला है। लेकिन हमें सचेत रहना चाहिए कि अक्सर स्वतःस्फूर्त, असंगठित, एवं नेतृत्व-विहीन आंदोलन ऐसा अवसर पैदा करने के बाद बिखराव का शिकार हो जाते हैं।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# कैसे हुई नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना?

सनातन धर्म में सावन के महीने को बेहद खास माना जाता है। इस पूरे महीने में विधिपूर्वक से शिव परिवार की पूजा-अर्चना की जाती है और महादेव का अभिषेक किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सावन में जलाभिषेक करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से मनचाही मुराद पूरी होती है। इसके अलावा शिव मंदिरों को बेहद सुंदर तरीके से सजाया जाता है। साथ ही भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि देश में भगवान शिव को समर्पित एक ऐसा भी मंदिर है, जहां महादेव के दर्शन करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। आइए, इस मंदिर के बारे में जानते हैं-

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की कथा** – पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में दारूका नाम की एक राक्षस कन्या थी। उसने तपस्या के द्वारा माता पार्वती को प्रसन्न वरदान प्राप्त किया था। दारूका ने कहा कि मैं वन नहीं जा सकती हूं। वहां पर कई तरह की दैवीय औषधियां हैं। सत्कर्म के लिए हम राक्षसों को उस वन में जाने की अनुमति दें। माता पार्वती ने यह वरदान दे दिया। इसके बाद दारूका ने वन में बहुत उत्पात मचाया और वन को देवी-देवताओं से छीन लिया। साथ ही सुप्रिया को बंदी बना लिया। वह शिवभक्त थीं। ऐसी स्थिति में सुप्रिया ने भगवान शिव की तपस्या शुरू की और प्रभु से खुद के बचाव के लिए वरदान मांगा। महादेव उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और उनके साथ ही चार दरवाजों का एक बेहद सुंदर





मंदिर प्रकट हुआ। मंदिर के बीच में ज्योतिर्लिंग प्रकाशित हुआ। सुप्रिया ने सच्चे मन से महादेव की पूजा-अर्चना की और शिव जी वरदान में राक्षसों का नाश मांग लिया। इसके अलावा महादेव से इसी जगह पर स्थित होने के लिए कहा। शिव जी ने इस बात को स्वीकार कर उसी स्थल पर विराजमान हो गए। इसी तरह यह ज्योतिर्लिंग स्वरूप भगवान शिव 'नागेश्वर' कहलाए।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है** – गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कौन से नंबर पर आता है? देशभर में शिव जी के बारह ज्योतिर्लिंग हैं। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग का दसवां स्थान है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है** – गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दर्शन टाइम** –नागेश्वर मंदिर से सुबह 06 बजकर 30 मिनट से लेकर दोपहर में 12 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। वहीं, शाम को 05 बजे से लेकर रात 09 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। भक्त इस दौरान नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकते हैं।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कैसे पहुंचे**

अगर आप नागेश्वर ज्योतिर्लिंग जाना चाहते हैं, तो मंदिर के सबसे पास द्वारका रेलवे स्टेशन है। यहां से मंदिर 18 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा सड़क के बस या टैक्सी के दवारा भी जा सकते हैं।

# पत्नी-पति के साथ न करें ऐसा बर्ताव

## प्यार और रिश्ता दोनों खो सकती हैं आप

पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान पर टिका होता है। लेकिन कभी-कभी अनजाने में की गई गलतियां रिश्ते में दूरियां पैदा कर सकती हैं। अगर पत्नी कुछ खास बातों का ध्यान नहीं रखती है, तो इससे न केवल पति का प्यार कम हो सकता है, बल्कि रिश्ता भी कमजोर पड़ सकता है। एक अच्छा रिश्ता तभी टिकता है जब दोनों एक-दूसरे को समझें और सम्मान दें। छोटी-छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लिया जाए, तो रिश्ते को मजबूत बनाया जा सकता है।



**पति का अपमान करना**

किसी भी रिश्ते में सम्मान बहुत जरूरी होता है। अगर पत्नी बार-बार पति का अपमान करती है, उसकी बातों को नजरअंदाज करती है या उसे दूसरों के सामने नीचा दिखाती है, तो इससे पति को बुरा लग सकता है और वह धीरे-धीरे दूरी बनाने लग सकता है।

**दूसरों से तुलना करना**

अगर पत्नी अपने पति की दूसरों से तुलना करने लगती है, तो यह उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा सकता है। हर इंसान अलग होता है और उसकी अपनी खूबियां होती हैं। तुलना करने से रिश्ते में कड़वाहट आ सकती है और पति को लग सकता है कि वह अपनी पत्नी की नजरों में कमतर है।

**हर बात पर लड़ाई झगड़ा करना**

रिश्ते में कभी-कभी नोकझोंक होना आम बात है, लेकिन अगर छोटी-छोटी बातों पर बार-बार झगड़ा होता है, तो इससे पति को घर में सुकून महसूस नहीं होगा। लगातार झगड़े से प्यार कम होने लगता है और रिश्ते में दरार आ सकती है।

**पति की भावनाओं की अनदेखी**

कई बार पत्नियां अपनी बातों और जरूरतों पर ज्यादा ध्यान देती हैं, लेकिन पति की भावनाओं और जरूरतों को नजरअंदाज कर देती हैं। अगर पत्नी अपने पति की परेशानियों को नहीं समझेगी और उसकी बातों को अहमियत नहीं देगी, तो इससे पति को अकेलापन महसूस हो सकता है।

**ससुराल वालों की आलोचना**

पति अपने माता-पिता और परिवार से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है। अगर पत्नी बार-बार उसके परिवार की बेजा आलोचना करती है या उन्हें अपमानित करती है, तो इससे पति को दुख पहुंच सकता है। इससे न केवल रिश्ते में तनाव बढ़ेगा, बल्कि पति को यह भी लग सकता है कि उसकी पत्नी उसकी भावनाओं की कद्र नहीं करती।

# क्या बारिश के मौसम में लगानी चाहिए सनस्क्रीन?



सनस्क्रीन लगाना गर्मियों की स्किन केयर रूटीन का सबसे खास हिस्सा होता है। क्योंकि सनस्क्रीन ही वह चीज है, जो आपकी स्किन को तेज धूप और यूवी-रेडिएशन के डैमेज से सुरक्षित रखने का काम करती है। गर्मियों में बिना सनस्क्रीन लगाए घर से बाहर निकलने से मना किया जाता है। लेकिन, बरसात के मौसम में जब लोग बार-बार बारिश में भीग जाते हैं ऐसे में स्किन पर मेकअप और अन्य स्किन केयर प्रॉडक्ट्स का टिक पाना मुश्किल हो पाता है। गर्मी के मौसम में सनस्क्रीन लगाना कितना जरूरी है ये तो हम जानते ही हैं, लेकिन सर्दी और बरसात के सीजन में सनस्क्रीन की अहमियत को लेकर थोड़े कंफ्यूज हो जाते हैं। ये कम लोगों को ही पता है कि जितना गर्मियों में सनस्क्रीन जरूरी है, बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन लगाना उतना ही आपकी स्किन को प्रोटेक्ट करने का काम करता है। आइए जानते हैं, **क्या बारिश के मौसम में लगानी चाहिए सनस्क्रीन?**

**स्किन एक्सपर्ट्स के मुताबिक**

स्किन एक्सपर्ट्स के मुताबिक यूवी किरणें मौसम की परवाह किए बिना हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। मानसून के मौसम में भी, यूवी किरणें बादलों से गुजर सकती हैं और नुकसान पहुंचा सकती हैं। त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि सूरज की किरणें, जिनमें हानिकारक यूवी और इंफ्रारेड रेज़ होती हैं, समय से पहले बुढ़ापा, टैनिंग, झाइयां, लेंटिगिन्स और सनबर्न जैसी स्किन से जुड़ी की कई समस्याओं का कारण बन सकती हैं। बादल हमें यूवी किरणों से नहीं रोक पाते, यही वजह है कि मानसून के मौसम में भी अपनी स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए सनस्क्रीन लगाना जरूरी है।

**बारिश के मौसम में ऐसे करें सनस्क्रीन का इस्तेमाल**

बाहर जाते समय अपने बैग में सनस्क्रीन जरूर कैरी करें। हर 3 घंटे बाद फिर से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। बरसात के मौसम में हाई एसपीएफ सनस्क्रीन की जरूरत नहीं होती। बरसात के मौसम में जेल बेस्ड सनस्क्रीन चूज़ करें। जेल बेस्ड सनस्क्रीन बारिश के मौसम में होने वाली चिपचिपाहट से आपको बचाती है।

# सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं, भारत में कहां-कहां हैं टाइगर रिजर्व

बाघों की संख्या के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करना है। बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, साथ ही जंगलों के पारिस्थितिक संतुलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि जंगलों में बाघ सुरक्षित हैं, तो इसका अर्थ है कि वहां का पूरा इकोसिस्टम स्वस्थ और संतुलित है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में सफलता हासिल की है। सरकार की प्रोजेक्ट टाइगर जैसी पहल, आधुनिक मॉनिटरिंग तकनीक, एंटी-पोचिंग अभियान और स्थानीय समुदायों की भागीदारी के कारण देश में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। यही वजह है कि आज दुनिया के अधिकांश जंगली बाघ भारत में पाए जाते हैं। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों के टाइगर रिजर्व न केवल संरक्षण के केंद्र हैं, बल्कि वन्यजीव पर्यटन के लिए भी बेहद लोकप्रिय हैं। अगर आप जानना चाहते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं, भारत में कितने टाइगर रिजर्व हैं, किन राज्यों में बाघों की संख्या सबसे अधिक है और कौन-कौन से टाइगर रिजर्व पर्यटकों के बीच सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं।

**दुनिया में सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं-** आज दुनिया में सबसे ज्यादा जंगली बाघ भारत में पाए जाते हैं। भारत में वैश्विक जंगली बाघों की आबादी का लगभग 75% हिस्सा है। भारत के बाद रूस, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों में भी बाघ पाए जाते हैं, लेकिन उनकी संख्या भारत की तुलना में काफी कम है। भारत में बाघ संरक्षण के लिए 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया गया था। इसके बाद संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार, वैज्ञानिक निगरानी और अवैध शिकार पर सख्ती से बाघों की संख्या में लगातार सुधार देखने को मिला।



**भारत में कितने टाइगर रिजर्व हैं?**

भारत में वर्तमान में 58 टाइगर रिजर्व हैं, जो देश के विभिन्न राज्यों में फैले हुए हैं। ये रिजर्व बाघों के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, प्रजनन और संरक्षण के लिए बनाए गए हैं। इनका प्रबंधन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (हृञ्ष्ट) और संबंधित राज्य सरकारें मिलकर करती हैं।

**भारत के प्रमुख टाइगर रिजर्व**

भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय टाइगर रिजर्व हैं, **जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड**- भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान।

**रणथंभौर टाइगर रिजर्व, राजस्थान** - बाघों की आसान साइटिंग के लिए प्रसिद्ध।

**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश** - उच्च टाइगर डेंसिटी के लिए जाना जाता है।

**कान्हा टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश** - समृद्ध जैव विविधता और सफारी के लिए लोकप्रिय।

पेंच टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश/महाराष्ट्र - द जंगल बुक से जुड़ा क्षेत्र।

**ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व, महाराष्ट्र,** - वन्यजीव फोटोग्राफी का पसंदीदा स्थान।

**नागरहोल टाइगर रिजर्व, कर्नाटक** - दक्षिण भारत के प्रमुख टाइगर आवासों में से एक।

**बांदीपुर टाइगर रिजर्व, कर्नाटक** - नीलगिरि बायोस्फीयर का महत्वपूर्ण हिस्सा।

**काजीरंगा टाइगर रिजर्व, असम** - एक सींग वाले गैंडे के साथ बाघों के लिए भी प्रसिद्ध।

**सुंदरबन टाइगर रिजर्व, पश्चिम बंगाल** - दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन और रॉयल बंगाल टाइगर का घर।

**किस राज्य में सबसे ज्यादा बाघ हैं?**

हाल के राष्ट्रीय बाघ आकलन के अनुसार मध्य प्रदेश में सबसे अधिक बाघ दर्ज किए गए हैं।

इसके बाद कर्नाटक, उत्तराखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्य भी बाघों की बड़ी आबादी वाले राज्यों में शामिल हैं। इन राज्यों में फैले संरक्षित जंगल और टाइगर रिजर्व संरक्षण की सफलता का उदाहरण माने जाते हैं।

**पर्यटक कब करें टाइगर रिजर्व की यात्रा?**

अधिकांश टाइगर रिजर्व अक्टूबर से जून के बीच पर्यटकों के लिए खुले रहते हैं। मार्च से मई के दौरान पानी के स्रोतों के पास बाघ दिखने की संभावना अपेक्षाकृत अधिक रहती है। यात्रा से पहले संबंधित टाइगर रिजर्व की आधिकारिक वेबसाइट पर सफारी की उपलब्धता और नियमों की जानकारी जरूर जांच लें।

# हरे रंग की साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

हर साल श्रावण के महीने का इंतजार लोग सच्चे मन और श्रद्धा से करते हैं। इस माह का आरंभ होते ही भगवान शिव की भक्ति में हर कोई जुट जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्रावण माह में अगर सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा की जाए तो हर मनोकामना पूरी होती है। इसी के चलते महिलाएं भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि हरा रंग भगवान शिव को अति प्रिय है, इसी वजह से महिलाएं हरे रंग की साड़ी पहनकर सावन में पूजा करती हैं। अगर आप भी सावन में हरे रंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो कुछ बातों का ख्याल अवश्य रखें। कुछ सिंपल सी बातों का ध्यान रखकर आप अपने सादगी भरे साड़ी लुक से लोगों का भी दिल जीत सकती हैं।

**ज्वेलरी देगी खूबसूरत लुक**

हरा रंग अपने में ही आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में इसके साथ आपको ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करने की जरूरत नहीं है। आप हल्के ईयररिंग्स और गले में हल्का सा चोकर



पहनकर भी अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। अपने साड़ी लुक को पूरा करने के लिए उंगलियों में अंगूठी जरूर पहनें।

**ब्लाउज हो खास**- हरे रंग की साड़ी का ब्लाउज बनवाते वक्त बस इस बात का ख्याल रखें कि आपको इसे पूजा में पहनना है। इसलिए आपका ये साड़ी लुक सादगी भरा होना चाहिए। ग्लैमरस लुक कैरी करके पार्टी में तो जाना अच्छा लगता है, लेकिन पूजा में ये आपको ही असहज कर सकता है। ऐसे में खूबसूरत सा ब्लाउज अपने लिए तैयार करें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।

**हेयर स्टाइल और मेकअप का रखें ध्यान**- बारिश का मौसम है, ऐसे में खुले बाल आपको परेशान कर सकते हैं। इसलिए चाहें तो ऐसा जूड़ा बनाकर आप बालों में गजरा लगा सकती हैं। ये गजरा लुक आपको खूबसूरत दिखाएगा। इसके साथ ही मेकअप करते वक्त भी मौसम का खास ध्यान रखें। पसीने से कहीं आपका मेकअप खराब न हो जाए। ऐसे में हल्का मेकअप ही करें।

**हरी चूड़ियां हैं जरूरी**

जिस तरह से हरे रंग की साड़ी पहनना सावन में शुभ होता है, ठीक उसी तरह से अपने लुक को खूबसूरत सी हरे रंग की चूड़ियों और कड़े से पूरा करें। ये ही आपके लुक को पूरा करेगा। हरी चूड़ियां अगर कांच की होंगी, तो ज्यादा बेहतर रहेगा।

## चेहरे पर बेसन लगाने से होता है कई नुकसान

बेसन को कई अन्य चीजों के साथ मिक्स करके चेहरे या स्किन लगाने से स्किन निखरती है, पर क्या आप जानते हैं कि बेसन लगाने से आपके चेहरे को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बेसन के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी पहले त्वचा पर पैच टेस्ट करने के बाद ही बेसन का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आप त्वचा पर होने वाली परेशानियों से बच सकते हैं। **ड्राई स्किन वाले रखें ध्यान :** सभी में ऐसा देखा गया है कि बेसन के इस्तेमाल से चेहरा स्किन को रूखा और बेजान बना सकता है। ऐसे में अगर आपकी स्किन पहले से ही ड्राई है तो बेसन के इस्तेमाल से दूर रहें। इसके ज्यादा इस्तेमाल से त्वचा की नमी भी खत्म होती है। ऐसे में रोजाना इसके इस्तेमाल से दूर रहें। **एलर्जी का रखें ध्यान :** अगर आपकी त्वचा पर किसी तरह की एलर्जी है तो कोशिश करें कि पहले पैच टेस्ट कर लें। अगर आपको इससे कोई परेशानी नहीं हो रही है, तो आप इसका आराम से इस्तेमाल कर सकते हैं। **हो सकते हैं मुंहासे :** अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तो बेसन के इस्तेमाल से आपके चेहरे पर मुंहासे हो सकते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल से पहले अपनी त्वचा का टाइप जरूर पता करें। **छिल सकती है त्वचा :** अगर आप रोजाना बेसन का इस्तेमाल करेंगे तो हो सकता है कि आपकी त्वचा छिल जाए। इसलिए बेसन का ज्यादा इस्तेमाल करने से दूर रहें। **त्वचा में आ सकती है सूजन :** अगर आप पहले से ही मुंहासों की समस्या से जूझ रही हैं तो बेसन से दूर रहें। इसके इस्तेमाल से हो सकता है कि त्वचा में सूजन आ जाए। **पीएच लेवल को करता है असंतुलित :** बेसन में एसिड की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में इसके ज्यादा इस्तेमाल से आपके चेहरे पर जलन की परेशानी सामने आ सकती है।

# कामकाज का तरीका बना रहा लोगों को अकेला

जिंदगी की भागदौड़ से वक्त निकालकर सभी दोस्तों ने हामी भर दी सिवाय एक को छोड़कर। कारण पूछने पर उसने बताया कि काम का इतना ज्यादा प्रेशर है कि टाइम मैनेज कर पाना मुश्किल है और दूसरा नाइट शिफ्ट भी है। दोनों वजहें वाजिब थीं, लेकिन फिर भी हमने लगभग हर कोशिश की, उसे प्लान में शामिल करने की, लेकिन मामला सेट नहीं हो पाया। वहीं एक दूसरी दोस्त को हमने तीज सेलिब्रेशन के लिए सोसाइटी में इन्वाइट किया, तो उसने भी बिना एक मिनट देरी किए साफ ना कह दिया ऑफिस के वर्कलोड के बारे में बताकर। दोनों दोस्तों के ना आने की ये वजहें बहाना नहीं, बल्कि सच्चाई है। जिससे आजकल ज्यादातर वर्किंग प्रोफेशनल्स जूझ रहे हैं। कामकाज का ऐसा तरीका प्रोफेशनल लाइफ में भले ही उन्हें तरक्की दिला दे, लेकिन पर्सनल लाइफ में ऐसे लोग अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं।

**कामकाज का तरीका बना रहा लोगों को अकेला**

कभी न पूरे होने वाले टारगेट्स और बेवक्त की शिफ्ट्स ने वर्किंग प्रोफेशनल्स के पर्सनल लाइफ की बैंड बजा रखी है। टारगेट्स पूरा करने के चक्कर में अपनी शिफ्ट से कई-कई घंटे ऑफिस में रुकना पड़ता है और अगर कहीं नाइट शिफ्ट है, तो दिन का समय नींद पूरी करने में निकल जाता है। न समय से खाना-पीना हो पाता है, न ही किसी तरह की एक्टिविटी और सोशल लाइफ तो लगभग खत्म ही हो जाती है। इस वजह से लोगों में अकेलेपन बढ़ रहा है। अकेलेपन के फायदे व नुकसान दिन में कुछ देर का अकेलापन जरूरी होता है, जिसे मी टाइम भी कहा जाता है। जो बॉडी और माइंड रिचार्ज करने का काम करता है, लेकिन लगातार बने रहने वाला



अकेलापन व्यक्ति को तनाव और डिप्रेशन की ओर धकेलने लगता है। पर्सनल लाइफ तो वैसे ही खत्म हो चुकी होती है, धीरे-धीरे प्रोफेशनल लाइफ पर भी इसका असर पड़ने लगता है। प्रोडक्टिविटी गिरने लगती है। काम में बोरियत का एहसास होने लगता है और जब अपना 100% देने के बाद भी प्रमोशन नहीं मिलता, तो झुंझलाहट भी बढ़ने लगती है।

**कैसे दूर करें अकेलेपन की समस्या?**

अपनी क्षमता जितना ही काम करें। ऑफिस में खुद को साबित करने के चक्कर में हर काम के लिए हां न कहें। शिफ्ट पूरी करने के बाद खुद को वक्त दें। अपनी पसंदीदा चीजों के लिए वक्त निकालें। दोस्तों से मिलना नहीं हो पा रहा, तो फोन या वीडियो कॉल पर बात करें। वीकेंड वाले दिन घर पर सोकर या टीवी देखकर बिताने के बजाय सोशल गैदरिंग करें। इन सारी एक्टिविटीज से अकेलेपन से निपटना आसान हो जाता है।



–ज्योतिषाचार्य–पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## सोमवार, 3 अगस्त 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, पंचमी तिथौ सोम वासरे 22/55/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 22/01/ सुकर्मा योग 21/14/ कौलव करणे 11/09/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार–** पंचक। नागपंचमी व्रत। (मरुस्थल व बंगाल में)। श्रावण सोमवार व्रत।

**मेष :** उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है। किसी की सूचना से हर्ष होगा।

**तुला :**आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृष :** भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक कष्ट की पूर्ति के लिए लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी हैं। अचानक लाभ संभव है। व्यापार व्यवसाय के परिवर्तन से लाभ होगा।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**मिथुन :** आलस्य तथा प्रमाद से दूर रहें। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। निवास व्यवस्था का परिवर्तन संभावित है। यौन सुख में कमी होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**मकर :** बुद्धि और धन का दुरुपयोग नहीं करें। आलस और लक्ष्य निर्धारण में त्रुटि के कारण नवीन योजनाओं में स्वल्प लाभ ही मिल सकता है।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कुंभ :** कुछ संक्षिप्त यात्राएं भी होंगी। प्रातःकाल से ही शुभ समाचार मिलेंगे और विशिष्ट जन की प्रतीक्षा भी खत्म होगी। नए काम के प्रसंग बनेंगे।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे। किसी से बहस या तकरार ना करें।

## इलाज के दौरान बिगड़ी महिला की हालत परिजनों का हंगामा लापरवाही के आरोप

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित ब्रह्मस्थान के नेशनल नर्सिंग होम में इलाज के दौरान एक महिला की हालत बिगड़ने के बाद जमकर हंगामा हो गया। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।अस्पताल परिसर में उसे वक्त तनावपूर्ण माहौल हो गया जब मरीज की हालत बिगड़ गई। मरीज के परिजन ने बताया कि आरती यादव पत्नी संतोष यादव 30 वर्ष निवासी नसीराबाद कला थाना हलधरपुर का पथरी के इलाज के लिए मऊ जनपद के ब्रह्मस्थान नेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। शनिवार की देर शाम डॉक्टर द्वारा पथरी का ऑपरेशन किया गया इसके बाद मरीज की हालत बिगड़ने लगी तो रविवार को सुबह होते ही दूसरे अस्पताल रेफर किया जा रहा था रेफर की बात जब परिजनों को पता चली तो परिजन आग बबूला हो गए और हंगामा करने लगे घटना की सूचना मिलतेही मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों और अस्पताल प्रबंधन से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास कर रही है। अस्पताल संचालक का कहना है कि मरीज की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। हालांकि परिजन अस्पताल प्रबंधन की दलीलों से संतुष्ट नहीं हैं और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## पिंक पुलिस चौकी के पास व्यक्ति का मिला शव

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मऊ कोतवाली थाना क्षेत्र के रोडवेज पिंक पुलिस चौकी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई मौके पर पहुंची पुलिस ने पास में मिले आधार कार्ड से व्यक्ति की किया पहचान। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर लगभग 1ः00 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के रोडवेज स्थित पिंक पुलिस चौकी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया वहीं उसकी जेब की तलाशी की गई तो पास में मिले मोबाइल और आधार से उसकी पहचान महबूब शेख पुत्र मुस्तफा शेख उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी हाजी श्याम मोहम्मद मालदा पश्चिम बंगाल के रूप में हुआ और पास में मिले मोबाइल से पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं कोतवाली थाना अध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल मालदा का रहने वाला है मांगने खाने वाला था।

## 4 अगस्त को बाबा करशूल नाथ धाम से निकलेगी जन गण विश्वास पदयात्रा

### ओम प्रकाश बाबा दुबे ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की



**स्वतंत्र भारत बदलापुर जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के प्रथम विधायक ओम प्रकाश %बाबा% दुबे ने आगामी 4 अगस्त 2026 (मंगलवार) को आयोजित होने वाली जन गण विश्वास पदयात्रा में क्षेत्र के सभी नागरिकों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों को सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा जनविश्वास, सामाजिक एकता और जनसंपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा करशूल नाथ धाम से सुबह 9 बजे होगा। उन्होंने बताया कि पदयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व स्वयंभू भगवान बाबा करशूल नाथ का विधि-विधान से महाअभिषेक किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु एवं उपस्थित जन महाप्रसाद ग्रहण करेंगे और फिर जन गण विश्वास पदयात्रा का शुभारंभ होगा। ओम प्रकाश %बाबा% दुबे ने कहा कि यह आयोजन बाबा करशूल नाथ जी की कृपा, जनआशीर्वाद और क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। उनके अनुसार जनभागीदारी से ही सामाजिक सौहार्द, आपसी विश्वास और विकास की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी। पदयात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं एवं आयोजकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है।

## दो ट्रांसफार्मर जलने से सैकड़ों घरों में बत्ती गुल

**जफराबाद जौनपुर।** सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के राजेपुर रामेश्वरम गांव में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो ट्रांसफार्मर जल गए।इसके अलावा बहरीपुर गांव में कई घरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। राजेपुर रामेश्वरम गांव के ब्राह्मण बस्ती के पास लगा 25 केवीए तथा राजेपुर पूरा बस्ती में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली के गिरने से जल गया।उक्त गांव में ही दलित बस्ती का ट्रांसफार्मर चार दिन पूर्व जल गया था।सैकड़ों घरों के हजारों की आबादी के लोग अब बिजली के लिए परेशान है।लोगों के मोबाइल तक चार्ज नही हो रहा है।गर्मी से लोग बेहाल है।धान के फसल की रोपाई भी बाधित हो चुकी है।इसके अलावा आकाशीय बिजली बहरीपुर गांव में आकाशीय बिजली के गिरने से घरों के अंदर विद्युत आपूर्ति का वोल्टेज काफी हाई हो गया।जिससे बिनीत सिंह के घर एसी और कई बल्ब जल गया।आशीष सिंह के घर बिजली का सभी बोर्ड व एसी तथा अशोक सिंह का स्टेबलाइजर जल गया।इसके अलावा भी कई घरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए।

## गड्ढा युक्त सड़कों पर हो रहे जल जमाव से नाराज़ ग्रामीणों ने सड़क पर रोपे धान



**सुजानगंज जौनपुर।** क्षेत्र के कुतुबपुर गांव से होकर गुजरने वाली छिमियां - हरिपुर सम्पर्क मार्ग पर बने गड्ढे में हुए जलजमाव से नाराज़ ग्रामीणों ने रविवार को सड़क पर धान रोप कर विरोध प्रदर्शन किए। इस दौरान ग्रामीण रामबहाल यादव ने मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के विधायक पंकज पटेल के ऊपर आरोप लगाया कि विधायक पंकज पटेल कभी भी गांव में आते ही नहीं। वहीं अन्य ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क की मरम्मत को लेकर उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों के कार्यालय पर जा जा कर प्रार्थना पत्र देकर थक गए हैं पर परिणाम वहीं ढाक के तीन पात वहीं ग्रामीण डा विजय चौबे व बृजेश विश्वकर्मा ने बताया कि आए दिन इस सड़क पर हुए गड्ढे में भरे पानी के कारण आने जाने वाले राहगीर गाड़ियों से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं पर? कोई सुध लेने वाला नहीं है। जानकारी अनुसार इस सड़क का मरम्मत कार्य कार्य जिला पंचायत निधि से 5 वर्ष पहले कराया गया था इसके बाद वर्तमान में इस सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो चुकी है । इस संदर्भ में पूछे जाने पर जिला पंचायत सदस्य अनीता यादव ने बताएं कि हमारे द्वारा कई बार इस सड़क को बनवाने के लिए पत्र लिखा जा चुका है परंतु ऊपर से स्वीकृति नहीं मिल रही है। विरोध प्रदर्शन में हीरालाल यादव, अवधेश यादव, राजकुमार चौबे, सनी गौड, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### सप्लाई इंस्पेक्टर विनोद अग्रहरी को भावभीनी विदाई

**स्वतंत्र भारत, मधुबन।** लगभग तीन वर्ष तक मधुबन में सेवाएं देने के बाद सप्लाई इंस्पेक्टर विनोद कुमार अग्रहरी के मोहम्मदाबाद गोहना स्थानांतरण पर शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। विभागीय कर्मचारियों और कोटेदारों ने माल्यार्पण, बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।वक्ताओं ने उनके पारदर्शी कार्यशैली, बेहतर राशन वितरण व्यवस्था और जनहित के प्रति समर्पण की सराहना की। श्री अग्रहरी ने सभी के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए नए कार्यस्थल पर भी पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। समारोह में विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कोटेदार उपस्थित रहे।

### मंदिर में चोरी, मुकुट व दानपेटी ले उड़े चोर

**स्वतंत्र भारत, मधुबन।** थाना रामपुर क्षेत्र के बस्ती वर्सी निधियांव स्थित अष्टभुजा भवानी मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर माता अष्टभुजा व हनुमान जी के मुकुट तथा दानपेटी चोरी कर ले गए। श्रवण यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द खुलासे का दावा किया गया है।

### मदरसे में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना मधुबन क्षेत्र के दरगाह स्थित एक मदरसे में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दरगाह निवासी महबूब आलम पुत्र स्वर्गीय शमशुद्दीन की तहरीर पर थाना मधुबन में मु0अ0सं0 276/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) में मुकदमा दर्ज किया गया है। वादी का आरोप है कि 30 जुलाई 2026 की सुबह करीब 8 बजे आरोपी साबिर पुत्र असलम एवं असलम पुत्र स्वर्गीय लालमुहम्मद, दोनों निवासी दरगाह, थाना मधुबन, मदरसा तालीमुद्दीन पहुंचे और वहां वादी तथा मदरसे के स्टाफ के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में उपनिरीक्षक दिलीप कुमार पटेल को विवेचक नियुक्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

स्वतंत्र भारत मधुबन। मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां की शिकायत पर थाना मधुबन में मुकदमा संख्या 275/2026 के तहत धारा 137(2) एवं 87 बीएनएस में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि 31 जुलाई 2026 को सुबह करीब 9 बजे आरोपी किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस मामले में संदीप कुमार, निवासी मिर्जाजमालपुर, थाना घोसी, जनपद मऊ को नामजद किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अजय कुमार चौबे द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर लगातार तलाश और दबिश दी जा रही है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

### नशा मुक्त युवा अभियान से जुड़े स्वयंसेवक

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** संत गणिनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोहम्मदाबाद गोहना में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री के ÷नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प÷ अभियान के वर्चुअल शुभारंभ में भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने और 100 सप्ताह तक अभियान को निरंतर चलाने का संकल्प दोहराया। प्राचार्य डॉ. प्रहलाद राम सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### एक ही परिवार के दो सदस्य बने सहायक प्रोफेसर

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक के दतौली गांव के एक ही परिवार के दो सदस्यों का बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग में सहायक प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। डॉ. शिव प्रताप सिंह का चयन अर्थशास्त्र और डॉ. श्वेता सिंह का चयन राजनीति विज्ञान विषय में हुआ। इस सफलता पर परिवार और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। शुभचिंतकों ने इसे गांव और जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका सांसदों का पुतला

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के करहा बाजार चौराहे पर भाजपा मंडल करहा के कार्यकर्ताओं ने सांसद पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद के कथित बयानों के विरोध में प्रदर्शन कर दोनों का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम, सनातन धर्म और धार्मिक आस्था पर कथित अभद्र टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुर्गी फार्म में शॉर्ट सर्किट से आग, 70 हजार का नुकसान

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना के नगरी पार गांव स्थित एक मुर्गी फार्म में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से स्टेबलाइजर, सीसीटीवी सिस्टम, सोलर वायरिंग सहित कई विद्युत उपकरण जल गए। आसपास के लोगों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना में करीब 70 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है, जबकि कोई जनहानि या मुर्गियों के नुकसान की सूचना नहीं है।

## अस्पताल में भर्ती 3 वर्षीय मासूम की मौत परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**शाहगंज जौनपुर।** शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती 3 वर्षीय मासूम की मौत के बाद शनिवार को अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने बच्चे का शव अस्पताल के बाहर रखकर प्रदर्शन किया और उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि बच्चे को तेज बुखार था, लेकिन अस्पताल में सांप काटने की आशंका मानते हुए उसी आधार पर इलाज शुरू कर दिया गया। उनका आरोप है कि सही उपचार न मिलने के कारण बच्चे की जान चली गई। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बच्चे को सांप काटने की आशंका के आधार पर उपचार दिया गया था। हालत गंभीर होने पर उसे उच्च चिकित्सा केन्द्र के लिए रेफर किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही शाहगंज पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जांच जारी है।

## सरकारी जमीन की मेड़बंदी में बाधा, आठ पर प्राथमिकी

**बरसठी जौनपुर।** थाना क्षेत्र के पल्टूपुर गांव में सरकारी भूमि की मेड़बंदी के दौरान राजस्व एवं पुलिस टीम के कार्य में बाधा डालने और पथराव करने के मामले में पुलिस ने आठ नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर दर्ज इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार उक्त गांव स्थित सरकारी अभिलेखों में दर्ज भूमि का 23 जुलाई को नायब तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व टीम ने पुनः सीमांकन कर पत्थर गाड़े थे। शुक्रवार को गाटा संख्या 544 एवं 545 की मेड़बंदी कराने के लिए राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के नंदलाल, बच्चेलाल, चमेला देवी, रेखा देवी, तुलसी देवी, शुभम, हर्षित तथा अनीता देवी ने मेड़बंदी का विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। आरोप है कि आरोपियों ने पथराव भी किया, जिससे कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## संत रविदास जयंती पर निकली समरसता संपर्क शोभायात्रा, गूंजे जयकारे



**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक निर्देशों के तहत संत शिरोमणि संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे समरसता संपर्क अभियान के अंतर्गत रविवार को जौनपुर नगर उत्तरी मंडल द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सदर विधानसभा मंत्री गिरीश चंद यादव के नेतृत्व तथा नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष श्रीमती सारिका सचिन सोनी की अगुवाई में हरखपुर वार्ड से शुरू हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव 'बच्चा भैया' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार सभी महापुरुषों के सम्मान एवं उनके विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील सेठ ने कहा कि संत रविदास के आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला उपाध्यक्ष एवं नगर उत्तरी मंडल प्रभारी परविंद चौहान ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के प्रति सक्रिय और समर्पित रहना चाहिए। पूर्व महिला आयोग सदस्य शशि मौर्य, शैल साहू, वरिष्ठ नेता डॉ. रामसूरत मौर्य तथा पूर्व जिला मंत्री धर्मपाल चौधरी ने भी संत रविदास के जीवन दर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष सारिका सचिन सोनी ने बताया कि शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं और भाजपा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर राहुल साहू, कृष्णकांत साहू, शिव कुमार मौर्य, शुभम कन्नौजिया, अभिषेक बैंकर, प्रेम सागर, सनी चौधरी, गिरिजेश कुमार श्रीवास्तव, सत्यम सोनी, मनोज कुशवाहा, रामकुमार साहू, राजेश जायसवाल सहित अनेक पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संत रविदास के आदर्शों पर चलकर सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## कार में लगी आग कार में सवार दो लोगों ने कूद कर बचाई जान

**स्वतंत्र भारत, मऊ।।** कचहरी मोड़ के पास रविवार दोपहर एक चलती हुई वैगनआर कार में अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई गनीमत यह रही कि कार में सवार लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत गाड़ी से बाहर छलांग लगा दी, जिससे सभी की जान बाल-बाल बच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार जैसे ही कचहरी मोड़ के पास पहुँची, उसके बोनट से अचानक धुआँ निकलने लगा कुछ ही सेकंड में लपटें उठने लगीं और देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग की लपटें और धुएँ का गुबार देखकर आसपास लोगों में अफरा-तफरी मच गई कार में मौजूद दो लोगों ने आग लगते ही वाहन को रोककर तुरंत दरवाजा खोला और बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना के चलते कुछ देर के लिए कचहरी मोड़ के पास यातायात भी बाधित हुआ स्थानीय और पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग बुझाने के बाद यातायात को सुचारू रूप से चालू किया गया।

## हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमानियां में नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत दिलाई गई शपथ



**स्वतंत्र भारत जमानिया।** शासन और विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जमानियां में रविवार को ÷नशा मुक्त युवाङ्कविकसित भारत÷ अभियान के अंतर्गत एक विशेष नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका तय करना था। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी *डॉ. अभिषेक तिवारी* ने किया। उन्होंने महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज में अन्य लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे।इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री *माननीय नरेन्द्र मोदी जी* के नशा मुक्ति अभियान से जुड़े संदेश को लाइव प्रसारित किया गया। पीएम के संदेश को सुनकर छात्रों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य *प्रो. श्रीनिवास सिंह* ने युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी। इसके अलावा वरिष्ठ आचार्य *प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री*, आईक्यूएसी प्रभारी *प्रो. अरुण कुमार*, *डॉ. सुनील कुमार चौधरी* और *डॉ. अमित कुमार* ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी तोड़ता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर नशे के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाने और समाज में जागरूकता फैलाने का दृढ़ संकल्प लिया।महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि ÷नशा मुक्त युवाङ्कविकसित भारत÷ अभियान को आगे भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जारी रखा जाएगा।

## चकिया से अयोध्या धाम गई श्रद्धालुओं की यात्रा सकुशल संपन्न



**स्वतंत्र भारतकरंडा (गाजीपुर)।** ग्राम चकिया से मौनी बाबा सेवा दल के तत्वावधान में समाजसेवी एवं अध्यक्ष संतोष पांडेय के नेतृत्व में अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ 51 श्रद्धालुओं का दल अपनी धार्मिक यात्रा पूर्ण कर सकुशल वापस लौट आया। इस पावन यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन-पूजन किया। जिसमें विशेष रूप से हनुमानगढ़ी, श्री राम जन्मभूमि, सीता रसोई, जटायु किला, दशरथ महल सहित अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा शामिल रही। सभी श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान श्री राम एवं हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह और भक्ति देखने को मिली। ÷जय श्री राम÷ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के सफल आयोजन में रामलीला समिति चकिया के सदस्यों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। समाजसेवी संतोष पांडेय ने बताया कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं समाज में आस्था, एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सहयोग और अनुशासन की सराहना की। ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं की सकुशल वापसी पर खुशी व्यक्त करते हुए इस यात्रा को सफल और प्रेरणादायक बताया। सभी ने भगवान श्री राम से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

## ऋैक डाउनरेवतीपुर बॉर्डर पर पुलिस मुठभेड़, अंतरजनपदीय हिस्ट्रीशीटर समेत दो शातिर लुटेरे दबोचे

**स्वतंत्र भारत सेवराई (गाजीपुर)।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गहमर पुलिस ने शनिवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस मुठभेड़ में अंतरजनपदीय शातिर लुटेरे एवं हिस्ट्रीशीटर समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। रेवतीपुर बॉर्डर पर हुई इस मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट की ?90,620 नकदी, सोने का लॉकेट, पांच मोबाइल फोन, चोरी की मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे तथा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 29 जुलाई को नवली निवासी मेराज कुरैशी को बकरा खरीदने का झांसा देकर दो बदमाश सुनसान स्थान पर ले गए, जहां तमंचे की बट से हमला कर उससे ?60 हजार नकद और सोने की चेन लूट ली गई। हमले में पीड़ित का हाथ भी टूट गया था। इसी दौरान कामाख्या धाम स्थित एक मैरिज हॉल संचालक से खुद को कटरा गैंग का सदस्य बताकर फोन पर ?20 हजार की रंगदारी मांगने और हत्या की धमकी देने का मामला भी सामने आया था। दोनों घटनाओं के संबंध में गहमर थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक नंद कुमार तिवारी एवं चौकी प्रभारी कामाख्या धाम संजय कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों बदमाश रेवतीपुर बॉर्डर की ओर आने वाले हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हिस्ट्रीशीटर सुधीर पासी उर्फ ध्रुव पासी निवासी नोनरा थाना मरदह तथा समीम शाह निवासी मलेठी थाना दुल्लहपुर घायल हो गए। दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिलीं। बरामद सामान के आधार पर गाजीपुर के गहमर, जंगीपुर, कोतवाली, मरदह और सादात थाना क्षेत्रों के अलावा सुल्तानपुर के अखंडनगर तथा आजमगढ़ के जहानागंज में हुई लूट एवं चोरी की घटनाओं के खुलासे का दावा किया गया है। बरामद पांच मोबाइलों में दो मोबाइल लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र से चोरी के बताए गए हैं, जबकि लाल रंग की हंटर मोटरसाइकिल भी चोरी की निकली। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर सुधीर पासी के विरुद्ध गाजीपुर, मऊ सहित विभिन्न जनपदों में चोरी, लूट, रंगदारी, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपितों के विरुद्ध पुलिस पर जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में भी नया मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक नंद कुमार तिवारी ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार दोनों बदमाश शातिर अपराधी हैं। इनके कब्जे से लूट का माल, अवैध असलहे और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में कई जनपदों में हुई आपराधिक घटनाओं का खुलासा हुआ है।

## चीन का बढ़ता सैन्य विस्तार भारत के लिए दीर्घकालिक सामरिक चुनौती : कर्नल संजीव कुमार शाही

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** पी0 जी0 कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी मे कला संकाय के रक्षा एव स्ट्रैटिजिक अध्ययन (सैन्य विज्ञान) विषय के शोधार्थी कर्नल संजीव कुमार शाही ने अपने शोध प्रबन्ध शीर्षक ÷चाइना एक्सपैंडिंग मिलिट्री एंड द डेवलपिंग थ्रेट टू अरुणाचल प्रदेश एंड अंडमान एंड निकोबार आइसलैंडस÷ नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत और चीन एशिया की दो प्रमुख शक्तियाँ हैं। दोनों देशों के बीच लगभग 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (स्ष्ट) है, जहाँ समय-समय पर तनाव उत्पन्न होता रहा है। 1962 के युद्ध के बाद से सीमा विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हाल के वर्षों में चीन ने अपने सैन्य आधुनिकीकरण और सामरिक विस्तार को तेज किया है, जिससे भारत के पूर्वोत्तर सीमावर्ती क्षेत्रों तथा हिंद महासागर क्षेत्र में नई सुरक्षा चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं। चीन ने अपनी सेना (क्क्र) को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित किया है। तिब्बत में सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे तथा मिसाइल ठिकानों का विकास उसकी सैन्य तैयारी का महत्वपूर्ण भाग है। चीन अरुणाचल प्रदेश को तथाकथित ÷दक्षिण तिब्बत÷ बताकर उस पर दावा करता है। सीमा के निकट सैन्य बलों की तैनाती, आधुनिक हथियारों की उपलब्धता, सीमा पर अवसंरचना का विकास तथा समय-समय पर घुसपैठ जैसी घटनाएँ इस क्षेत्र को संवेदनशील बनाती हैं। भारत ने भी सीमावर्ती सड़कों, सुरंगों, पुलों, उन्नत निगरानी प्रणाली, वायुसेना ठिकानों तथा अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती के माध्यम से अपनी रक्षा तैयारियों को सुदृढ़ किया है। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित है, जो विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। चीन की ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार का बड़ा भाग इसी मार्ग से होकर गुजरता है। भारत की त्रि-सेवा अंडमान एवं निकोबार कमान इस क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी सामरिक शक्ति है। सीमा अवसंरचना का तीव्र विकास,आधुनिक हथियारों एवं निगरानी प्रणालियों की तैनाती, अंडमान एवं निकोबार में नौसेना एवं वायुसेना की क्षमता का विस्तार, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस आदि देशों के साथ रक्षा सहयोग, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष निगरानी तथा समुद्री डोमेन जागरूकता को मजबूत करना, आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि चुनौतियॉ भी कम नही है जैसे सीमा विवाद और सैन्य तनाव, साइबर एवं सूचना युद्ध, हिंद महासागर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, चीन-पाकिस्तान सामरिक सहयोग और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता अपने शोध के माध्यम से कुछ सुझाव भी दिए है जैसे सीमा क्षेत्रों में अवसंरचना विकास को और गति दी जाए, आधुनिक रक्षा तकनीकों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली का विस्तार किया जाए, नौसैनिक शक्ति तथा अंडमान-निकोबार कमान को और सशक्त बनाया जाए।

# नागेश्वरनाथ मंदिर में पहले सोमवार पर प्रशासन की तैयारियां हुईं पूरी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में सावन के पहले सोमवार से अयोध्या में प्रशासन की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। नयाघाट समेत कई प्रमुख घाटों पर पुरोहितों के छप्पर व तख्त हटाये जा रहे हैं। नगर निगम और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहे हैं। कार्यवाही के दौरान कुछ तख्त और अन्य सामान नगर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुरोहितों का कहना है कि हर वर्ष सावन मेले में अस्थायी छप्पर लगाये जाते हैं जिसमें श्रद्धालुओं और पुरोहितों को बारिश व तेज धूप से बचाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि बिना छाया के घाटों पर बैठकर पूजा-पाठ करना मुश्किल होता है। पुरोहित का आरोप है कि इस कार्यवाही से उनकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। छप्पर हटाये जाने के बाद उन लोगों ने जिला प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद भी चम्पत राय का मंदिर प्रबंधन के फैसले पर बना है दबदबा : सपा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय ने आज कहा कि मंदिर के चढ़ावे चोरी के मामले में भारतीय जनता पार्टी की भूमिका संदिग्ध है और तुरन्त छोटे लोगों पर कार्यवाही की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तत्कालीन महामंत्री चम्पत राय अब भी परोक्ष रूप से मंदिर प्रबंधन में प्रभाव बनाये हुए हैं तथा उन्हीं की इच्छा के अनुसार फैसले हो रहे हैं। पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय ने आज शाने अवध होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह लोग चोरी भी करते हैं और सीनाजोरी भी। संसद में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मुद्दे पर हुए प्रदर्शन के बाद अयोध्या में सियासी बयानबाजी तेज हो गयी। संतों के प्रदर्शन के अगले दिन श्री पाण्डेय ने कहा कि सांसद पप्पू यादव ने भगवा वस्त्र राम मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरी के संदर्भ में पहने थे। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव से गलती हुई क्योंकि प्रदर्शन के दौरान भगवान राम का चित्र जमीन पर गिर गया था। पवन पाण्डेय ने कहा कि इस गलती के लिये उन्होंने अयोध्या की जनता से माफी मांगी और पप्पू यादव को भी माफी मांगनी चाहिये। संतों के प्रदर्शन के दौरान सांसद अवधेश प्रसाद के पोस्टर पर कालिख पोतने और जूते मारने की घटना को समाजवादी पार्टी ने कड़ी निंदा की है। पाण्डेय ने इसे फैजाबाद अयोध्या की 18 लाख जनता और देश की 140 करोड़ जनता का अपमान बताया है। उन्होंने तीखी आवाज में कहा कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर पूरे प्रकरण में भाजपा की भूमिका संदिग्ध है और केवल छोटे लोगों पर कार्यवाही की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया निवर्तमान ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय अब भी परोक्ष रूप से चम्पत राय की इच्छानुसार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, हामिद जाफर मीसम, शावेज जाफरी, ओरौनी पासवान, संजय चौधरी, सुनील कुमार, मीडिया प्रभारी राकेश सिंह उपस्थित थे।

# भाजपा समर्थकों द्वारा कांग्रेस नेताओं के चित्र जलाने की घटना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला : जिलाध्यक्ष



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम तथा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से भाजपा समर्थकों द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध लगाए गए कथित निराधार आरोपों तथा उनके चित्र जलाए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब अयोध्या में चढ़ावे की चोरी की घटना सामने आई, जिससे पूरे विश्व में अयोध्या की छवि धूमिल हुई, तब भाजपा और स्वयंभू सनातन धर्म के ठेकेदार मौन रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के रोड शो में भगवान हनुमान का अभिनय कर रहे कलाकारों का प्रदर्शन कराया गया तथा हनुमान जी की छवि का विभिन्न आयोजनों में अनुचित ढंग से उपयोग किया गया, तब भी इन लोगों ने सनातन धर्म के सम्मान की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि आज एक नाट्य मंचन को आधार बनाकर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। यदि वास्तव में ये लोग सनातन धर्म के प्रति आस्था रखते हैं, तो उन्हें चढ़ावे की चोरी और धार्मिक प्रतीकों के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दों पर भी समान रूप से आवाज उठानी चाहिए थी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता रखने वाले लोगों को प्रभु श्रीराम और हनुमान जी सद्बुद्धि प्रदान करें। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के रवैये पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब विपक्षी दल किसी प्रकार का प्रदर्शन करते हैं, तो प्रशासन तत्काल सक्रिय होकर रोक-टोक करता है। किंतु आज भाजपा समर्थकों द्वारा विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं के चित्र जलाए गए और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। उन्होंने इसे प्रशासन का दोहरा मापदंड बताते हुए इसकी निंदा की और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक विरोध के नाम पर इस प्रकार की उकसाऊ और अशोभनीय गतिविधियां लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध हैं।

# प्रसिद्ध सावन झूला मेला की तैयारियां पूरी जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण








**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या के प्रसिद्ध सावन झूला मेला की तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। मेले में मण्डलायुक्त राजेश कुमार के साथ डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। कल से शुरू हो रहे मेले में श्रावण मास के दौरान आयोजित होने वाले राम की पैड़ी एवं मणिपर्वत झूला मेले के सफल सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सभी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को सभी व्यवस्थायें निर्धारित समय के भीतर पूर्ण करने के आदेश दिये जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण में मेले में आकर आनंद उठा सकें। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त के साथ डीआईजी सोमेने वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता, अपर जिलाधिकारी नगर योगेन्द्र पाण्डेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य विक्रम अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने राम की पैड़ी, मणिपर्वत और आसपास मेला क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरीकेडिंग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, चिकित्सा सुविधाओं, नियंत्रण कक्ष, आपदा प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि श्रावण मेला में बड़ी संख्या में कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रत्येक विभाग पूर्ण सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करे। डीआईजी सोमेन वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण को सुनिश्चित कराने के लिये बल दिया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि तैयारियों में कोई कमी न हो जिससे श्रद्धालु मेले के दौरान दर्शन पूजन कर सकें।

## वरिष्ठ पत्रकार अजेन्द्र पाण्डेय के बाबा महीपति 101 वर्ष के आयु में हुआ देहान्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार अजेन्द्र पाण्डेय के बाबा महीपति पाण्डेय का आज प्रातः 9 बजकर 10 मिनट पर 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे रामघाट अयोध्या के निवासी थे। समाचार मिलते ही शुभचिन्तकों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार पारिवारिक रीति रिवाज के अनुसार आज किया गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

# ऑपरेशन के बाद युवक की मौत, विधायक ने जताया शोक



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के शुजागंज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बिचाला गांव निवासी युवक मुकेश रावत की कथित रूप से एक निजी अस्पताल में हाइड्रोसील ऑपरेशन के बाद हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक के परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉ. विनोद कुमार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्जकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मृतक के भाई सर्वेश कुमार ने कोतवाली रूदौली में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है। कि मुकेश को हाइड्रोसील की शिकायत थी। जिसके इलाज के लिए शुजागंज स्थित एक निजी अस्पताल में डॉ. विनोद कुमार से ऑपरेशन कराया गया। ऑपरेशन के बाद भी दर्द कम नहीं हुआ, बल्कि लगातार बढ़ता गया। परिजनों का यह भी आरोप है। कि डॉ. ने बार-बार आश्वासन देकर मरीज को घर भेज दिया। बाद में अचानक तबीयत अधिक बिगड़ने पर दूसरे चिकित्सक को दिखाया गया। जहां ऑपरेशन में गंभीर गड़बड़ी होने की बात सामने आई। इसके बाद मरीज को आनन फानन में उच्च चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। लेकिन जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही रूदौली विधायक रामचंद्र यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। श्री विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन, बच्चों को बाल सेवा योजना, परिवार को पारिवारिक सहायता योजना, पात्रता के अनुसार किसान दुर्घटना सहायता तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम रुदौली विनोद कुमार गुप्ता, सीओ रुदौली अरविंद सोनकर, अपराध निरीक्षक रुदौली शत्रुधन यादव, शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## कृषि उपज की गुणवत्ता बनाये रखें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अयोध्या श्री सौरभ वर्मा ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि कृषि उपज (उत्पाद) को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिये एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन (आई0पी0एम0) अपनाने की सलाह दी जाती है, जिसके अन्तर्गत गर्मी में खेतो की मिट्टी पलट हल से जुताई, फसल चक, हरी खाद की पलटाई, मेड़ बंधी, संस्तुत मात्रा में उर्वरक का प्रयोग, समय से बुआई, मित्र-शत्रु कीट की पहचान, बॉयोपेस्टीसाइड/बॉयोऐजेन्ट का प्रयोग, उचित दूरी पर बुआई, लॉइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप, रंगीन स्ट्रीकी ट्रैप इत्यादि प्रबन्ध का अवश्य प्रयोग करे, जिससे विषैले भोज्य प्रदार्थो के उत्पादन से बचा जा सके। फसल को हानि पहुंचाने वाले कीड़ो को आकर्षित करने हेतु प्रकाश प्रपन्च (लॉइट ट्रैप) एवं गन्धपास (फेरोमोन ट्रैप), 8 ट्रैप प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग करे।

# चेहल्लुम त्यौहार में मजिस्ट्रेटों की होगी तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष चेहल्लुम चन्द्रदर्शन के अनुसार इस्लामिक माह सफर की 20वीं 4 अगस्त को तारीख (हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन के सहादत के 40वें दिन) मनाया जाना सम्भावित है। ऐसे में सभी महत्वपूर्ण व संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता/चौकसी करते हुए पूर्व से ही समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिया जाय और सभी असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाय, जिससे जनपद में कानून/लोक/शांति व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द अक्षुण्ण रहें। नगर मजिस्ट्रेट तथा रेजीडेण्ट मजिस्ट्रेट अपने-अपने आवंटित क्षेत्र एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारियों व अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) अपने-अपने सम्पूर्ण नगरीय/ग्रामीण क्षेत्र में अपने काउन्टर पार्ट अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य से समन्वय बनाकर आवश्यक शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु उत्तरदायी होंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई नयी परम्परा प्रारम्भ न हों। साथ ही सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसील क्षेत्र में चेहल्लुम के दृष्टिगत जुलूसों/ कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपने स्तर से अधीनस्थ की आवश्यकतानुसार ड्यूटी लगायेंगे। समस्त क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट, जनपद अयोध्या अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय करते हुए मुस्लिम धर्म गुरूओ मौलानाओं/ सम्बन्धित कमेटियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से सम्पर्क व सुझाव करके समस्त थाना क्षेत्रों में समस्त सम्बन्धित विभागाधिकारियों की उपस्थिति में ससमय पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करेंगे तथा ससमय समस्याओं का निराकरण करायेंगे। नगर निगम अयोध्या एवं स्थानीय नगर निकाय तथा जिला पंचायत विभाग अपने-अपने क्षेत्रो में सभी आवश्यक स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, चूना छिड़काव, प्रकाश, शुद्ध पेयजल आदि को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग अयोध्या सभी सम्बन्धित मार्गों/स्थलों पर स्थित वृक्षों की लटकी डालों व लटके पेड़ों की कटाई-छटाई ससमय करायेंगे। समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, विकास प्राधिकरण अयोध्या आदि अपने से सम्बन्धित मोहल्लो/ जुलूस के मार्गो पर पड़ने वाली विभागीय सडकों की आवश्यकतानुसार मरम्मत/पैचिंग समय से कराकर उसको समतल कराकर चलने योग्य बनवायेंगे। समस्त अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, जनपद अयोध्या विद्युत लाइनो के ढीले तारों एव जर्जर खम्भों को समय से ठीक कराने, मोबाइल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था के साथ-साथ निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करेंगें। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अयोध्या द्वारा सीवर लाइन डालने हेतु शहर के विभिन्न मार्गो पर खोदी गयी सड़कों/गलियों की ससमय मरम्मत कराकर चलने योग्य बनाया जाय। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी द्वारा उक्त पर्व के दृष्टिगत अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आवश्यक कार्यों/दायित्वों का निर्वहन सम्बन्धित क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट एवं आयोजको से समन्वय स्थापित कर ससमय कराया जायेगा। सभी सम्बन्धित अधिकारी चेहल्लुम माह सफर में निकाले जा वाले जुलूसों ने सकुशल संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होगें।

# नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान शुरू



**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, अंबेडकर नगर में प्रधानाचार्य के निर्देशन में मानसिक रोग विभाग द्वारा 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण करते हुए जागरूकता रैली द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य द्वारा एल.टी.1 में सामूहिक रूप से एकत्रित होकर नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के जन आंदोलन कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उपस्थित सभी जन ने कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक देखा तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम से सभागार में एकत्रित जन को यह प्रेरणा मिली कि युवाओं को नशे से दूर रखना, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपना, और समाज में सकारात्मक बदलाव का दूत बनाना है। युवाओं का मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है, नशे की लत युवाओं को उनके बनाए गए लक्ष्य से भटकाती है, यदि परिवार में कोई इस लत का शिकार हो जाए, तो उसे छिपाने के बजाय खुलकर बात करें और उसका सही इलाज तथा काउंसलिंग करवाएं। तत्पश्चात चिकित्सालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, काउंसलिंग सेवाओं तथा नशा मुक्ति के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार गुप्ता एवं डॉ. पारुल यादव (सहायक आचार्य) द्वारा की गई एवं कार्यक्रम में मौजूद डॉ मुकुल सक्सेना विभागाध्यक्ष टी.सी.सी., डॉ. रितेश राय डॉ. अनिल सिंह यादव सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी, डॉ. शिवरतन, डॉ. राणा प्रताप, डॉ. प्रियंका यादव (एस. आर.) मानसिक रोग विभाग, अध्यनरत छात्र-छात्राएं ए.टी.एफ. कार्यरत कर्मचारी विनोद कनौजिया काउंसलर, प्रियम खरे काउंसलर, अनुराग त्रिपाठी स्टाफ नर्स, स्वीटी शर्मा डाटा मैनेजर, शादाब क्लीनिंग सुपरवाइजर इत्यादि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी नागरिकों से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी दूसरों को भी जागरूक करनें की अपील किया है।

# जूनियर हाईस्कूल गोसाईगंज में महिला शिक्षक विदाई समारोह हुआ संपन्न




**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** स्कूल के शिक्षकों ने संस्थान में शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों पर ले जाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनका अनुशासन, समर्पण और बच्चों के प्रति स्नेह हमेशा याद रखा जाएगा। यहाँ के शिक्षकों ने बच्चों को न केवल अच्छी तालीम दी। बल्कि बच्चों को बेहतर इंसान बनने के लिए अच्छे संस्कार भी दिए। उक्त बातें शनिवार को गोसाईगंज स्थित अंसार जू0 हाई स्कूल में बीते डेढ दशक से अध्यापन कार्य कर रहीं महिला शिक्षक रागिनी वर्मा एवं सुनीता गुप्ता के विदाई समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे पधारी गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल ने कहीं !इससे पूर्व सभासद श्रीमती जायसवाल का विद्यालय की प्रधानाचार्या जीना सुल्तान तथा अन्य अध्यापिकाओ द्वारा माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया !विद्यालय प्रबंधक इकबाल हुसैन की अध्यक्षता तथा प्रधानाचार्या जीनत सुल्तान के संचालन में संपन्न हुए कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन,सहकर्मियों और छात्र- छात्राओं ने विदा हो रहीं इन दोनों महिला अध्यापिकाओं के उत्कृष्ट योगदान की सराहना कर उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए इनके सम्मान में सम्मान पत्र,धन्यवाद भाषण और भावुक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह के अंत में स्कूल प्रबंधक द्वारा सभासद आरती जयसवाल के साथ- साथ दोनों महिला शिक्षकों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो), उपहार और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।विदाई ले रहीं दोनों महिला अध्यापिका रागनी वर्मा, सुनीता गुप्ता ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा कर कहा कि स्कूल में बिताया गया समय उनके जीवन के सबसे यादगार और अमूल्य पलों में से एक रहेगा तथा स्कूल के सहकर्मियों और बच्चों से मिला प्यार व सम्मान वे कभी नहीं भूलेंगी। कार्यक्रम मे तहसीन कौसर, सुनीता यादव, आरती मौर्य, रितू दुबे, मंतशा बानो, कहकसा बानो, अरबिया नाज, समाजसेवी इश्तियाक अंसारी, मो0 सहनवाज उर्फ़ सालू सहित कई लोग मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद द्वारा अध्यक्ष एकता अग्रवाल के नेतृत्व में होटल क्रिनोस्को में बहुप्रतीक्षित वार्षिक प्रदर्शनी 'अमाया - सीज़न 9' का भव्य आयोजन किया गया। महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में यह प्रदर्शनी प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। प्रदर्शनी में कृत्रिम आभूषण, आकर्षक परिधान, चिकनकारी, राखियां, भगवान जी की पोशाकें सहित लगभग 31 स्टॉल लगाए गए, जहाँ शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी कर प्रदर्शनी को शानदार सफलता दिलाई। समाज के वंचित वर्गों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुछ चैरिटी स्टॉल भी लगाए गए, जिन्हें लोगों ने सराहा। मुख्य अतिथि शहर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमिता वर्मा रहीं। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रेणु रस्तोगी अपनी पूरी टीम–विधि अग्रवाल, किरण सक्सेना, नीता आचार्य एवं मोनिका अग्रवाल–के साथ उपस्थित रहीं। इसमें रीता खत्री, स्नेहलता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीरा अग्रवाल, बीना अग्रवाल, सपना रस्तोगी, स्वाति टंडन,आशा केडिया, मंजरी मिश्रा, उषा मिश्रा, डिंपल बंसल, रूबी बंसल, ममता सिंह, अंजू विकास आदि उपस्थित रहे।




# यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध : जिला कृषि अधिकारी

**किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध, कालाबाजारी व ओवररेटिंग पर होगी सख्त कार्रवाई**



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन-2026 में जनपद के किसानों को उचित दर पर समय से यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। वर्तमान में जनपद में 22,951 मीट्रिक टन यूरिया, 8,028 मीट्रिक टन डीएपी तथा 8,751 मीट्रिक टन एनपीके बफर एवं फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है। इनमें से 15,295.27 मीट्रिक टन यूरिया निजी एवं सहकारी क्षेत्र के फुटकर उर्वरक विक्रय केंद्रों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की किसी प्रकार की कमी नहीं है। किसानों को उचित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी, ओवररेटिंग एवं टैगिंग जैसी अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए निजी एवं सहकारी क्षेत्र के सभी उर्वरक विक्रय केंद्रों की लगातार सघन निगरानी की जा रही है। साथ ही नियमित रूप से छापेमारी की कार्रवाई भी की जा रही है।जिला कृषि अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक उर्वरक विक्रय केंद्र पर रेट बोर्ड एवं स्टॉक बोर्ड का प्रतिदिन अद्यतन प्रदर्शन किया जाए तथा उर्वरकों की उपलब्धता एवं मूल्य का स्पष्ट अंकन किया जाए। इसके अलावा प्रत्येक दुकान पर फ्लेक्स बैनर लगाना भी अनिवार्य किया गया है। उन्होंने जनपद के किसानों से अपील की कि वे अपने निकटतम उर्वरक विक्रय केंद्र पर आधार कार्ड एवं फार्मर आईडी के साथ जाएं तथा पीओएस मशीन के माध्यम से अपनी जोत के अनुसार ही उर्वरक क्रय करें। साथ ही पीओएस मशीन से प्राप्त कैश रसीद के अनुसार ही उर्वरकों का भुगतान करें। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी तथा किसी प्रकार की अनियमितता से बचा जा सकेगा।

# फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार* के निर्देशन में अपराध एवं धोखाधड़ी के मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुबारकपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। बता दें कि दिनांक 01.08.2026 को वादिनी सुजाता जायसवाल पत्नी अंकित कुमार जायसवाल, निवासी पुरानी बस्ती (रोडवेज), थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना मुबारकपुर पर तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि रितेश वर्मा, संदीप गुप्ता तथा उनके अन्य सहयोगियों ने सरकारी स्कूल एवं एनजीओ में योगा टीचर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रति व्यक्ति ?1,35,000 की धनराशि प्राप्त की तथा 'स्ड्डु× ढ्डस्त्रद्गड्डु' के नाम से फर्जी एवं कूटरचित नियुक्ति पत्र देकर अनेक लोगों के साथ धोखाधड़ी की। तहरीर के आधार पर थाना मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 283/2026 धारा 111(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की । आज दिनांक 02.08.2026 को चौकी प्रभारी कस्बा उ0नि0 धर्मेन्द्र शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा सूचना पर मुकदमे में वांछित अभियुक्त रितेश वर्मा को रोडवेज तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 17 फर्जी नियुक्ति पत्र एवं अन्य कूटरचित दस्तावेज बरामद हुए। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर नौकरी दिलाने के नाम पर धनराशि लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर लोगों के साथ धोखाधड़ी करता था। गिरोह द्वारा इस प्रकार की कई घटनाओं को अंजाम दिए जाने की जानकारी भी प्राप्त हुई है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश एवं अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सरकार भ्रष्टाचार की सरकार है, एक भी वादा पूरा नहीं किया : धर्मेन्द्र यादव



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ ।** समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक एवं सांसदआजमगढ़ धर्मेंद्र यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए वर्तमान क्ब्छक्क सरकार पर भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 'भ्रष्टाचार सरकार की नियत के कारण होता है। इस सरकार में बैठे हर व्यक्ति - चाहे मंत्री हो, अधिकारी हो या उनके प्रतिनिधि, सबकी नियत केवल लूटने की है। इसी कारण भ्रष्टाचार सामने आ रहा है। सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि अगर 2027 में सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए समाजवादी पार्टी ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नियत साफ नहीं है, इसलिए प्रदेश में हर जगह लूट और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।गोरखपुर की घटना परगोरखपुर में बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसी भी अन्याय-अत्याचार के विरोध में थी, है और रहेगी। उन्होंने कहा कि 'हम सदन से लेकर सड़क तक पीड़ितों के साथ खड़े हैं।' उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि घटना के बाद न तो सांसद और न ही कोई जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिलने गया।पुलिस और कानून व्यवस्था परपुलिस रिफॉर्म के सवाल पर उन्होंने कहा कि '1947 से अब तक पुलिस रिफॉर्म का मुद्दा है, लेकिन असल में सरकार की नियत खराब है। पुलिस वही करेगी जो सरकार आदेश देगी।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने नौजवानों के आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग किया।युवा आंदोलन और मंदिर चंदा चोरी परधर्मेंद्र यादव ने कहा कि नौजवानों के आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश की गई, लेकिन नौजवानों की एकता और समर्पण के कारण सरकार उसे दबा नहीं पाई। उन्होंने 6 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 'मंदिर चंदा चोरी' का खुलासा किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि '2 महीने बीत गए, लेकिन सरकार ने एक भी दोषी पर कार्रवाई नहीं की, न कोई पोस्टर लगाया। ये केवल पिक एंड चूज की नीति है। अपना हो तो बचा लो, विरोधी हो तो फंसा दो।' उन्होंने राम मंदिर चढ़ावे के मुद्दे को जनता के बीच लगातार ले जाने की बात कही और कहा कि पूरा सनातनी इस कांड से शर्मिंदा है। उन्होंने अंत में कहा कि क्ब्छक्क की सरकार ने जनता से किए एक भी वादे पूरे नहीं किए हैं। प्रदेश की जनता इस बार वोट के जरिए इसका जवाब देगी। इस अवसर पर पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन

**स्वतंत्र भारत बलिया।** बताया जाता है कि नगर के एक लॉज में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन एवं ज्वैलर्स ने किया सम्मान समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन जिसके मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संरक्षक लोकेश अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव सुनील सर्राफ एवं राष्ट्रीय महामंत्री-श्रीमती जया वर्मा उपस्थित रहीं कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारीयों का सम्मान एवं शिक्षा क्षेत्र में परचम लहराने वाली दो बालिका एक संतोष वर्मा की पुत्री एवं एक गोपाल जी वर्मा की की पुत्री को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकुल वर्मा ने आगामी चुनाव में अपने समाज को चढ़कर भागीदारी लेने को बताया और कहां की स्वर्णकार समाज एकजुट होकर के राजनीतिक एवं सामाजिक लड़ाई लड़ेगा संगठन के जिला अध्यक्ष विजय सर्राफ ने कहा कि जिले के सभी स्वर्णकार बन्धु को किसी प्रकार की समस्या हो तो संगठन के उच्च पदाधिकारी से वार्ता कर समाधान करने का काम करेंगे और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया इस अवसर पर स्वर्णकार समाज एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के विलंब पंजीकरण एवं खोज शुल्क की नई व्यवस्था लागू

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद देवरिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण नियमावली-2026 तथा उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग 1 द्वारा जारी अधिसूचना के क्रम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के विलंब पंजीकरण तथा प्रमाण पत्र/अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की खोज के लिए निर्धारित शुल्क लागू कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि जन्म अथवा मृत्यु होने की सूचना 30 दिन के भीतर लेकिन निर्धारित अवधि के बाद देने पर 20 रुपये विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण किया जाएगा। 30 दिन से अधिक तथा एक वर्ष के भीतर सूचना देने पर संबंधित सक्षम प्राधिकारी की लिखित अनुमति, आवश्यक अभिलेख तथा 50 रुपये विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण होगा।यदि जन्म अथवा मृत्यु की सूचना एक वर्ष के बाद दी जाती है, तो जिला मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी अथवा अधिकृत कार्यपालक मजिस्ट्रेट के आदेश के उपरांत 100 रुपये विलंब शुल्क जमा करने पर ही पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की खोज के लिए प्रथम वर्ष की खोज पर 20 रुपये, प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के लिए 20 रुपये, जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 50 रुपये तथा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 20 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित अधिसूचना के क्रम में निर्धारित शुल्क जमा करने पर नगरपालिका क्षेत्र में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही की जाएगी।

## छात्रों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ । आजमगढ़।** जिले के छात्र-युवाओं ने रविवार को पीडीए भवन पहुँचकर समाजवादी पार्टी के सदर सांसद धर्मेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा व्यवस्था के सुधार एवं छात्रहित से जुड़ी प्रमुख मांगों को उनके समक्ष रखा। ?छात्र प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से माँग की कि जिन विद्यार्थियों पर दर्ज एफआईआर न्यायिक प्रक्रिया में समाप्त या खारिज हो चुकी है, उनके शैक्षणिक अवसरों और रोजगार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ने दिया जाए।?लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठाने वाले छात्रों को अनावश्यक प्रशासनिक दबाव, धमकी या किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण मिले।ड्ढजिले में कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, आधुनिक अध्ययन केंद्रों और बेहतर खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाए। जिले में बढ़ती छात्र संख्या को देखते हुए पॉलिटेक्निक संस्थानों में सीटों और नई तकनीकी शाखाओं की संख्या बढ़ाई जाए।ब?छात्रों ने सांसद से इन जनहित व छात्रहित की मांगों पर संसद तथा संबंधित मंचों पर आवाज उठाने और त्वरित आवश्यक कार्रवाई कराने का अनुरोध किया। इस दौरान हिमांशु यादव, हर्षित यादव, शुभम शर्मा, अवनीश यादव, उज्जवल दुबे, आदित्य यादव, शिवांश यादव, दिव्यांशु यादव, आकाशीकांत यादव, आयुष एन. यादव, श्यामजी यादव, अर्पित चौबे, आदर्श यादव, अंकित कुमार यादव, अनुपम यादव, राज सरोज, आशुतोष सिंह, सईद अहमद, कौशिकन यादव, सचिन यादव और मानसी गौर शामिल रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत बलिया।** बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह* के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री दिनेश कुमार शुक्ल के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी बांसडीह श्री जयशंकर मिश्र एवं थानाध्यक्ष मनियर अजय कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में मनियर पुलिस टीम को मिली सफलता ।उल्लेखनीय है कि दिनांक ×1.07.2026 को नाबालिग लड़की उम्र करीब 15 वर्ष जिसके गाँव का ही जाहिद पुत्र फिरोज ने नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर वीडियो काल करके उसकी अश्लील विडियो बना लिया और धमकी देने लगा कि मुझसे शादी करो नही तो तुम्हारा अश्लील वीडियो वायरल कर देगें तुम्हे व तुम्हारे परिवार को किसी के सामने मुंह दिखाने लायक नही छोड़ेगे, कही भी शादी नही करने दूंगा । जब नाबालिग लडकी ने शादी का विरोध की तो फिरोज ने अपने दोस्त इस्माईल शाह पुत्र एजाज व नाबालिग लड़की की मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज दिया व इस्माईल शाह ने गांव के अन्य कई लोगो पर भेजकर वायरल कर दिया है । इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 141/2026 धारा ×51(2) ब्व्हस्‍ व 67 द्बञ्‌ ष्ह्ल के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । इसी क्रम में नाबालिग लड़की द्वारा मानसिक अवसाद में आकर दिनांक-01.08.2026 को आत्महत्या करने का प्रायस किया, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। थाना स्थानीय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में आज दिनांक 02.08.2026 को उ0नि0 मो0 इस्माईल शेख ,उ0नि0 वंशराज सिंह व का0 जगदीश पटेल व का0 हरिकेश यादव थानाक्षेत्र में देखभाल क्षेत्र, चेकिंग सदिग्ध व्यक्ति/वाहन , पेण्डिंग विवेचना में ग्राम दक्षिण पटखौली में मौजूद थे।

## असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य अपने भांजे के तिलक रिंग सेरेमनी एवं गोद भराई की रस्म में पहुंचे

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ ।** स्थानीय नगर के मैरिज हॉल में रविवार को लगभग ढाई बजे असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य अपने भांजे के तिलक रिंग सेरेमनी एवं गोद भराई की रस्म में पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। नगर के सिविल लाइन मोहल्ले में अपने बचपन से ननिहाल में रह रही ज्योत्सना कश्यप पुत्री स्वर्गीय श्याम बिहारी कश्यप जो आर्मी में मेजर एमएनएस है इन्हीं की रिंग सेरेमनी तिलक एवं गोद भराई की रस्म रविवार को लालगंज के एक मैरिज हॉल में आयोजित की गई थी राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य अपने भांजे डॉक्टर विवेक वर्मा पुत्र शशिकांत वर्मा निवासी मुगलसराय वाराणसी के उक्त कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। ज्योत्सना कश्यप चार भाइयों एवं बहनों में दूसरे नंबर पर है इनके बड़े भाई आलोक नेवी से रिटायर हो कर समीक्षा अधिकारी पद पर चयनित हुए है।दूसरे भाई प्रशांत कुमार असिस्टेंट कमिश्नर एवं तीसरे भाई स्वप्निल अभियोजन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। माननीय राज्यपाल के पहुंचे ही भाई आलोक प्रशांत स्वप्निल एवं मामा लवकुश कश्यप जगदीश कश्यप राजेंद्र कश्यप विनोद कुमार कश्यप गोरखनाथ कश्यप राम प्रसाद कश्यप मनोज गुप्ता आदि ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया मौके पर उपजिला अधिकारी लालगंज नेहा मिश्रा एसपी सिटी मधुबन सिंह क्षेत्राधिकार लालगंज भूपेश पांडे क्षेत्राधिकार बुढ़नपुर विजय सिंह नायब तहसीलदार लालगंज कनक सिंह इंस्पेक्टर रानी की सराय विमल प्रकाश राय थानाध्यक्ष देवगांव सुनील कुमार सिंह चिकित्सा विभाग फायर ब्रिगेड विभाग के लोग मौके पर उपस्थित थे।

# अनुदेशकों ने मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण के मुद्दे पर एकजुट होकर संघर्ष करने का किया आह्वान



**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ ।** नगर के कोल बाजबहादुर स्थित एक विद्यालय प्रांगण में अनुदेशक संघ आजमगढ़ के तत्वावधान में एक आवश्यक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के अनुदेशकों की वर्तमान समस्याओं, मानदेय वृद्धि और सुप्रीम कोर्ट की हालिया नियमितीकरण नोटिस जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गहन मंथन कर आगामी रणनीति तैयार की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह का जिलाध्यक्ष गणेश यादव एवं महिला जिलाध्यक्ष अंजू राय के नेतृत्व में अनुदेशकों ने जोरदार स्वागत किया। बैठक के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने अनुदेशकों के अधिकारों और उनकी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह ने संगठन की भावी रणनीति और आगामी कार्ययोजना से सभी अनुदेशकों को अवगत कराया। उन्होंने मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण के मुद्दे पर एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी नोटिस के परिपेक्ष्य में आगे की कानूनी व संगठनात्मक रूपरेखा, ब्लॉक स्तर तक संगठन को सक्रिय और सशक्त बनाने, विद्यालयों में आ रही व्यावहारिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का समाधान पर चर्चा की गई। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति ने अनुदेशक संघ की एकता और शक्ति का मजबूत परिचय दिया है। इस दौरान ताड़केश्वर शाही, अभिषेक राय, प्रवीण कुमार सिंह, मनोज कुमार राय, सुषमा, निवेदिता, रीमा, रिंकी गोंड, संतरा पटेल, दीपू, रेनू, लालचंद यादव, सौरभ यादव, मिथिलेश यादव, हरेंद्र यादव, पंकज चौधरी, प्रमोद यादव, श्रीकांत यादव, अमरजीत यादव, रविशंकर मिश्रा, दिलीप यादव, दिनेश पाल, दिनकर प्रजापति, रामचंद्र सहित समस्त अनुदेशक उपस्थित रहें।

## पोखरे में डूबने से दो किशोरों की मौत

**स्वतंत्र भारत आजमगढ़ लालगंज (आजमगढ़)** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के कालीचाबाद गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दो किशोरों की पोखरे मे डूबने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। कालीचाबाद निवासी अंशु मौर्य (17 वर्ष) रविवार को गांव के पोखरे में स्नान कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए किनारे पर मौजूद अल्तमस (16 वर्ष) तत्काल पोखरे में कूद पड़ा, लेकिन वह भी गहरे पानी में फंस गया। देखते ही देखते दोनों किशोर डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों को पोखरे से बाहर निकालकर सौ शैया चिकित्सालय लालगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर देवगांव कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाने के निर्देश, डीएम ने की समीक्षा बैठक



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभागों की आवश्यक बैठक आहूत की। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक उपाय अपनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि न हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाएं। जहां बार-बार सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक संकेतक एवं अन्य सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि का थाना-वार विवरण तैयार किया जाए तथा प्रत्येक सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु का ऑडिट भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि दुर्घटना के कारणों का पता चल सके। जो भी कारण प्रकाश में आएं, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए।उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि रोकने के लिए सड़क निर्माण से जुड़े विभाग, प्रशासन एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं 108 एंबुलेंस सेवा को भी पूरी तरह चौकस रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आमजन से यह भी अपील की है कि वे सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं, नियमों का पालन करें और अपने अमूल्य जीवन को किसी खतरे में न डालें। उन्होंने यह भी कहा कि यातायात नियमों का पालन से ही सड़क दुर्घटना को नियंत्रित किया जा सकता है, इसलिए जागरूक बने और नियमों का पालन करें बिना हेलमेट दो पहिया वाहन कदापि न चलाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम शंकर, सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल जाटव, सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रह।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार नाथ व राजपुर गांव में रविवार को एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया।



पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेला का आयोजन 215 मरीजों का हुआ उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 51 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 39 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 45 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूडपेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 37 मरीजों का उपचार किया कुल 215 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया। सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मेले को सफल बनाने के लिए दिनभर सेवाएं दीं। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल आदि मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी ड्रमंडगंज के अध्यक्ष बने आशीष केशरी



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार स्थित रामलीला मंच पर शनिवार की रात रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष केशरी (गुड्डू) को आदर्श श्रीराम लीला कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी ने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आशीष केशरी के नाम पर सर्वसम्मति से अपनी सहमति जताई। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आशीष केशरी ने रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आगामी रामलीला के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु सभी के सहयोग से कार्य करेंगे। बैठक में रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी, लवकुश केशरी, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, शत्रुघ्न केशरी, तारकेश्वर केशरी, शिवम केशरी, अनिल केशरी, दिलीप चौरसिया, ओंकार केशरी, विजय पाल, अनूप केशरी, बाबा केशरी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से ग्रामीणों को मिली बेहतर आवागमन सुविधा, सड़कों पर दौड़ रही बसें

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को आसान और सुलभ

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन की बस के संचालन से डग्गामार वाहनों के मालिकों की बढ़ी बेचौनी

बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना धरातल पर असर दिखा रही है। योजना के तहत संचालित बस ग्रामीण मार्ग पर यात्रियों को लेकर जाती नजर आ रही है।बस के अगले हिस्से पर मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना है, जो ग्रामीणों के लिए शुरू की गई इस सुविधा को दर्शाता है। योजना के तहत छोटे और दुर्गम गांवों को मुख्य सड़कों और कस्बों से जोड़ने के लिए निजी ऑपरेटरों को सब्सिडी पर बसें उपलब्ध कराई जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले ग्रामीणों को स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने के लिए साधन की भारी दिक्कत होती थी। अब नियमित बस सेवा शुरू होने से छात्र, किसान और महिलाएं आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और अंतिम छोर तक परिवहन सुविधा पहुंचाना है। बस संख्या न्च्65 छज्4103 जैसी कई बसें विभिन्न क्षेत्र से संचालित हो रही हैं।बसों के संचालन से प्राइवेट डगगमार वाहनों के मालिकों की मुश्किले बढ़ गयी है वंही ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ समय की बचत हो रही है, बल्कि आवागमन का खर्च भी कम हुआ है।

# ड्रमंडगंज घाटी में बोरी में फेंका मिला संदिग्ध मांस

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के

### पुलिस ने चार किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में बोरी को जांच के लिए ढंककर रखवाया

बड़का मोड़ घुमान के पास शनिवार शाम को बोरी में बंद संदिग्ध मांस मिलने पर राहगीरों में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में बोरी को एक आटो पर लदवाकर ड्रमंडगंज घाटी के ऊपर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में चार किलोमीटर दूर ढंककर रखवा दिया। पुलिस द्वारा बोरी को जंगल में ले जाने पर क्षेत्रीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मौके पर मौजूद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने बताया कि बोरी से आ रही दुर्गंध से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बोरी में बंद मांस दो तीन पहले का है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस को संदिग्ध बोरी को थाने पर ले जाकर जांच करवानी चाहिए थी। लेकिन पुलिस ने बोरी को एक आटो पर लदवाकर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में फिंकवा दिया। पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि बोरी में किस जानवर का मांस फेंका गया है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पुलिस का कहना है कि बोरी में बंद मांस जंगली सुअर का लग रहा है। जिसे किसी के द्वारा बड़का मोड़ घुमान पर फेंक दिया गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में बंद बोरी में मिला मांस सुअर का लग रहा है जिसे खराब होने पर बोरी में बंद कर किसी के द्वारा ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास फेंक दिया गया था।बोरी को नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह गांव में जांच के लिए ढंककर रखवाया गया है।

# बारिश में पैर फिसलने से छात्रा घायल हाथ में फ्रैक्चर, ट्रामा सेंटर रेफर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनगढ़ा में शनिवार को बारिश के दौरान फिसलकर गिरने से एक छात्रा घायल हो गई। हादसे में उसके बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा सात की 13 वर्षीय छात्रा शिल्पा बारिश के दौरान शौचालय की ओर जा रही थी। इसी बीच विद्यालय परिसर में फर्श पर पानी जमा होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह गिर पड़ी। हादसे में उसके बाएं हाथ की कलाई के पास गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने परिजनों को सूचना दी और छात्रा को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक डा. विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# सावन के पहले रविवार को कोटार नाथ शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, हुआ जलाभिषेक

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** पवित्र सावन माह के प्रथम रविवार को अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर बाबा कोटार नाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक, दूधाभिषेक और बेलपत्र अर्पित किए। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना भी करवाई।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन के हर सोमवार और रविवार को यहां विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि कोटार नाथ मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, इसी कारण सावन माह में दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन माहौल भक्तिमय रहा और भजन-कीर्तन के साथ शिव भक्तों ने सावन का आनंद लिया।

# स्कूल जाने के लिए घर से निकली तीन छात्राएं रहस्यमय ढंग से हुई लापता, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन छात्राएं शनिवार को रहस्यमय ढंग से लापता हो गईं। वे अपने घरों से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ये तीनों किशोरियां लालगंज थाना क्षेत्र के एक ही गांव की रहने वाली हैं और स्थानीय राजकीय हाईस्कूल में पढ़ती हैं। शनिवार को स्कूल के बाद जब वे घर नहीं पहुंचीं, तो परिजनों को चिंता हुई। देर रात तक खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। रात भर जागने के बाद, रविवार सुबह परिजनों ने लालगंज थाने में पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को गुमशुदगी दर्ज करने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया और लापता छात्राओं की खोजबीन में जुट गई।इस संबंध में लालगंज प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि तीनों छात्राओं की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम लगातार सुराग लगा रही है।दावा किया की छात्राओं को ट्रेस कर लिया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि लापता छात्राओं को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# वज्रपात की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में शनिवार दोपहर करीब एक बजे के करीब बज्रपात होने से 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रवि यादव के परिवार को हाईकोर्ट से राहत, ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

**स्वतंत्र भारत खेतासराय जौनपुर।** खेतासराय चर्चित दूल्हा हत्याकांड में

### प्रशासनिक कार्यवाही पर उठे सवाल, राज्य सरकार व नगर पंचायत से छह सप्ताह में मांगा जवाब

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए रवि यादव के परिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने मकान ध्वस्तीकरण और बेदखली की प्रशासनिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाते हुए अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई एक अक्तूबर को होगी। रवि यादव के पिता की ओर से दायर याचिका में प्रशासन की कार्यवाही को चुनौती देते हुए दावा किया गया कि परिवार जिस भूमि पर निवास कर रहा है, वह भूमिधरी गाटा संख्या-625 है, जबकि बेदखली की कार्यवाही गाटा संख्या-624 को आधार बनाकर की गई, जो राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग की भूमि के रूप में दर्ज है। याचिका में यह भी कहा गया कि सीमांकन कराए बिना और पर्याप्त अवसर दिए बिना बेदखली व हर्जाने का आदेश पारित कर दिया गया। मामले की



सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति चन्द्र कुमार राय ने प्रथम दृष्टया याचिका में उठाए गए बिंदुओं को विचारणीय माना। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर पंचायत से छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है, जबकि याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में प्रत्युत्तर देने की छूट दी गई है। तब तक ध्वस्तीकरण और बेदखली संबंधी आदेशों के क्रियान्वयन पर रोक प्रभावी रहेगी। उधर, इसी प्रकरण में रवि यादव की पुलिस मुठभेड़ में मौत को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग ने कलेक्टर जौनपुर से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब कर पूरे घटनाक्रम की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉक्टर गजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर आपराधिक आरोप होने से उसके परिवार के संवैधानिक और वैधानिक अधिकार समाप्त नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश विधिक प्रक्रिया के तहत महत्वपूर्ण आदेश है।

# युवा ठान लें तो नशा हो सकता है खत्म : कुलपति

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभागों के निर्देश के क्रम में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में ÷नशा मुक्त युवा ङ्क विकसित भारत संकल्प अभियान÷ का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में एक साथ प्रारंभ हुए इस 100 सप्ताहीय राष्ट्व्यापी अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की बुराइयों से दूर रखते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक ने उपस्थित युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। नाटक में यह दर्शाया गया कि किस प्रकार युवा नशे की गिरफ्त में आते हैं, उनका जीवन और परिवार प्रभावित होता है तथा जागरूकता एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के माध्यम से इस समस्या से मुक्ति पाई जा सकती है।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संदेश के लाइव प्रसारण से हुआ। इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज का दिन भारतीय युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक संकल्प का दिन है। यदि युवा ठान लें तो समाज से नशे की बुराई को समाप्त करना कठिन नहीं है। देशभर के विश्वविद्यालयों में एक साथ आयोजित यह अभियान विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का संकल्प केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने बमबहादुर के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 215151201 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम ओम प्रकाश दर्ज है दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। ओमप्रकाश पुत्र राम कृपाल, ग्रा0-जनकौरा, पो0-जानकीनगर, गोण्डा।

सी.आर.- 908/D-28

### सूचना

मेरा दो नाम मो0 जयुफ उर्फ जयुफ मोहम्मद है, दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हूं। मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये। जयुफ मोहम्मद पुत्र मुस्तकीम ग्रा0 बल्लीडीह, रघवापुर बलरामपुर।

सी.आर.- 908/D-25

### सूचना

मेरा नाम मेरे पति रोहित गुप्ता के पासपोर्ट में त्रुटिवश अर्पिता गुप्ता अंकित हो गया है जबकि मेरे सरकारी व शैक्षिक अभिलेखों में अर्पिता बर्नवाल दर्ज है। अतः अर्पिता बर्नवाल ही सही नाम है। अर्पिता बर्नवाल पत्नी रोहित गुप्ता निवासी मोहल्ला ईदगाह, थाना कोतवाली लखीमपुर, तहसील लखीमपुर, जिला खीरी।

सी.आर.- 910/D-40

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (RIJVAN रिजवान) जो अपना नाम बदल कर (MOHAMMAD RIZWAN मोहम्मद रिजवान) कर रहा है। और मेरे पिता का सही नाम MOHD USMAN है। इसी नाम को मेरे सरकारी व अन्य सरकारी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHAMMAD RIZWAN मोहम्मद रिजवान काज़ीपुरा उत्तरी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच।

सी.आर.- 911/D-50

### गुमशुदा



सर्वविदित को कि मेरे बड़े भाई रामसजीवन पुत्र जगपाल अरसा 08 मई, 1995 को घर से बाहर गए और आज तक लौटकर नहीं आये न किसी द्वारा कहीं देखे गए। मैं/ राममूर्ति पुत्र जगपाल नि. पिण्डौली, वि. खंड व थाना व शिवगढ़, प. कुम्हरावां, महराजगंज, रायबरेली।

सी.आर.- 912/D

**माता वैष्णों शैल्यावाला हरिप्रकाश इण्टर कालेज, रघुनाथपुर-खण्डहर परशुरामपुरी (जलालाबाद) जनपद शाहजहाँपुर पिन कोड 242221**

**आवश्यकता है**

| | |
|---|---|
| प्रधानाचार्य- | 01 पद |
| (हिन्दी एवं अंग्रेजी वार्तालाप में दक्षता एवं 5 वर्ष का अनुभव) (एवं TGT-PGT अध्यापकों की) | |
| अंग्रेजी | 01 पद |
| रसायन विज्ञान- | 01 पद |
| जीव विज्ञान- | 01 पद |
| हिन्दी- | 01 पद |
| गणित- | 01 पद |
| संस्कृत- | 01 पद |
| कम्प्यूटर आपरेटर- | 01 पद |
| म्यूजिक टीचर- | 01 पद |
| क्रीड़ा अध्यापक- | 01 पद |
| सहायक अध्यापक (प्राइमरी सेक्शन)- | 02 पद |

इच्छुक व्यक्ति तीन कार्य दिवस के अन्दर अपना बायोडाटा mail पर भेजे।

**सम्पर्क सूत्र**
**विकास कुमार सक्सेना**
**(प्रबन्धक)**
**मोबा-9670366667**
email-mvsh30may2015@gmail.com

सी.आर.- 913/D


# बदहाली का शिकार टडियांव कोल्ड स्टोरेज किसानों ने उठाई पुनरोद्धार की मांग

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** कभी क्षेत्र की कृषि व्यवस्था की पहचान रहा टडियांव कोल्ड स्टोरेज आज जर्जर होकर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। एक समय यहां आलू भंडारण के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और बैलगाड़ियों की लंबी कतारें लगती थीं, लेकिन अब खाद-बीज वितरण भी पूरी तरह बंद हो चुका है। खाद न मिलने से आसपास के गांवों के किसानों को कोपागंज और घोसी तक भटकना पड़ रहा है। किसानों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी संपत्ति बदहाल हो रही है, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। किसानों ने कोल्ड स्टोरेज के शीघ्र जीर्णोद्धार और यहां खाद-बीज वितरण केंद्र दोबारा शुरू करने की मांग की है।

# रतनपुरा स्टेशन की सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** रतनपुरा के युवा साहू नेता अंगद साहू ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर रतनपुरा रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव, कंप्यूटरीकृत आरक्षण काउंटर, वाराणसी के लिए मेमू/डेमू ट्रेन संचालन तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन मऊ, बलिया और गाजीपुर के हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए जनहित में आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

# परिवार परामर्श समिति ने 8 दंपतियों में कराया समझौता

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस कार्यालय में आयोजित परिवार परामर्श समिति की बैठक में 49 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें 16 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि समिति के प्रयास से आठ दंपति आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को राजी हो गए। शेष मामलों की अगली सुनवाई 9 अगस्त को होगी।

# राष्ट्रीय पत्रकार संघ ने पत्रकारों का किया सम्मान

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने गृहस्थ प्लाजा में सम्मान समारोह आयोजित कर पत्रकारों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह ने पत्रकारों से निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता का आह्वान करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम में पत्रकारों के अधिकारों पर चर्चा हुई तथा 9 अगस्त को चार सूत्रीय मांगपत्र शासन को भेजने की घोषणा की गई। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वारंटी अभियुक्ता गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर पुलिस ने वारंटी अभियुक्ता उषा देवी, निवासी मर्यादपुर, को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया।

# खड़े कंटेनर में पीछे से दूसरा कंटेनर टकराया, दो घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय मार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरे कंटेनर ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे कंटेनर में बैठे दो लोग घायल हो गए। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ ने आगे खड़े कंटेनर को सड़क किनारे करवाया और दूसरे कंटेनर में फंसे दोनों व्यक्तियों को गंभीरावस्था में निकाल कर एंबुलेंस सेवा 1033 से अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश की तरफ से आ रही कंटेनर राजापुर पेट्रोल पंप के सामने एकाएक ब्रेक लगाकर खड़ा कर दिया। वहीं पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरा कंटेनर भी अनियंत्रित होकर खड़ी कंटेनर में टकरा गई। घायलों में पवन पुत्र गुल्ले सिंह निवासी रागोपुरा जिला गुना मध्य प्रदेश व शिवाकांत पुत्र रघुवीर निवासी आदमपुर हरदोई को एंबुलेंस 1033 से अस्पताल भेजा गया।

# महिला ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी संतरा देवी ने शनिवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है दी गयी तहरीर मे बताया है की 27 जुलाई को पुरानी रंजिस की बात को लेकर गांव निवासी श्यामजीत व बबलू गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया मामले की जांच एसआई घनश्याम सिंह द्वारा किया जा रहा है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# ट्रंप ने किया ईरान युद्ध खत्म होने का ऐलान

## दावा- पश्चिम एशियाई देशों के बीच लड़ाई खत्म करने पर बनी सहमति, नए हमले भी रोके



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने चौंकाते हुए ईरान युद्ध खत्म करने का एलान कर दिया है। एपी की रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पश्चिम एशिया के देशों के बीच ईरान युद्ध खत्म करने पर सहमति बन गई है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका अब ईरान पर नए हमले भी नहीं करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार शाम सोशल मीडिया पर दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा (आउटलाइंस) पर सहमति बना ली है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति को देखते हुए फिलहाल पांच महीने पुराने इस संघर्ष में नए सैन्य हमलों के आदेश नहीं दिए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि प्रस्तावित समझौते में हॉर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और पूरी तरह से खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे का अंत शामिल होगा। ट्रंप ने लिखा, 'मैंने दुनिया के हित और एक सफल एवं समृद्ध ईरान के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए फिलहाल हमला रद्द करने पर सहमति दी है, बशर्ते जल्द समझौता हो सके।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि इस्राइल ने भी अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के साथ ये समझौता पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे युद्ध समाप्त हो सके। इससे पहले शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ईरान के खिलाफ अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर चिंता जताई और ट्रंप से लड़ाई आगे नहीं बढ़ाने की अपील की थी। दोनों नेताओं की बातचीत ऐसे समय हुई जब ट्रंप ने सेना को ईरान पर नए हमलों के निर्देश दिए थे। दरअसल सऊदी अरब को आशंका थी कि अगर अमेरिका ईरान के ऊर्जा ढांचे या अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमला करता है, तो तेहरान जवाबी कार्रवाई में सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकता है। इस सप्ताह की शुरुआत में सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के कई लॉजिस्टिक और हथियार ठिकानों पर अमेरिकी कार्रवाई में साथ दिया था। हालांकि, रियाद लगातार अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत से विवाद का समाधान करने पर जोर दे रहा था। इसी क्रम में सऊदी रक्षा मंत्री और क्राउन प्रिंस के भाई खालिद बिन सलमान बुधवार को वॉशिंगटन पहुंचे थे। उन्होंने ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अलग-अलग मुलाकात कर ईरान रणनीति पर चर्चा की।

# इस्राइल को ईरानी हमले से बचा पाएगा अमेरिका?



**वाशिंगटन।** ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिका की रक्षा तैयारियों को लेकर बड़ी चिंता सामने आई है। अमेरिकी यूरोपीय कमान के प्रमुख जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच ने पेंटागन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना के पास अब इतने युद्धपोत और इंटरसेप्टर मिसाइलें नहीं बची हैं कि वह लंबे समय तक ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से इस्राइल की रक्षा करता रहे।

- युद्धपोत कम, मिसाइलें घटीं
- शीर्ष जनरल की पेंटागन को चेतावनी

इस्राइल की तुलना में अमेरिका ने खर्चीं ज्यादा मिसाइलें: रिपोर्ट

वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, जनरल ग्रिनकेविच ने भूमध्य सागर में एक और अमेरिकी विध्वंसक तैनात करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को भविष्य में एक कठिन फैसला लेना पड़ सकता है। उसे यह तय करना होगा कि वह अपनी मातृभूमि की सुरक्षा को प्राथमिकता दे या फिर इस्राइल की रक्षा के लिए अपने संसाधन खर्च करता रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध के दौरान अमेरिका ने इस्राइल की तुलना में कहीं ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दागी हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने के लिए किया गया।

रक्षा मामलों से जुड़े थिंक टैंक सीएसआईएस और अमेरिकी रक्षा विभाग के आंतरिक आकलन के अनुसार, अमेरिका के कई अहम मिसाइल सिस्टम का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल हो चुका है। इनमें थाड और पेट्रियट जैसे एयर डिफेंस सिस्टम के करीब 50 फीसदी इंटरसेप्टर खर्च हो चुके हैं। इसके अलावा प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल, टॉमहॉक क्रूज मिसाइल, जेएएसएसएम और एसएम-3/एसएम-6 जैसी मिसाइलों के भंडार में भी कमी आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अत्याधुनिक मिसाइलों का उत्पादन आसान नहीं है। युद्ध के दौरान खर्च हुए हथियारों की भरपाई करने और पुराने स्तर का स्टॉक तैयार करने में अमेरिकी सेना को कई साल लग सकते हैं। यही वजह है कि रक्षा विशेषज्ञ भविष्य में किसी नए बड़े संघर्ष की स्थिति में अमेरिका की तैयारियों को लेकर चिंता जता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर पश्चिम एशिया के अलावा दुनिया के किसी अन्य क्षेत्र में भी बड़ा सैन्य संकट पैदा होता है, तो अमेरिका के लिए एक साथ कई मोर्चों पर जवाब देना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में उसके सीमित मिसाइल भंडार और युद्धपोतों की उपलब्धता बड़ी चुनौती बन सकती है।


# अमेरिकी रेस्तरां के भीतर गोलीबारी, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के आइडाहो राज्य के ट्विन फॉल्स शहर में शनिवार दोपहर एक इन-एन-आउट बर्गर रेस्तरां के अंदर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर भी मारा गया है और फिलहाल समुदाय के लिए किसी तरह का खतरा नहीं बचा है। हालांकि, मरने और घायलों की सही संख्या अभी जारी नहीं की गई है। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी शहर के सबसे व्यस्त कारोबारी इलाके में हुई। घटना के समय रेस्तरां और आसपास काफी लोग मौजूद थे। कई पुलिस एजेंसियां और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की। मेडिकल टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और इलाज शुरू किया। ट्विन फॉल्स पुलिस प्रमुख मैथ्यू हिक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें भरोसा है कि अब समुदाय के लिए खतरा खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हमलावर घटनास्थल के पास ही मृत मिला। पुलिस उसकी पहचान और हमले के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है। हिक्स ने कहा कि घटनास्थल पर काफी अफरा-तफरी थी और मृतकों व घायलों की सही संख्या बताने से पहले उनके परिवारों को सूचना देना जरूरी है।

- दो घायल, हमलावर ढेर

## चेतावनी : सिंधु जल संधि पर भारत की दो टूक

# पाक ने खुद गिराई अपनी साख, पहले खत्म करे आतंकवाद



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) सद्भावना और मित्रता की भावना के साथ की गई थी, लेकिन पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों में इस भावना को लगातार कमजोर किया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा संधि को स्थगित रखने का फैसला केवल उस वास्तविकता को स्वीकार करना है, जिसे पाकिस्तान के व्यवहार ने पहले ही नष्ट कर दिया था।

क्वात्रा ने यह बात न्यूजवीक पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख में कही। क्वात्रा ने लिखा, 'यह याद रखना चाहिए कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे 'सद्भावना और मित्रता की भावना' से संपन्न किया गया था। पाकिस्तान ने आधी सदी तक इस सद्भावना और मित्रता को खत्म करने का काम किया। संधि को स्थगित रखने का फैसला केवल उसी स्थिति को स्वीकार करता है, जिसे पाकिस्तान के आचरण ने पहले ही नष्ट कर दिया था।' 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सिंधु जल संधि के तहत भारत को सिंधु बेसिन की छह नदियों में से तीन पर नियंत्रण मिला, जिनमें कुल जल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा बहता है। वहीं, पाकिस्तान को उन नदियों पर अधिकार मिला, जिनमें करीब 80 प्रतिशत पानी बहता है।

क्वात्रा ने कहा कि इस असंतुलन के कारण भारत के कई क्षेत्रों का विकास लंबे समय तक प्रभावित रहा, फिर भी भारत ने संधि का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में पाकिस्तान ने 1965, 1971 और 1999 में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़े। इसके अलावा उसने सीमा पार आतंकवाद जारी रखा, जिसमें 2001 का संसद हमला, 2008 का मुंबई आतंकी हमला, 2016 के उरी और पठानकोट हमले, 2019 का पुलवामा हमला और 2025 का पहलगाम आतंकी हमला शामिल हैं। क्वात्रा ने कहा कि अगर पाकिस्तान वास्तव में भारत के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर सहयोग चाहता है, तो उसे सबसे पहले वर्षों में खड़े किए गए आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा।

## एक नज़र

### मॉस्को के रेस्तरां में बम धमाका

विस्फोटक ले जा रही महिला समेत तीन की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को के मध्य क्षेत्र में स्थित एक रेस्तरां में शनिवार को हुए बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों में विस्फोट करने वाली महिला भी शामिल है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, मॉस्को के कुड्रिन्स्काया स्क्वायर स्थित रेस्तरां में हुए इस विस्फोट में कम से कम 21 लोग घायल भी हुए हैं। आरआईए नोवोस्ती ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि एक अज्ञात महिला कथित तौर पर विस्फोटक उपकरण को रेस्तरां के भीतर ले जाने की कोशिश कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने महिला को अंदर जाने से रोक दिया। इसी दौरान विस्फोट हो गया। इस धमाके में महिला, सुरक्षा गार्ड और रेस्तरां में मौजूद एक ग्राहक की मौत हो गई। रूसी समाचार एजेंसी के मुताबिक, मॉस्को जांच समिति ने कहा है कि विस्फोट के कारणों और घटना की सभी परिस्थितियों की जांच की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को की मशहूर स्टालिन-युग की गगनचुंबी इमारतों में से एक में स्थित इस रेस्तरां में एक निजी समारोह आयोजित किया जा रहा था।

### पेरू में विमान हादसा, 13 मरे

**लीमा।** पेरू में शनिवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। समाचार एजेंसी अल जज़ीरा ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। विमान यात्रियों को प्रसिद्ध नाजका लाइन्स दिखाने ले जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में अधिकतर पर्यटक थे। विमान दुर्घटना के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारी- मेजर जॉर्ज एंड्रेड ने कहा कि 11 यात्री और दो चालक दल के सदस्य मारे गए हैं। दुर्घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय मीडिया के हवाले से आई खबरों में बताया गया कि विमान क्रैश होने के बाद तुरंत आग लग गई। तत्काल राहत और बचाव अभियान चलाना असंभव हो गया। विमान ने इका विभाग के पिस्को से उड़ान भरी थी। दुर्घटनाग्रस्त विमान पेरू के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने वाली ऑपरेटर एयरोडियाना के बेड़े का था। दुर्घटना के कारणों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। दरअसल, पेरू प्रमुख अंतरराष्ट्रीय यात्रा गंतव्य है, जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है। नाजका लाइन्स देश के दक्षिणी तट के पास रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित हैं, जो एंडीज पर्वत श्रृंखला के किनारे फैली हुई हैं। 500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वी के बीच की इन आकृतियों को यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल घोषित कर रखा है। यूनेस्को इन्हें 'पुरातत्व के सबसे बड़े रहस्यों में से एक' बताता है।

### नगालैंड में कूरियर से कोकीन तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**दीमापुर (नगालैंड)।** नगालैंड पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो कथित तौर पर व्यावसायिक कूरियर और पार्सल सेवाओं के जरिए कोकीन मंगाकर उसकी तस्करी करता था। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह कोकीन आपूर्तिकर्ताओं, संचालकों और वितरण एजेंटों की सुव्यवस्थित एवं संगठित श्रृंखला के माध्यम से संचालित हो रहा था। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच से संकेत मिले हैं कि यह गिरोह पूरी तरह सुनियोजित तरीके से काम करता था। इसमें मादक पदार्थों की खरीद, भुगतान की बहुस्तरीय व्यवस्था, अंतरराज्यीय परिवहन, कूरियर के माध्यम से आपूर्ति और स्थानीय स्तर पर वितरण के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय थीं। इस मामले के दो अन्य आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गिरोह के अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का भी पता चला है।

# 'समुद्री रक्षक': स्वदेशी डीएससी ए24 पानी में उतरा




**कोलकाता।** भारतीय नौसेना को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। नौसेना का नया पोत 'डीएससी ए24' पानी में उतर चुका है। इसे कोलकाता के टीटागढ़ शिपयार्ड में लॉन्च किया गया। यह पोत देश में ही तैयार किया गया है। इससे हमारी समुद्री सुरक्षा को नई ताकत मिलेगी। नौसेना के कार्मिक प्रमुख वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। उनके साथ कई बड़े सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पोत को हुगली नदी के पानी में उतारा गया। यह जहाज डीएससी (डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट) प्रोजेक्ट का पांचवां पोत है। यह इस पूरी श्रृंखला का आखिरी पोत भी है। इसे 'यार्ड 329' के नाम से भी जाना जाता है। इसका निर्माण टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने किया है। इस पोत को 'कैटामरन-हल' डिजाइन पर बनाया गया है। यानी इसमें एक की जगह दो समानांतर पतवार लगे हैं। इस वजह से यह पानी में तेजी से संतुलित रहता है। समुद्र की तेज लहरों में भी इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचता। इसका वजन लगभग 300 से 400 टन है। डीएससी ए24 पूरी तरह भारत में बने उपकरणों से लैस है। इसमें 70 प्रतिशत मुख्य उपकरण देश की अपनी कंपनियों के हैं।

- देश की समुद्री सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत

# ओमान के तट पर फंसे तेल टैंकर से रिसाव बढ़ा



**मस्कट।** ओमान के तट पर फंसे एक प्रतिबंधित तेल टैंकर से कच्चे तेल का रिसाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। हाल की उपग्रह तस्वीरों में समुद्र की सतह पर तेल की परत फैलती दिखाई दी है। यह टैंकर समुद्री संरक्षित क्षेत्र के पास फंसा हुआ है, जिससे पर्यावरण को लेकर चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते टैंकर को नहीं हटाया गया और उसका ढांचा टूट गया तो बड़ा तेल रिसाव हो सकता है, जिससे समुद्री जीवों और तटीय इलाकों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। उपग्रह तस्वीरों के अनुसार तेल की पतली परत करीब 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल चुकी है। ओमान के धोफार क्षेत्र के किब्लियाह द्वीप के तट पर भी कच्चे तेल के धब्बे दिखाई दिए हैं। यह द्वीप हल्लानियात द्वीप समूह का हिस्सा है। पर्यावरण विशेषज्ञ विम ज्वाइनेनबर्ग ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से टैंकर से कम मात्रा में लगातार तेल निकल रहा है और अब इसका फैलाव धीरे-धीरे बढ़ रहा है। उनके अनुसार हाल के दिनों में रिसाव की मात्रा पहले की तुलना में अधिक दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ा खतरा यह है कि तेज हवाओं और समुद्री लहरों के कारण टैंकर का ढांचा टूट सकता है। मई से सितंबर तक चलने वाले मानसून के दौरान इस इलाके में समुद्र काफी उग्र रहता है। विम ज्वाइनेनबर्ग का अनुमान है कि टैंकर में आठ लाख बैरल से अधिक कच्चा तेल मौजूद है। यदि पूरा तेल समुद्र में फैल गया तो यह क्षेत्र बड़े पर्यावरणीय संकट का सामना कर सकता है।

- समुद्री संरक्षित क्षेत्र पर संकट मंडरा रहा

शोध


## रोमांचक यात्रा जरूरी नहीं, किसी पार्क में कुछ मिनट बिताना भी सुकूनदेह

# मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए प्रकृति के बीच बिताएं कुछ पल




**रिचमंड (अमेरिका)।** आज की कामकाजी जिंदगी का अधिकांश हिस्सा चारदीवारी के भीतर गुजरता है। घंटों का सफर, लगातार बैठकें और कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता दिन- इन सबके बीच प्रकृति के लिए समय निकालना किसी विलासिता जैसा लगने लगता है। कई लोगों को लगता है कि प्रकृति का आनंद तभी मिलता है, जब लंबी छुट्टी लेकर पहाड़ों पर 'ट्रैकिंग' की जाए या जंगलों में 'कैंप' लगाया जाए। लेकिन अब शोध कुछ और ही कहानी कहते हैं। वे बताते हैं कि प्रकृति का लाभ उठाने के लिए किसी रोमांचक यात्रा पर जाना जरूरी नहीं है। घर या दफ्तर के आसपास मौजूद किसी पार्क या हरियाली के बीच रोज कुछ मिनट बिताना भी तनाव कम करने, मन को शांत रखने और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए काफी हो सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ रिचमंड के प्रोफेसर टॉड लुकिंबिल बताते हैं कि साल 2026 की वसंत ऋतु में मुझे डेनमार्क में शहरी परिदृश्य के बारे में पढ़ाने और उनका अध्ययन करने का अवसर मिला। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में गिने जाने वाले डेनमार्क से मुझे पहले से ही सुंदर पार्क, खुले आंगनों और साइकिल चलाने के लिए बने रास्तों की उम्मीद थी। वहां यह सब तो मिला ही, लेकिन जिसने सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह यह था कि लोग इन हरित स्थानों का इस्तेमाल अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का स्वाभाविक हिस्सा मानते हैं। ये पार्क केवल छुट्टी बिताने या खास मौकों के लिए सुरक्षित जगहें नहीं थे। लोग यहां दोपहर का भोजन करते, दोस्तों से मिलते, दफ्तर से लौटते समय पैदल गुजरते या कुछ पल शांति से बैठकर सुकून महसूस करते थे। ऐसा लगता था जैसे खुले वातावरण में समय बिताना उनकी दिनचर्या का स्वाभाविक हिस्सा हो। डेनमार्क में यह संस्कृति केवल अच्छी योजना बनाकर बनाए गए उद्यानों की वजह से नहीं बनी, बल्कि इसलिए भी कि वहां हरियाली को लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में इस तरह पिरोया गया है कि प्रकृति उनके दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। रोज पार्क जाने से मिलने वाले फायदे : प्रकृति के बीच समय बिताने से स्वास्थ्य को होने वाले लाभों के प्रमाण अब इतने मजबूत हो चुके हैं कि दुनिया के कई देशों की सार्वजनिक नीतियों पर भी उनका असर दिखने लगा है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में नेशनल पार्क सर्विस की 'हेल्दी पार्क्स हेल्दी पीपल' और पार्कआरएक्स' जैसी पहलें इस सोच को बढ़ावा देती हैं कि पार्क तक आसान पहुंच लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हालांकि, अधिकतर अमेरिकी जब 'पार्क' शब्द सुनते हैं, तो उनके मन में सबसे पहले येलोस्टोन, योसेमिटी या ग्रैंड कैन्यन जैसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों की तस्वीर उभरती है। लेकिन सच यह है कि स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक लाभ उन पार्कों से मिलता है, जहां लोग जीवन में एक बार नहीं, बल्कि बार-बार जा सकें। यानी घर या दफ्तर के पास मौजूद छोटे-छोटे पार्क, हरित क्षेत्र और खुले स्थान कहीं अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। मैंने अपने शोध में भी यही बात साबित की। मैंने अमेरिकी गृहयुद्ध के ऐतिहासिक युद्धस्थलों पर विकसित या संरक्षित पार्कों का अध्ययन किया।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089